C O N T E N T S

Sixteenth Series, Vol.VIII, Fourth Session, 2015/1936 (Saka)
No.11, Tuesday, March10, 2015/Phalguna 19, 1936 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question No.181 to 186	12-68
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 187 to 200	69-118
Unstarred Question Nos. 2071 to 2300	119-640

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 641-642

REPORT ON THE PARTICIPATION OF INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION AT THE 130TH ASSEMBLY OF THE INTER-PARLIAMENTARY UNION (IPU) 643

COMMITTEE ON PETITIONS
1st to 3rd Reports 643

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE
13th Report 643-644

SUBMISSION BY MEMBER
Re: Increasing incidents of theft at MPs residences 664

MATTERS UNDER RULE 377 676-695

(i) Need to provide adequate compensation to farmers who suffered damages to their crops due to recent unseasonal rains and hailstorms in the northern region of the country particularly in Ambala Parliamentary Constituency, Haryana
Shri Rattan Lal Kataria 677

(ii) Need to set up a Krishi Vigyan Kendra along river Tapi in Bardoli Parliamentary Constituency, Gujarat
Shri Prabhubhai Nagarbhai Vasava 678

(iii) Need to permit farmers of villages falling under the army camp area in Pulgaon in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra to utilize their land for earning their livelihood
Shri Ramdas C. Tadas 679

(iv)	Need to formulate policy and programmes to improve the agricultural productivity and income of farmers in the country	
	Shri Rahul Kaswan	680
(v)	Need to consider cultivation of betel leave as an agricultural activity and extend necessary benefits to betel leave growers in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh	
	Kunwar Pushpendra Singh Chandel	681
(vi)	Need to provide subsidy for natural fertilizers	
	Shri P.P. Chaudhary	682
(vii)	Need to organize exhibitions for demonstration and promotion of the achievements of students in the field of science and technology	
	Shrimati Darshana Vikram Jardosh	683
(viii)	Need to ensure active participation of Members of Parliament in planning, execution and monitoring of Centrally sponsored development schemes in the State	
	Shrimati Rama Devi	684
(ix)	Need to provide adequate funds for construction of Gaya-Bodhgaya-Chatra railway line	
	Shri Sunil Kumar Singh	685
(x)	Need to include Jabalpur in the tourist circuit in Madhya Pradesh	
	Shri Rakesh Singh	686

(xi) Need to provide free electricity for operation of motor pumps for supply of drinking water in Chhattisgarh

Shri Tamradhwaj Sahu 687

(xii) Need to allocate funds for gauge-Conversion of railway line between Madurai and Bodinayakkanur and construction of new railway line between Dindigul-Sabarimala

Shri R. Parthipan 688

(xiii) Need to accord approval to the proposal of government of Tamil Nadu for construction of dams at Nallar and Anamalaiar in the State

Shri C. Mahendran 689

(xiv) Need to relax the conditions of eligibility for Indira Gandhi National Disability Pension Scheme

Shri Suvendu Adhikari 690

(xv) Need to release the funds allotted for various flagship schemes meant for Odisha

Shri Bhartruhari Mahtab 691

(xvi) Need to confer rights to Members of Parliament regarding construction of roads under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana

Shri Rama Kishore Singh 692

(xvii) Need to revive the closed sugar mills in Bihar and also provide a special package for development of silk industry in Bhagalpur in the State

Shri Kaushalendra Kumar 693

(xviii) Need to set up a AIIMS like institute in Bhagalpur, Bihar

Shri Shailesh Kumar 694

(xix) Need to safeguard the life and livelihood of people living in and around the Bodi area of Western Ghats selected for the proposed India-based Neutrino Observatory

Adv. Joice George 695

STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT (AMENDMENT) ORDINANCE, 2014

AND

RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT (AMENDMENT) BILL , 2015 696-1039

Shri Pralhad Singh Patel 696-699

Shri Gaurav Gogoi 700-701

Shri Ranjit Singh Brahmpura 702-704

Shri H.D. Devegowda 705-716

Shri Dinesh Trivedi 717-721

Shri Chirag Paswan 722-724

Kunwar Bharatendra Singh 725-726

Shri Dushyant Chautala 727-729

Shrimati Anupriya Patel 730-732

Shri Vijay Kumar Hansdak 733-734

Shri Dileep Singh Bhuria 735-736

Shri Thota Narasimham 737-740
Shri Santosh Kumar 741-743
Shri Om Birla 744-745
Shri P.V. Midhun Reddy 746-747
Shri Asaduddin Owaisi 748-750
Shri P.P. Chaudhary 751-752
Shri N.K. Premachandran 753-757
Dr. Ramesh Pokhriyal Nishank 758-759
Shri Raju Shetty 760-761
Shri Ratan Lal Kataria 762-763
Adv. Joice George 764-765
Shri Deepender Singh Hooda 766-770
Shri Nandkumar Singh Chauhan 771-772
Shri Chaudhary Birender Singh 773-1037
Clauses 2 to 12 and 1 812-1037
Motion to pass 1037-1038

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions 1040
Member-wise Index to Unstarred Questions 1041-1046

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions 1047
Ministry-wise Index to Unstarred Questions 1048

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Prahlad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Tuesday, March 10, 2015/Phalguna 19, 1936 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष महोदया, हमने स्वाइन फ्लू पर नोटिस दिया है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझे आपका नोटिस मिला है। मैं आपको बारह बजे बोलने का मौका दूंगी।

11.01 hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

(Q. 181)

श्री राहुल शेवाले: अध्यक्ष महोदया, मैं प्रश्न पूछने से पहले अपनी बात रखना चाहता हूं कि समाज के लिए जो व्यक्ति खतरा है, जिन्हें हम अपराधी कहते हैं, उन्हें हम समाज से अलग जेलों में रखते हैं और यह प्रयास करते हैं कि उनमें सुधार हो। हम उन्हें किसी कार्य में प्रशिक्षित करने का भी प्रयास करते हैं, ताकि बाहर आकर वे कुछ सकारात्मक कार्य कर सकें और उनके जीवन में सुधार हो सके।

माननीय मंत्री जी ने प्रश्न के उत्तर में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा की गयी मॉडल जेल मैनुअल, 2003 को समुचित रूप से संशोधित करने का जिक्र किया है। मैं पूछना चाहता हूं कि उससे कितना काम हुआ है और क्या-क्या सुधार हुआ है?

अध्यक्ष महोदया, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि रिसोर्सफुल लोग कभी मेडिकल ग्राउंड पर तो कभी पारिवारिक दायित्व के नाम पर पैरोल का लाभ उठाते हैं, जैसे महाराष्ट्र में संजय दत्त का केस है। उसमें भी पैरोल का मिसयूज किया गया। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि पैरोल के मिसयूज को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

श्री किरेन रिजीजू : अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने कुछ स्पेसीफिक प्रश्न पूछा है। अगर पैरोल का मिसयूज हुआ है तो वहां कोर्ट है। अब जेल का मामला राज्य सरकार के अधीन आता है। किसी स्पेसीफिक मामले में अगर मिसयूज हुआ है तो वह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। क्योंकि अगर कोर्ट के माध्यम से किसी ने पैरोल का लाभ उठाया है तो मैं उसका जवाब नहीं दे पाऊंगा। लेकिन जहां तक रिफार्म्स का सवाल है तो उस बारे में गृह मंत्रालय की तरफ से समय-समय पर हर राज्य को एडवाइजरी दी जाती है। नैशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की तरफ से हमें जो रिकमेंडेशन्स मिली है, उसे भी हमने राज्य सरकार को सूचित कर दिया है।

श्री राहुल शेवाले: अध्यक्ष महोदया, हमारे मनोवैज्ञानिक और शोध शास्त्री अपराधियों को कुछ श्रेणियों में बांटते हैं, जैसे जो अपने आस-पास के वातावरण के कारण अपराधी बनते हैं, जो किसी परिस्थिति के कारण अपराधी बनते हैं और कुछ मानसिक अपराधी होते हैं, जिनके सुधरने की उम्मीद कुछ कम होती है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि भारतीय जेलों में कुल कितने कैदी हैं और इन कैदियों पर सालाना कितना खर्चा किया जाता है? क्या हम तीसरी श्रेणी को को छोड़कर बाकी श्रेणियों के कैदियों को एक वर्क फोर्स के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, ताकि उनका सकारात्मक योगदान रहे?

श्री किरेन रिजीजू : माननीय अध्यक्ष जी, देश में कुल जेल की कैपिसिटी फिलहाल ओवरक्राउडिड है। जेल की जितनी कैपिसिटी है उससे ज्यादा लोग जेल में हैं। हमारी कोशिश है कि जितनी कैपिसिटी है, उसके हिसाब से ही हो। अंडर ट्रायल्स को जरूरत से ज्यादा समय में जेल में न रखा जाए। नैशनल एडवाइज़री कमेटी ऑन लीगल रिफार्म्स का मैं स्वयं सदस्य हूं, इसके माध्यम से हमारी कोशिश है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इसमें डायरेक्शन दी है कि जेल में जो लोग रहें, उनकी देखभाल अच्छी तरह से हो और सही मायने में कानून व्यवस्था का भी प्रावधान हो। हम इसकी भी व्यवस्था कर रहे हैं।

श्री विनायक भाऊराव राऊत: माननीय अध्यक्ष जी, अच्छे इंसानों के हाथों से भी कभी अनजाने में अपराध हो जाते हैं। जब जेल में इस तरह के अपराधी जाते हैं तो बच्चों सहित सारा परिवार प्रभावित होता है। समाज में भी उनकी छवि खराब हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में दुर्भाग्य से उनके बच्चों का झुकाव अपराध की ओर हो जाता है। ऐसे अपराधियों के बच्चे भी देश के भविष्य का आधार हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि इनके विकास के लिए क्या सरकार ने कोई प्रावधान किया है? यदि किया है, तो वह क्या है?

श्री किरेन रिजीजू: माननीय अध्यक्ष जी, जेलों का अलग-अलग प्रावधान है। बहुत सी कमेटियों की रिपोर्ट भी आई है। जहां तक बच्चों का सवाल है, खास तौर से महिलाओं और उनके छोटे बच्चों के लिए भी प्रावधान किया गया है। ऐसी बहुत सी व्यवस्था की गई है ताकि बच्चों का मां से रिश्ता बना रहे, मैं माननीय सदस्य को इसकी डिटेल दे सकता हूं। मैं बच्चों की देखभाल और अन्य मसलों से संबंधित उचित कदम उठाने के बारे में सुझाव दे सकता हूं।

SHRI FEROZE VARUN GANDHI: I want to refer the Justice Mulla Committee report on prison reforms 1982-83 which had advocated for the rights, welfare and rehabilitation of our custodial population. It had suggested that a prison management cadre be instituted. So I just want to ask the hon. Minister as to the steps the Government is taking in this regard.

SHRI KIREN RIJIJU: Madam, besides Justice Mulla committee, there is another committee that is Justice Krishna Iyer Committee which had spoken about the issue raised by the hon. Member. As I had mentioned earlier, jail being a State subject, separate cadre if required needs to be instituted but so far what we have observed is that a majority of States and Union Territories have not fully adopted the Prison Manual which we had issued Recently, the National Human Rights Commission had made a series of recommendations based on which the Minister of Home Affairs has also written to States reminding them of the responsibilities and I can assure the hon. Member that the point raised by him will be taken up because these are not being followed strictly by all the States and Union Territories.

श्री गौरव गोगोई: माननीय अध्यक्ष जी, कल ही हमने संसद में चर्चा की थी कि दीमापुर की सैंट्रल जेल में 5,000 युवकों ने कैदी की जेल को तोड़कर बाहर निकाल लिया। यह प्रश्न प्रेजेंट रिफार्म के साथ जुड़ा है। माननीय मंत्री यहां उपस्थित हैं। 5,000 लोगों ने जाकर, मॉब ने जाकर एक व्यक्ति को जेल से छुड़ाकर मारा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उन्होंने स्टडी की है कि प्रेजेंट सिक्योरिटी में क्या फेल्योर था? देश में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए मंत्रालय जेल में किस तरह का रिफार्म लाएगा? यह घटना क्यों हुई? सिक्योरिटी में क्या लैप्सिस थे? इस तरह की घटना किसी के साथ न हो, इसके लिए मंत्रालय क्या करेगा?

श्री किरेन रिजीजू : माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने अभी पिछली 5 तारीख की घटना के बारे में जिक्र किया है, उस घटना के बारे में मैं डिटेल में तो नहीं बता पाऊँगा, क्योंकि हमने उसके बारे में रिपोर्ट मांगी है। यह सही बात है कि कम से कम पाँच हजार लोग जेल में गये और अंडर ट्रायल कैदियों को पकड़कर बाहर लाये और पब्लिकली जो घटना हुई है, उसकी जानकारी हम सबको, इस सदन को और पूरे देश को है, लेकिन मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि कपूर कमेटी, जिसका गठन वर्ष 1986 में हुआ, उसमें स्पेशियली सिक्योरिटी मेज़र्स के बारे में रिक्मेंड किया गया है। जेल में किस तरह का सिक्योरिटी मेज़र्स रखना चाहिए, ताकि वे सिक्योर्ड हों क्योंकि जेल से भागने या फरार होने के केसेज़ भी आते हैं और ऐसी घटना, जो बहुत ही कम होती है, जो मॉब के आने की घटना है, यह हम लोगों के लिए एक बहुत ही विचित्र घटना है कि जेल में इतने लोग घुसकर कैदी को बाहर लेकर आ सकते हैं। उसके बारे में कार्रवाई तो की गई है। वहाँ के डिप्टी कमीश्नर, सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस और जेल के सीनियर

सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस को सस्पेंड कर दिया गया है और भविष्य में ऐसी घटना न हो, हम लोग इसका ध्यान रखेंगे और राज्य सरकार के अधीन जो क्षेत्र आते हैं, उनके बारे में भी हम एडवाइज़री जरूर देंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

DR. MAMTAZ SANGHAMITA: Respected Madam, thank you for allowing me. I just want to know whether there is any project regarding the survey and regarding psychoanalysis of criminals especially in the context of recent increase in incidents of sexual assault as well as violent attacks and murders. If so, what actions are being taken to change their attitude or mindset, what is the fund allocated to each State for that purpose and is the Government thinking about doing so in the near future?

SHRI KIREN RIJIJU: Madam, the question is not directly related to the principal question asked but regarding finance, the Thirteenth Finance Commission had recommended financial provisions for limited States only and after 2009 the Centre has stopped funding or financial support for implementation of jail or prison reforms. The Fourteenth Finance Commission has also talked about larger fiscal space for the States to take care of their activities, especially related to prison reforms. Whatever additional information the hon. Member has asked, we can provide it later. But for the moment, I would like to state that the question is not directly related to the principal question.

(Q. 182)

श्री रत्न लाल कटारिया: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा, पहले तो मैं इन्हें बधाई देना चाहूंगा कि पिछले वर्ष मानसून 15-20 प्रतिशत कम रहा, लेकिन उसके बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में साढ़े आठ लाख टन अधिक अनाज की पैदावार भारतवर्ष में हुई। इसमें इस सरकार ने बहुत बड़ा योगदान दिया है।

माननीय मंत्री जी ने बहुत-सी योजनाओं का वर्णन किया है, जिन्हें भारत के किसानों के लिए हमारी सरकार ने जारी की हैं। मुझे हैरानी होती है कि नेशनल सैम्पल सर्वे की जो रिपोर्ट आई है, उसके अंतर्गत कहा गया है कि 59 परसेंट किसानों को उन योजनाओं के बारे में अब भी जानकारी नहीं है, जो उनके हित के लिए बनाई गई हैं। छोटे किसानों तक भी इन योजनाओं की पहुंच हो, उसके लिए क्या किया गया है? करनाल में 12वीं एग्रीकल्चरल साइंस कांग्रेस की कान्फ्रेंस किसानों के हितों को ले कर हुई है, उसके अंदर जो इश्यूज उठे हैं, वे मार्जिनल किसान का भला कर सकें, उसके बारे में सरकार की क्या नीति है, इस बारे में सदन को अवगत कराया जाए?

डॉ. संजीव बालियान : अध्यक्षा जी, माननीय सदस्य ने इस प्रश्न के माध्यम से अपनी चिंता व्यक्त की है। केंद्र सरकार के पास किसानों तक अपनी बात पहुंचाने का कृषि विज्ञान केंद्र एक माध्यम है। हर जिले में एक ही कृषि विज्ञान केंद्र है। इसके अलावा कृषि राज्य का विषय है इसलिए किसानों तक योजनाओं को पहुंचाने की ज्यादा जवाबदेही प्रदेश सरकार की होती है। केंद्र सरकार इसमें लगातार सहयोग करती रहती है। माननीय सदस्य ने जैसा जिक्र किया है, 12वीं एग्रीकल्चरल साइंस कांग्रेस की कान्फ्रेंस तीन से छह फरवरी को करनाल में आयोजित हुई थी। उसने काफी अनुशंसाएं की हैं। इन अनुशंसाओं से पहले भी केंद्र सरकार की तरफ से कुछ योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। अट्रेक्टिंग एंड रिटेंशन आफ यूथ इन एग्रीकल्चर (आर्या) स्कीम केंद्र सरकार ने शुरू की है। इंडिजिनस एनिमल्स को बढ़ावा देने के लिए गोकुल मिशन शुरू किया है। सोयल हैल्थ कार्ड प्रधानमंत्री की योजना है, इस तरह की योजनाएं पहले भी शुरू की जा चुकी हैं। इसकी स्टडी होने के बाद योजनाएं जल्दी ही शुरू की जाएंगी।

श्री रत्न लाल कटारिया : अध्यक्ष जी, वैसे तो इस वर्ष भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने सिंचाई योजना के अंतर्गत एक हजार करोड़ रुपया सिंचाई के लिए बजट में रखा है। मैं आदरणीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या कारण है कि देश की आजादी के बाद 70 हजार करोड़ रुपया सिंचाई परियोजनाओं पर खर्च करने के पश्चात् भी हमारे देश का 35 प्रतिशत एरिया ही क्यों सिंचित है? विकसित राष्ट्रों में 90 प्रतिशत खेती मशीनीकरण द्वारा आधुनिक तरीके से कर रहे हैं। भारत में यह खेती केवल 40 प्रतिशत ही क्यों है?

खेती के विकास के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलोजी रांची में खोला गया है और नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बायोटेक स्ट्रेस मनेजमेंट रायपुर में खोला गया है।

मैं हरियाणा प्रदेश से आता हूं और हिंदुस्तान के खाद्यान्न भंडार में हरियाणा सैकेंड लार्जेस्ट स्टेट है। मेरा लोकसभा क्षेत्र अम्बाला आरक्षित क्षेत्र है और खाद्यान्न उत्पादन में रिकार्ड तोड़ उत्पादन करता है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या टेक्नोलोजी पर आधारित इस प्रकार का कोई इंस्टीट्यूशन खोला जाएगा, जिससे किसानों की उपज बढ़ सके, उन्हें बढ़िया किस्म के बीज मिल सकें और बढ़िया किस्म के उर्वरक उन्हें मिल सकें? क्या सरकार की कोई योजना मेरे लोकसभा क्षेत्र के लिए है?

डॉ. संजीव बालियान : माननीय सदस्य ने एक सवाल में ही बहुत सारे सवाल पूछ लिए हैं। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि इस वर्ष प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में एक हजार करोड़ रुपया नहीं बल्कि 5300 करोड़ रुपयों का प्रावधान रखा गया है। मैं माननीय सदस्य को यह नहीं बता सकता हूं कि 70 हजार करोड़ रुपया खर्च होने के बावजूद भी अब तक हम सिंचाई तक निश्चित टार्गेट तक क्यों नहीं पहुंच पाए हैं। माननीय सदस्य ने पिछले 67 वर्षों का इतिहास मुझसे पूछा है, शायद वह मैं उन्हें न बता पाऊं।

मैं माननीय सदस्य को यह जरूर बताना चाहता हूं कि देश के अंदर कृषि में मशीनीकरण को जरूर बढ़ावा मिल रहा है। माननीय सदस्य ने दो इंस्टीट्यूट्स की बात कही है। एक इंस्टीट्यूट वीट्स और पैस्ट मनेजमेंट के लिए खोला गया है और दूसरा इंस्टीट्यूट एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलोजी का नई टेक्नोलोजी एग्रीकल्चर में नए सीड्स प्रोडक्शन, नए हाई ब्रीड सीड के लिए खोला गया है।

माननीय सदस्य ने जहां तक अपने संसदीय क्षेत्र की बात कही है, अभी-अभी हरियाणा में हार्टिकल्चर यूनीवर्सिटी खोलने का पिछले बजट में प्रावधान हुआ है।

श्री रत्न लाल कटारिया: आप अम्बाला के लिए घोषणा कर दीजिए।

डॉ. संजीव बालियान : मैं यह घोषणा नहीं कर सकता हूं, बल्कि प्रदेश सरकार यह घोषणा करेगी कि वह अम्बाला में खुलेगी या कहीं और खुलेगी, लेकिन हरियाणा में हार्टिकल्चर यूनीवर्सिटी खुलेगी। पहले भी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में है, जहां से मैं स्वयं पढ़ा हूं।

श्री रत्न लाल कटारिया: आप अम्बाला के लिए कुछ और दे दीजिए।

डॉ. संजीव बालियान : धन्यवाद।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव: माननीय अध्यक्ष महोदया, जो रिपोर्ट आई है, उसे हम लोगों ने देखा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि बिहार में डेयरी उद्योग, मत्स्य पालन और कुक्कुट पालन की दिशा में अभी तक क्या प्रयास किया गया है एवं कितने केन्द्र के द्वारा धनराशि मुहैया की गयी?

डॉ. संजीव बालियान : महोदया, माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है, उसका सीधा सम्बन्ध इस प्रश्न से नहीं है। उन्हें आंकडों की जानकारी चाहिए, मैं बिहार के सम्बन्ध में ये आंकड़े उनको अलग से मुहैया करा दूंगा क्योंकि इस प्रश्न से उन आंकड़ों का कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है।

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी : अध्यक्ष महोदया, कृषि मंत्री जी ने जो जानकारी दी है और जिस प्रकार से कांग्रेस हुई और उसमें चर्चा हुई, उसके बाद अलग-अलग दृष्टिकोण से खेती में उत्पादन हुआ, वैसा मछली में उत्पादन करने के लिए, अभी हाल ही में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने 95 करोड़ मुआवजा मत्स्य किसानों को देने का निर्णय दिया है। न्यायाधिकरण ने यह भी कहा कि इसे खेती का दर्जा देना चाहिए।

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या कृषि मंत्रालय मछली पालन व्यवसाय को खेती का दर्जा देने वाला है? इसके साथ-साथ, क्या आप उनको डीजल सब्सिडी देंगे, बोट देंगे या कोल्ड स्टोरेज देंगे और उसके एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए क्या कोई योजना बना रहे हैं?

डॉ. संजीव बालियान : महोदया, माननीय सदस्य ने फिश प्रोडक्शन के बारे में प्रश्न किया है, डीजल और बोट पर सब्सिडी देने की केन्द्र सरकार की योजना पहले से जारी है। जहां तक मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा देने की बात है, ऐसा कोई प्रस्ताव अभी तक सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : श्री वी.एलुमलाई ।

वैसे नियम 193 के तहत इस विषय पर चर्चा होनी है।

SHRI V. ELUMALAI: Hon. Speaker, Madam, thank you for allowing me. Our Makkal Mudhalvar, hon. Amma urged the Union Government to take necessary steps to get the Indian fishermen freed. The Government must prevent the harassment faced by our Indian fishermen. Indian vessels captured by the Sri Lankan Navy must be released.

I would like to know whether the Government is providing a package of Rs.1520 crore and Rs.10 crore per annum for the maintenance of deep fishing area along the Indian coast. This is necessary to protect the lives and livelihood of our Indian fishermen.

डॉ. संजीव बालियान : महोदया, माननीय सदस्य ने जो सवाल किया है, वह इस प्रश्न से सम्बन्धित नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : फिशिंग पर बहुत चर्चा हो चुकी है।

प्रश्न संख्या- 183, श्री संतोष कुमार ।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा : मैडम, मुझे भी एक पूरक प्रश्न पूछना है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एग्रेरियन क्राइसिस के बारे में नियम 193 के अन्तर्गत चर्चा होनी है।

...(व्यवधान)

(Q. 183)

श्री संतोष कुमार: अध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी का जवाब पढ़ने और देखने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन सरजमीन पर ऐसा दिखाई नहीं पड़ता है। जिस तरह का जवाब आया है, निश्चित रूप से सदन को गुमराह किया जा रहा है। जिले में गैर-सरकारी संगठन है, जो वित्तीय राशि के लिए रोना रोता है और कल्याणकारी योजना धनराशि के अभाव में पूरी नहीं हो पा रही है।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बिहार प्रदेश के प्रत्येक जिले में कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्या आप धनराशि उपलब्ध कराना चाहेंगे?

श्री थावर चंद गहलोत : अध्यक्ष महोदया, हमारे यहां हमारे विभाग की योजनाओं के तहत गैर-सरकारी संगठनों के प्रस्ताव आते हैं। वे प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से ऑनलाइन सिस्टम से आते हैं। हमारे पास आने के बाद हम उनके गुण-दोष पर विचार करते हैं। सही पाए जाने पर धनराशि स्वीकृत कर देते हैं और अगर सही नहीं पाए जाते हैं तो उनको निरस्त कर देते हैं। माननीय सदस्य पूरे जिलेवार बात कह रहे हैं, अगर वह कुछ स्पेसिफिक पूछना चाहें कि फलां एनजीओ ने प्रस्ताव दिया, उस पर कुछ हुआ या नहीं, तब मैं उसके बारे में जानकारी दे सकूंगा।

श्री संतोष कुमार: पिछले दिनों बिहार सरकार ने कई योजनाओं के प्रस्ताव भेजे हैं। जिन पर कुछ नहीं हुआ है।

माननीय अध्यक्ष: यह ठीक नहीं है, ऐसे नहीं होता है। आप पहले प्रश्न देखें, वह एनजीओज़ के बारे में है।

श्री संतोष कुमार: मैडम, आप आदेश दे दें कि जाकर मिलकर करवा लें।

माननीय अध्यक्ष: आपके पास दूसरा पूरक प्रश्न पूछने के लिए कुछ नहीं है। आप तारांकित प्रश्न डालते हैं तो उस पर अच्छी तरह से अभ्यास करके आया करें, फिर पूरक प्रश्न पूछें।

श्री निशिकान्त दुबे: अध्यक्ष महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं कि जो उत्तर है, यह कम है या नहीं के बराबर है। मैंने लिखित प्रश्न के भाग 'ग' में पूछा था कि क्या सरकार ऐसे गैर-सरकारी संगठनों की आवधिक रूप से समीक्षा/आकलन/निगरानी कराती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, समीक्षा के दौरान किन खामियों का पता चला तथा कितने गैर-सरकारी संगठनों को कारण बताओ सूचना जारी की गई/काली सूची में डाला गया है? उसकी भी अलग-अलग सूची मुहैया नहीं कराई गई। इसलिए यह एक गम्भीर मामला है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि अगली बार उत्तर देते हुए इसे मुहैया कराएं। एनजीओ एक व्यवसाय बन गया है। पिछले दो महीने में एनजीओ के बारे में यह मेरा तीसरा प्रश्न है और उसके उत्तर के लिए कभी गृह मंत्रालय से जवाब पूछना पड़ता है, कभी इन मंत्री जी से पूछना पड़ता

है। सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल दायर हुई। वह पीआईएल कहती है कि इस देश में 943 व्यक्तियों पर एक पुलिस कांस्टेबल है, जबकि देश में 500 व्यक्तियों पर एक एनजीओ है। इस देश में 25 लाख एनजीओज़ हैं और यह सीबीआई की रिपोर्ट है, जो सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई है। इसमें करीब 7,000 करोड़ रुपया है। इसका मतलब यह है कि पिछले छः साल में 7,000 करोड़ रुपया इन एनजीओज़ के पास गया यानि प्रत्येक साल करीब 1200 करोड़ रुपया प्रत्येक एनजीओ को दिया जाता है। इसके अलावा दो बिलियन यू.एस. डालर्स बाहर से एनजीओज़ को आता है यानि 8,000 करोड़ रुपया बाहर से आया है और 7,000 करोड़ रुपया इन्होंने दिया है। मेरे ही प्रश्न के जवाब में कहा गया कि उसमें एक पूर्व केन्द्रीय मंत्री शामिल हैं। दिल्ली प्रदेश सरकार के उप मुख्य मंत्री इसमें शामिल हैं, जिनका सेक्युलरिज्म के नाम पर एनजीओ है। मेरा कहना है कि इस सिचुएशन में जिन एनजीओज़ को काली सूची में डालने वाला सवाल है, क्या मंत्री महोदय को पता है कि लॉ कमीशन ने 2004 में एनजीओज़ के बारे में एक रिपोर्ट दाखिल की थी? उसमें सरकार को यह कहा गया कि जो मिसएप्रोप्रिएशन ऑफ फंड होता है, उसके लिए उन्होंने सीआरए बनाने के लिए अनुशंसा की। पिछली सरकार जो थी, वह एनजीओज़ से गाइडेड थी। सीआरए के बारे में जो लॉ कमीशन की रिपोर्ट है, उनके खिलाफ क्रिमनल प्रोसीडिंग चलाने का मामला उन्होंने हटाया था, उसे कानूनीजामा पहनाने के लिए एनजीओज़ के बारे में मंत्री जी क्या कर रहे हैं?

श्री थावर चंद गहलोत : अध्यक्ष महोदया, कितने प्रश्नों के उत्तर दूं, यदि आप कहें तो सभी के दे देता हूं। माननीय सदस्य ने पूछा है कि क्या कोई निगरानी तंत्र है और कहीं कोई अनियमितता पाई जाती है तो क्या कोई कार्रवाई करने की व्यवस्था है? मैं कहना चाहता हूं कि निश्चित रूप से निगरानी तंत्र भी है। अगर कहीं कोई अनियमितता पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की व्यवस्था भी है और हमने की भी है। सामान्यतः जब प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से आते हैं तो निगरानी की व्यवस्था, उसकी जांच-पड़ताल की व्यवस्था उनके ही अधिकार क्षेत्र में ज्यादा है। हमारे मंत्रालय की ओर से हमारे अधिकारी भी समय-समय पर जाकर सरप्राइज निरीक्षण भी करते हैं और रूटीन निरीक्षण भी करते हैं। सामान्यतः दो-चार-पांच प्रतिशत तो हम रूटीन में निरीक्षण करते ही हैं। माननीय सदस्य ने दूसरा प्रश्न पूछा था कि किस प्रकार की अनियमितता पाई जाती है। मैं कहना चाहता हूं कि जैसे ही कोई प्रस्ताव आया, उस पर स्वीकृति अगर दे दी जाती है तो हम पहली किस्त रिलीज करते हैं। दूसरी किस्त तब रिलीज करते हैं जब राज्य सरकार उसकी जांच-पड़ताल करके अनुशंसा के साथ उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजती है, वरना नहीं करते हैं। हमने जांच की और अनियमितता पाई गई, ऐसे 87 मामले हैं। हमने इन 87 एनजीओज़ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। उनमें से कुछ के जवाब आए हैं, जिनमें से दस को ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया गया है।

अगर माननीय सदस्य चाहेंगे तो इन सबकी सूची मैं उनके पास भिजवा दूंगा। मेरे पास अभी भी है, यदि आप कहें तो मैं पढ़कर सुना सकता हूं।

SHRI K.H. MUNIYAPPA: Madam Speaker, I want to know from the hon. Minister about voluntary organisations in the whole country. There are some organisations which are dedicated and doing very well. I am a member of the Consultative Committee for the last 20 years. I attended one meeting in which Shri Tawar Chand Gehlot was there. More than 50 per cent of the NGOs which are not actually functioning are still receiving the grants. This is the case not only now but for the last 20 years. Will he be able to find out a mechanism to trace such NGOs? There is a mechanism in which officers are inspecting and district level officers are sending their reports which are not practically correct. You may encourage the organisations which are running well. May I know from the hon. Minister as to whether he will find out a mechanism to know the number of organisations which are non- functioning because spending such a huge amount of money is not serving the purpose? I want a reply on this point.

Secondly, would the hon. Minister construct hostel buildings to strengthen the quality of education as regards the organisations which are functioning very well and whose reports are correct?

श्री थावर चंद गहलोत : अध्यक्ष जी, मैंने पहले ही निवेदन किया कि जो गैर सरकारी संगठन अर्थात एनजीओ, जिस काम में रूचि रखता है, जैसा कि माननीय सदस्य ने पूछा कि होस्टल के लिए धनराशि देंगे, अगर वे होस्टल के लिए प्रस्ताव भेजेंगे तो हम उनके गुण-दोष पर विचार करके स्वीकृति देंगे। अगर अवासीय विद्यालय चलाते हैं, नशा मुक्ति केन्द्र चलाते हैं, उसके लिए प्रस्ताव भेजेंगे तो उस पर भी देंगे। हमारी मुख्य रूप से सात योजनाएं हैं, उन सातों योजनाओं पर हम धनराशि आवंटित करते हैं। माननीय सदस्य अगर इस प्रकार की किसी एनजीओ की जानकारी देंगे तो निश्चित रूप से गुण-दोष के हिसाब से विचार करके सकारात्मक सोच के साथ उनको स्वीकृति देने की कोशिश करेंगे।

DR. A. SAMPATH: Madam Speaker, my question is regarding the welfare of old people. Our nation is now experiencing a very peculiar situation which the

Government of India has also admitted that there are more than 100 million people who are getting older and older.

Madam, while you were in the Chair, we had a discussion in this House in this Session itself regarding the welfare of very old people, geriatric and palliative care also. A Private Members' Bill was also initiated by one of the very hon. Members, Shri Bhartruhari Mahatab who is present in the House now.

My specific question is, while the hon. Minister has given an elaborate reply to this Question, in paragraph (iv) of the written statement, he has said:

"Integrated Programme for Older persons:

> The main objective of the Scheme is to improve the quality of life of the Older Persons by providing basic amenities like shelter, food, medical care and entertainment opportunities and by encouraging productive and active ageing through providing support for capacity building of Government/Non-Governmental Orgnisations/Panchayati Raj Institutions/Local bodies and the Community at large."

Madam, we all may become very old. While many of the NGOs are getting financial assistance from the Government of India for various types of activities like propagating and advertisements, the person-to-person touch like we are here for them and they are wanted by us should be there.

An atmosphere has to be created where they feel that they are wanted by us and that we are with them. There are certain organisations or institutions or NGOs which are doing a good service in community care, such as palliative and geriatric care. Is the Government of India willing to provide more financial assistance to these types of institutions or NGOs which are voluntarily engaged in geriatric as well as palliative care?

श्री थावर चंद गहलोत : अध्यक्ष महोदया, मैंने पहले भी बताया अभी फिर बताना चाहूंगा कि वृद्धजनों के लिए हम समेकित एकीकृत कार्यक्रम आयोजित करते हैं, संचालित करते हैं। उसके अंतर्गत वृद्धजन गृह का निर्माण होता है, उनका संचालन होता है। सरकारी संस्थानों के माध्यम से स्थानीय निकाय या पंचायत के माध्यम से भी इस प्रकार के वृद्धजन गृह या वृद्धाश्रम संचालित होते हैं और यदि गैर सरकारी संगठन भी

संचालित करते हैं तो उन्हें ये सब सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हम धनराशि देते हैं। हमारा प्रयास है कि वृद्धजनों को प्रताडित नहीं होना पड़े, उन्हें ऐसा नहीं लगे कि हमने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है, इसलिए वृद्धजन गृह योजना भी है, वृद्धाश्रम भी है। वहां वे सारी सुविधाएं, जो परिवार का वातावरण दिलाने जैसी हैं, उपलब्ध कराने का हम काम करते हैं। माननीय सदस्य अगर कोई एन.जी.ओ. या कोई संस्थान इस प्रकार के प्रस्ताव भेजता है तो मैं निश्चित रूप से विचार करके उन पर स्वीकृति का प्रयास करूंगा।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Madam Speaker, the hon. Minister, after he attained this position, has been going around the country and has been looking after the Department in his Ministry very well. He has expressed his concern when he visited the States, including our State, Odisha.

My question is a little different. We have a Commission for Children, a Commission for Women, and a Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

सीनियर सिटीजन्स की दस करोड़ से ज्यादा की आबादी साठ साल से अधिक है और यह बढ़ने वाली है और पांच, दस साल या 2050 में ये और भी ज्यादा हो जायेंगे। इसलिए मैं यही प्रार्थना करूंगा कि क्या सरकार का कोई ऐसा विचार है कि वह इस तरह का एक कमीशन सीनियर सिटीजन्स के लिए बनायें?

माननीय अध्यक्ष : सजेशन पर विचार कर लीजिए।

श्री थावर चंद गहलोत : हमारी सरकार ने वृद्धजनों के हित संरक्षण की अनेक योजनाएं बनाई हैं, हम उनके लिए चिंतित भी हैं। हिंदुस्तान दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है और ये आज युवा हैं, कल वृद्ध होने वाले हैं। उनके बारे में देश के प्रधान मंत्री जी ने भी योजनाओं की घोषणा भी की है, पेंशन की व्यवस्था भी की है। आप कमीशन की बात कर रहे हैं, हम वृद्धजन नीति भी बना रहे हैं और जो प्रश्न आपने किया है, हम उस पर गम्भीरता से विचार भी कर रहे हैं। परंतु आज की तारीख में मैं यह नहीं कह सकता हूं कि हम बना पायेंगे कि नहीं।

श्री राजेश रंजन : मैडम, इस पर आधा घंटे की चर्चा करा ली जाए।

माननीय अध्यक्ष : आप लिखकर दे दें।

(Q. 184)

SHRI ARJUN CHARAN SETHI : Madam Speaker, the expenditure under the SRE, that is the Security Related Expenditure, is recurring in nature. First the State Government concerned makes the payment and subsequently the Central Government reimburses it. But recently it has appeared in the Press that for the operational needs of the security forces, especially for CRPF, the Central Government has asked the State Government of Odisha to make the payment.

Especially, for the CRPF, they have asked for payment from the State Government of Odisha for meeting the expenditure relating to the security forces' operational needs. It is a fact that this is security in nature. May I know from the hon. Minister how they can ask for payment of the amounts from the State Government?

श्री हरिभाई चौधरी : अध्यक्ष महोदया, ऐसी बात नहीं है, जो सिक्योरिटी रिलेटिड एक्पेंडीचर होते हैं, वे सिर्फ सुरक्षा के लिए ही होते हैं। जो खर्चा पुलिस की ट्रेनिंग के लिए होता है, उनके कैंप जाने-आने का जो खर्चा होता है, उसके लिए स्टेट को कुछ बताने का की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह सब सुरक्षा के बाबत होता है। इसलिए जो खर्चा पुलिस और सुरक्षा बल करते हैं, उसके लिए केंद्र सरकार ही पैसा देती है।

SHRI ARJUN CHARAN SETHI: In the answer, the hon. Minister has stated that for the rehabilitation of the surrendered naxalites, the Central Government has incurred some expenditure. May I know from the hon. Minister how much expenditure they have incurred especially for the rehabilitation of the surrendered naxalites?

श्री हरिभाई चौधरी : महोदया, रिहैबिलिटेशन की जो पॉलिसी है, वह राज्य सरकार डिसाईड करती है। जो पैसा केंद्र सरकार की तरफ से देना होता है, वह दिया जाता है। अभी जो सरेंडर करता है, उसको हम ढाई लाख रूपया देते हैं और डेढ़ लाख रूपये देते हैं तथा फिक्स डिपॉज़िट करते हैं। सरेंडर करने के तीन साल तक उसको हम चार हज़ार रूपये प्रति महीना वेतन भी देते हैं और ट्रेनिंग भी देते हैं।

SHRI ARJUN CHARAN SETHI : What is the total amount spent so far?

HON. SPEAKER: The State Government has to make a plan and then only they can do it.

Shri Shrirang Appa Barne.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे: अध्यक्ष महोदया, हमारे देश में उग्रवाद की घटनाएं कई राज्यों में होती हैं। उग्रवादी घटनाओं पर अंकुश रखने के लिए उनसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। केंद्र सरकार, स्क्योरिटी रिलेटिड एक्सपेंडीचर स्कीम के तहत राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि पिछले तीन वर्षों में महाराष्ट्र राज्य में नक्सल प्रभावित इलाकों को उग्रवाद से निपटने के लिए कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है तथा महाराष्ट्र सरकार की कितनी वित्तीय सहायता की मांग केंद्रीय सरकार के पास लंबित पड़ी है, इसकी विस्तृत जानकारी दें तथा इस तरह की उग्रवाद की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

माननीय अध्यक्ष: आपने एक ही प्रश्न में तीन सवाल पूछ लिए हैं।

श्री हरिभाई चौधरी : अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, वह इस प्रश्न से संबंधित नहीं है तथा यह इसके संदर्भ में नहीं है।

श्री अभिषेक सिंह: महोदया, हमारा देश इस दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र की आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती वामपंथी उग्रवाद के रूप में हम देखते हैं। इस पूरी लड़ाई के केंद्रबिंदु में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य, पूरे देश में इसका एक केंद्र बन चुका है। इस लड़ाई का जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, वह है वामपंथी उग्रवादरोधी रणनीति। वर्तमान में अलग-अलग राज्य अपनी-अपनी नीतियां बनाते हैं। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि क्या केंद्र सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि पूरे भारत देश में इस समस्या के निदान के लिए इंटिग्रेटिड कोई एक ऐसी नीति बने जो सभी राज्यों को समाहित करते हुए बने। उस नीति के अंतर्गत विशेष रूप से वे महिलाएं, जिन्होंने आत्मसमर्पण किया है, उनका स्किल अपग्रेड कर के, उनको रोज़गार की सुविधाएं मुहैया करा कर, उनको हम समाज की मुख्यधारा से कैसे जोड़ सकते हैं? हम कैसे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जिन भाइयों और बहनों का विश्वास लोकतंत्र की ओर जुड़ा है, उनको हम इस तरीके से आगे बढ़ाएं कि उनको देख कर जो बाकी भाई-बहन हैं, वे वापस समाज की मुख्यधारा में, लोकतंत्र की मुख्यधारा में लौट सकें।

श्री हरिभाई चौधरी : महोदया, जैसा कि माननीय सदस्य ने बताया है, उस प्रकार से हमने छह राज्यों को एक साथ बुलाकर अभी 9 तारीख को ही बैठक की थी। उसमें 6 केंद्रीय मंत्री थे, दो मुख्यमंत्री थे और सभी 6 राज्यों के डी.जी. भी शामिल थे। दस राज्यों और 106 जिलों का जो पूरा प्रभावित क्षेत्र है, उसके लिए हमने कड़ी नीति अपनाई है। इस एरिया के डेवलपमेंट का जो काम है, जो विकास का काम है, सिक्योरिटी के बारे में, रेल, बी.एस.एन.एल. आदि के बारे में, उसे हमने मिशन मोड पर लिया है और

मीटिंग करके एक्शन टेकन भी किया है। आज तक 106 जिलों में 9 हजार करोड़ रूपया हमने दिया है। पूरी तरह से विकास होगा तो इस एरिया में वामपंथी उग्रवाद कम होगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी, विशेषकर महिलाओं के लिए।

श्री हरिभाई चौधरी : माननीय सदस्य ने कहा कि जो सरेंडर करते हैं, जो रिहैबिलिटेशन के लिए सरेंडर करते हैं, इन सारी स्कीम्स से हम उनकी मदद करते हैं। उनकी ट्रेनिंग करते हैं और उन्हें समझाते भी हैं।

(Q. 185)

श्री श्यामा चरण गुप्त: महोदया, इलाहाबाद लोक सभा के नैनी औद्योगिक क्षेत्र में भारत सरकार के कई बड़े-बड़े उद्योग हैं, जिसमें त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज, भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड, हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड तथा डिफेंस के उत्पादन की कई इकाईयाँ इस क्षेत्र में बहुत दिनों से चल रही थीं। इनमें एक-एक इकाई में हजारों एकड़ जमीन की बाउन्ड्री बनी हुई है और एक-एक इकाई में पाँच-पाँच, छह-छह हजार श्रमिक काम कर रहे थे। विगत सरकार की नीतियों से अथवा गलत प्रबन्धन से ये सभी इकाईयाँ रूग्ण हो गई हैं और अब इनमें आधे इम्प्लाई भी काम नहीं कर रहे हैं। इनको बहुत दिनों से वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। मजदूरों के बहुत से समूह हमारे सामने आकर रोते हैं, अपना बकाया माँगते हैं और कहते हैं कि आपकी सरकार है, अब हम कहाँ जाएं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अच्छे दिनों के लिए जो घोषणा की थी कि अब कोई भी अनइम्प्लॉइड नहीं हो पाएगा। हमारा इलाहाबाद स्मार्ट सिटी भी घोषित हो गया है। ऐसी स्थिति में हमें इम्प्लॉइमेंट देना है, अनइम्प्लॉइड लोगों को कहीं न कहीं एडजस्ट करना है। मैं माननीय भारी उद्योग मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि आखिर इलाहाबाद की इन रूग्ण इकाईयों को पुनर्जीवित करने के लिए क्या योजनाएं हमारे यहाँ दे रहे हैं या उन्हें इम्प्लॉइमेंट देने की आपकी कोई योजना है या नहीं है?

श्री अनन्त गंगाराम गीते : महोदया, माननीय सदस्य ने सदन के सामने जो जानकारी दी है, उस सारी जानकारी से मैं सहमत हूँ। मेरे मंत्रालय से जुड़े हुए दो उद्योग हैं, जो सदस्य के क्षेत्र में हैं। उनमें से एक भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड है और दूसरा त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड है। इन दो इकाईयों में से भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड के लिए रिवाइवल पैकेज 156 करोड़ रूपए का दिया गया है और उसके रिवाइवल के लिए प्रयास चल रहा है। मुझे विश्वास है कि भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड का रिवाइवल सही तरीके से हो पाएगा। त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड एक दूसरी इकाई है जो मेरे मंत्रालय से जुड़ी हुई है। जो दो अन्य इकाईयाँ हैं, जिनका मेरे मंत्रालय से सीधा कोई सम्बन्ध नहीं है। यदि उनके सन्दर्भ में कोई जानकारी आवश्यक हो तो उनसे सम्बन्धित मंत्रालयों से उपलब्ध कराई जा सकती है। त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड का मामला न्यायालय तक पहुँच गया था और न्यायालय के निर्णय के बाद अब प्रोवीजनल लिक्विडेटर उस कंपनी पर अपॉइंट किया गया है। लिक्विडेटर अपॉइंट होने के कारण कई समस्यायें, आज जो कर्मचारी उस कंपनी के हैं, उनके वेतन को लेकर या उनके वी.आर.एस. को लेकर कई समस्यायें हैं। मेरा मंत्रालय और मैं चाहता हूँ कि त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड के जो कर्मचारी हैं, कई महीने से उनको वेतन नहीं मिला है, जिन समस्याओं या कठिनाइयों का वे सामना कर रहे हैं, मैं उनसे

अवगत हूँ। जिस प्रकार से वे सदस्य को मिले थे, उसी प्रकार ये सारे कर्मचारी, उनके नेता मेरे मंत्रालय में आकर मुझसे भी मिले थे। हमने मंत्रालय की ओर से यह प्रयास किया है। एक तो लिक्विडेटर अपॉइंट होने के बाद वी.आर.एस. देना या उस प्रकार की घोषणा करना मुश्किल हो जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी कानपुर टैक्सटाइल मिल्स का एक प्रिसिडैन्ट है कि कानपुर टैक्सटाइल मिल्स लिक्विडेशन में जाने के बाद भी उस मिल के कर्मचारियों को वी.आर.एस. दिया गया है। जब यह प्रिसिडैन्ट मेरी जानकारी में आया है, तब हमने टैक्सटाइल मिनिस्ट्री से यह जानकारी मँगवाई है कि किस प्रकार से लिक्विडेशन में जाने के बाद भी कानपुर टैक्सटाइल मिल्स के कर्मचारियों को वी.आर.एस. दिया गया है। उसकी जानकारी हमने मँगवाई है। जैसे ही वह जानकारी आती है, आने के बाद निश्चित रूप में मंत्रालय की ओर से हम प्रयास करेंगे और उस प्रिसिडैन्ट को क्वोट करते हुए लॉ मिनिस्ट्री के पास उनकी सलाह के लिए निश्चित रूप से भेजा जाएगा। जो लॉ मिनिस्ट्री की सलाह आएगी, उसके ऊपर आगे की कार्रवाई होगी। सरकार कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति रखती है और भविष्य में भी रखेगी और उन कर्मचारियों को जितना भी सहयोग करने की आवश्यकता है, उसके लिए पूरा-पूरा प्रयास किया जाएगा।

श्री श्यामा चरण गुप्त: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि क्या इन ईकाइयों को पुनर्जीवित करने के भी प्रयास चल रहे हैं अथवा नहीं? अगर इन्हें पुनर्जीवित नहीं करना है, दोबारा नहीं चलाना है, रिवाइव नहीं करना है तो क्या इनको प्राइवेटाइज़ करने की भी कोई व्यवस्था बन रही है?

माननीय अध्यक्ष : दो के बारे में तो मंत्री जी ने बता दिया है।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : माननीय अध्यक्ष जी, दो के बारे में मैंने पहले ही बता दिया है। दूसरी जो दो ईकाइयाँ हैं, उनका मेरे मंत्रालय से सीधा संबंध नहीं है। उस मंत्रालय से यदि इस संदर्भ में जानकारी चाहिए तो माननीय सदस्य अलग से उस पर यहाँ प्रश्न का नोटिस दे सकते हैं। दो के बारे में मैंने जानकारी दी है। भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स लिमिटेड के रिवाइवल के लिए आलरेडी मंजूरी दी गई है और रिवाइवल का काम चल रहा है और किसी भी प्रकार का निजीकरण का कोई निर्णय नहीं है या उस प्रकार का कोई विचार आज तक सरकार के पास नहीं है।

SHRI S.P. MUDDAHANUME GOWDA: Madam, it is unfortunate that a majority of the public undertakings are running under loss and are becoming sick in spite of the best infrastructure and also abundant manpower.

If we take HMT watch units, there are four units in the country. If we put all four units together, they are running under loss. The unit at Tumkur, which is

in my Constituency, has got the best infrastructure, the latest machineries and equipments and abundant manpower. That is also located in a very good place. If we are running this unit independently, it is capable of making profits.

I would like to say here that instead of putting all the units together and make the entire unit sick, the Government of India can bifurcate the unit at Tumkur to preserve the brand value of HMT watches. The Government of India can, at least, think of preserving the HMT unit at Tumkur which is capable of making profit. I request the hon. Minister to be generous towards this HMT unit at Tumkur.

श्री अनन्त गंगाराम गीते : माननीय अध्यक्ष जी, एच.एम.टी. वाच तुमकुर के बारे में माननीय सदस्य ने यहाँ प्रश्न किया है। जो प्राफिट में चलने वाले यूनिट्स हैं, उनके प्रति उन्होंने चिन्ता जताई है। लेकिन एच.एम.टी. लिमिटेड एक होल्डिंग कंपनी है, उसके तहत सारे यूनिट्स आते हैं। जो सूचना या सुझाव माननीय सदस्य ने यहाँ पर दिया है, उस पर कोई निर्णय करना आज तो संभव नहीं है, लेकिन प्रयास ज़रूर किए जाएंगे। मंत्रालय की कोशिश तो यही रही है कि जो अच्छे यूनिट्स हैं, वे चलते रहें और उनको पूरा सहयोग मिले।

श्री सुल्तान अहमद: मैडम स्पीकर साहब, यह सवाल सिक पी.एस.यूज़ के संबंध में है। पूरे देश में 65 पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग्ज़ में से 11 बंगाल में हैं। टायर कार्पोरेशन, नेशनल जूट मैनुफैक्चरिंग, हिन्दुस्तान केबल्स और बर्न स्टैंडर्ड का नाम किसी ज़माने में देश के नामवर पी.एस.यूज़ में होता था, लेकिन आज इनके हज़ारों हज़ार वर्कर्स के दिन भुखमरी में गुज़र रहे हैं। इस सरकार ने बहुत ही स्वच्छता और ईमानदारी के साथ कोल ऑक्शन आदि का काम शुरू किया है। क्या सरकार की इस तरह की परिकल्पना है कि आने वाले दिनों में सिक पी.एस.यूज़. को भी ऑक्शन के जरिये हो, एफ.डी.आई. लाकर के हो या फॉरेन इन्वैस्टमेंट हो, उसको रिवाइव करने का कोई विचार है? इसलिए कि यह देखा जा रहा है कि इन पर हजारों-हजार करोड़ रुपये सालाना खर्च होते हैं, तनख्वाहें दी जाती हैं, लेकिन काम कुछ नहीं हो रहा है। क्या इस तरह की सरकार ने कुछ परिकल्पना बनाई है, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं?

श्री अनन्त गंगाराम गीते: मैं सदस्य की बात से पूरी तरह सहमत हूं। लगभग 65 इकाइयां हैं, जो हमारे सी.पी.एस.ईज़. हैं, वे सिक हैं, बीमार हैं। सरकार इस सन्दर्भ में निश्चित रूप में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए प्रयास कर रही है। जहां तक मेरे भारी उद्योग मंत्रालय का सम्बन्ध है, हमने यह निर्णय किया है, पांच सी.पी.एस.ईज़. हैं, जो सिक हैं, जिन्हें हम चला नहीं पा रहे हैं या भविष्य में चला नहीं सकते हैं, उन्हें हमने बन्द करने का निर्णय किया है। उन्हें अच्छा पैकेज वी.आर.एस. के माध्यम से हम देने जा रहे हैं।

इसी प्रकार से जो अलग-अलग सी.पी.एस.ईज़. हैं, जो भिन्न-भिन्न मंत्रालयों के तहत आते हैं, सभी मंत्रालयों को इस प्रकार से अध्ययन करने के लिए सुझाव दिये गये हैं। हर मंत्रालय इस विषय पर अध्ययन कर रहा है और भविष्य में जो सिक यूनिट्स हैं, उनके बारे में निश्चित रूप में योग्य कदम उठाये जाएंगे।

माननीय अध्यक्ष: भगत सिंह कोशियारी जी, आपके यहां तो कोई पी.एस.यू. नहीं है न।

श्री भगत सिंह कोश्यारी: माननीय अध्यक्षा जी, मेरे यहां भी एच.एम.टी. है। पिछली बार माननीय मंत्री जी ने यह कहा था कि हम इसे बन्द नहीं करेंगे। अब मुझे पता लगा है कि उसके बन्द होने की नौबत आ रही है। मेरा एक ही निवेदन है, वह सब ने उठाया है, रुग्ण पी.एस.यूज़. का बड़ा इम्पोर्टेंट विषय है, उन्होंने उसके रिवाइवल के लिए कहा है, मेरा यह निवेदन है कि हर क्षेत्र में, जहां-जहां भी इस प्रकार के संस्थान हैं, इस प्रकार के उद्योग हैं, माननीय मंत्री जी, क्या आप वहां के स्थानीय प्रतिनिधियों को, वहां के माननीय सांसद जी के साथ मिलकर के कोई कमेटी बिठाएंगे ताकि वह बाहरी सम्पत्ति आप किसी को सस्ती दरों में न दे दें, आप उसमें केवल हस्तक्षेप करें। मेरा निवेदन है कि आप एक कमेटी बिठायें और संसद सदस्य उसमें रहें, उसके बाद आप उसके बारे में निर्णय लें, क्या आप ऐसा करेंगे?

माननीय अध्यक्ष: अगर माननीय सदस्य कोई सुझाव दें तो उस पर विचार कर लेना।

श्री अनन्त गंगाराम गीते: अध्यक्षा जी, जब मैंने अपने पहले उत्तर में कहा कि हमने पांच सी.पी.एस.ईज़. बन्द करने का निर्णय लिया तो उनमें एच.एम.टी. के तीन यूनिट्स भी हैं, उनमें से जिसका जिक्र यहां पर सदस्य ने किया है। मैं आपके माध्यम से सदन को यह जानकारी देना चाहूंगा कि जब हमने यह निर्णय किया है तो बहुत अच्छा वी.आर.एस. पैकेज हम उन्हें देने जा रहे हैं। उन्हें 2007 के पे-स्केल से हम पैकेज दे रहे हैं और इसीलिए कर्मचारी संतुष्ट रहेंगे। बहुत ही अच्छा पैकेज हम वी.आर.एस. के माध्यम से दे रहे हैं। ...(व्यवधान) सम्पत्ति के बारे में सदस्य ने जो चिन्ता यहां पर जताई है, निश्चित रूप में यह सरकार की सम्पत्ति है। इसका दुरुपयोग नहीं होगा और न ही दुरुपयोग हम होने देंगे। जहां पर आवश्यकता होगी, निश्चित रूप में जो स्थानीय सांसद हैं या जन-प्रतिनिधि हैं, उनका सहयोग भी हम लेंगे।

(Q. 186)

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी: माननीय अध्यक्षा जी, मैंने माननीय मंत्री जी से पूछा था कि कृषि मेले क्या देश में लगाये जा रहे हैं...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप थोड़े इधर हो जाइये, ताकि दिखाई दे सकें।

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी: इसमें मुझे उत्तर मिला है कि राष्ट्रीय स्तर पर, राज्य स्तर पर और क्षेत्र स्तर पर कृषि मेले या प्रदर्शनियां इसलिए लगाई जाती हैं ताकि किसानों को जागरूक किया जाये, उन्हें अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाये। मुझे लगता है, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं, क्या संसदीय क्षेत्र स्तर पर, जिले स्तर पर और उसके नीचे गांव स्तर पर भी भारत सरकार की कोई ऐसी योजना है कि चौपाल लगाकर के और मेला लगाकर के किसानों को अधिक से अधिक जानकारी सरकारी योजनाओं की दी जाये?

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया: माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय संसद सदस्य ने जो प्रश्न किया है, केन्द्र सरकार से अधिक से अधिक हर एक राज्य में कृषि मेला कैसे आयोजित होता है, 2012 से अब तक हर एक राज्य में कृषि मेले के लिए केन्द्र सरकार ने 72.62 करोड़ रुपये की राशि दी है।

12.00 hrs

अध्यक्ष जी, पूरे देश में 'आत्मा' योजना के तहत हर राज्य में, हर डिस्ट्रिक्ट में 'कृषि मेला' के आयोजन का प्रावधान है। हमारे पास एक सुझाव है कि हर एक एम.पी. के संसदीय क्षेत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कृषि मेले का आयोजन किया जाए। इसके बारे में सांसदों के सुझावों पर 'आत्मा' योजना के तहत विचार किया जा सकता है।

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि किसानों को उनकी उत्पादकता का लाभकारी मूल्य मिले, इसके लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं? दैवी आपदाओं से जो उनका नुकसान होता है, उसकी भरपाई के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया : माननीय अध्यक्ष जी, मिनिमम सपोर्ट प्राइस के आधार पर किसानों को उनकी उपज के दाम मिलते हैं और हम उन्हें इसी आधार पर दे रहे हैं।

12.01 hrs

PAPERS LAID ON THE TABLE

HON. SPEAKER: Now, the House will take up Papers Laid.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE (SHRI PRAKASH JAVADEKAR): Madam, I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Indian Council of Forestry Research and Education, Dehradun, for the year 2011-2012, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Indian Council of Forestry Research and Education, Dehradun, for the year 2011-2012.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 1923/16/15]


around Rs.15,000. So, the entire cotton market will be around Rs.60,000 crore. Earlier, the price was more than Rs.20,000 to Rs.25,000 per bale. Hence, the market of total cotton grown in our country was around Rs.80,000 to Rs.1,00,000 crore. Farmers are losing that much of money for which the Government has to intervene through CCI and purchase cotton so as to protect the farmers' interest.

I want to make one general point here. Agriculture should be brought into an industry status. We call it subsidy for farmers. We call it incentives for the corporate. They call it sops for the middle class. So, agriculture should be given an industry status.

HON. SPEAKER: Shri Devji M. Patel is permitted to associate with the issue raised by Shri Shivkumar Udasi.

PROF. A.S.R. NAIK (MAHABUBABAD): Madam, around 3000 employees of the Ballarpur Industries which is located in the Fifth Scheduled Area of my Constituency are on strike. प्रधानमंत्री साहब जब भी बात करते हैं तो आदिवासियों के कल्याण और स्वदेशी की बात ज्यादा होती है।

This Ballarpur Industries was started by the Thapar Group of industries. The Grasim Industries used to buy pulp which is useful for the preparation of thread. But now it is available through imports. Now because of import of pulp, the Ballarpur Industry is on the verge of closure. They are now asking for the permission of the Government for the shut down, with the result, 3000 employees of the Company which include *adivasis* are on strike for the last 20 days.

I would request the Government to intervene. This is located on the banks of the Godavari river. Water is available there. Within a radius of 40 kilometres, sufficient coal is available. If they want, they can go for thermal power generation plant also. But they are not doing it and we do not know the reasons. आज स्वदेश में विदेशियों के लिए मेक इन इंडिया की बात चल रही है तो फिर सरकार विदेश से इसका इम्पोर्ट क्यों कर रही है? इसकी वजह से आदिवासी एरिया में स्थित कम्पनी क्लोज़र की स्थिति में है।

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार को यह जानकारी देना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र गुजरात में अफ्रीकन-एशियन सिंह की संख्या गुजरात में और खास कर सौराष्ट्र में सासन-गिर में इतनी ज्यादा संख्या बढ़ गयी है कि वहां के रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए रहने की बहुत दिक्कत रहती है। सासन-गिर 1412 किलोमीटर का अभ्यारण्य का क्षेत्र है। इसमें छः राष्ट्रीय राजमार्ग निकलते हैं और कई छोटे-छोटे रास्ते भी निकलते हैं। इसकी वजह से शेरों के विचरण में बाधा पहुंचती है और उनका शिकार भी हो सकता है। गुजरात सरकार ने वन्य जीव बोर्ड के माध्यम से वर्ष 2011 में एक प्रपोज़ल केन्द्र सरकार को भेजा था कि 270 किलोमीटर का वहां रिंग रोड बनाया जाए, जिसकी लागत छः सौ करोड़ रुपये है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि गुजरात सरकार द्वारा भेजे गए प्रपोज़ल को केन्द्र सरकार जल्द से जल्द मंजूरी दे।

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदया, हम भारतीय रेल की बात देश की प्रगति के लिए करते हैं कि यह देश की प्रगति में सबसे कामयाब है। भारतीय रेल बजट जिस प्रकार से पेश किया गया, एक चीज सामने आयी कि हम नई ट्रेनों की ओर नहीं, बल्कि डेवलपमेंट की ओर ले जाना चाहते हैं। मैं सदन के समक्ष रखना चाहूंगा कि रेलवे को आगे ले जाने में सबसे बड़ा योगदान किसी का है तो थर्ड और फोर्थ क्लास कर्मचारियों का है।

माननीय अध्यक्ष : आप इस बात को रेल बजट डिसक्शन में बोलिए। रेल बजट पर अभी डिसक्शन होना है।

श्री दुष्यंत चौटाला : हिसार में 115 साल पुराना रेलवे स्टेशन है। मुझे वहां के कर्मचारियों के पास पिछले दिनों जाने का मौका भी मिला था, जहां मैंने हालात देखे कि वहां पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है, सीवरेज की व्यवस्था नहीं है, मेडिकल फेसिलिटिज़ नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि जिस तरह से सरकार रेलवे का प्रगति की ओर लेकर जा रहे हैं, थर्ड और फोर्थ क्लास के रेलवे के इम्पलोइज़ की अक्मॉडेशन पर भी ध्यान रखें और उनके इनफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देने का काम करें।

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : मैडम, आपकी कृपा दृष्टि हुई, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : यह होती रहती है, अगर आप थोड़े में बोलेंगे और समय का ध्यान रखेंगे।

डॉ. सत्यपाल सिंह: मैडम, मैं हाथ उठाता रहता हूं, लेकिन कई दिनों से आपकी कृपा दृष्टि नहीं होती।

मैडम, मेरा बागपत क्षेत्र नेशनल कैपिटल रीज़न का पार्ट है और दिल्ली से 15 किलोमीटर दूर से शुरू होता है। दिल्ली के चारों तरफ सबसे खराब रोड अगर किसी क्षेत्र की है तो मेरे क्षेत्र की है। मैं इसे दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे बनाने के लिए कई महीनों से प्रयत्न कर रहा हूं। मुख्यमंत्री जी से मैंने

पत्र व्यवहार किया। उनके पर्सनल ट्विट हैं, वह कहते हैं कि जिस कम्पनी को उन्होंने ठेका दिया, यह स्टेट हाईवे है, वह कम्पनी बना नहीं सकती है क्योंकि उसकी फाइनेंशियल पोजीशन बहुत खराब है।

13.00 hrs

और वे पुरानी सरकार को कोसते हैं। लेकिन इतना होते हुए भी मैंने उन्हें लिखा कि इसे निरस्त करके नेशनल हाईवे अथारिटी को दिया जाए। भारत सरकार ने उसके लिए 343 करोड़ रुपये सैंक्शन किये हैं और जब तक स्टेट गवर्नमैन्ट उसके लिए नो ऑब्जैक्शन नहीं देगी, नेशनल हाईवे अथारिटी उसे बना नहीं सकती। मेरा यह प्रिविलेज मोशन है, क्योंकि एक सांसद को उन्होंने गलत इंफोर्मेशन दी है और राइटिंग में दी है। एक तरफ ये बातें हैं और दूसरी तरफ मुझे लिख रहे हैं कि कंपनी को 721 दिन, लगभग दो साल के लिए बढ़ाकर कांट्रैक्ट दे दिया है। उनका कांट्रैक्ट सितम्बर, 2014 में खत्म हो गया था। दो साल के बाद वहां समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं रहेगी तो दो साल तक कुछ नहीं होगा। वहां लाखों लोग रहते हैं, उन लाखों लोगों ने क्या पाप किया है कि न भारत सरकार उस पर ध्यान देती है और न यू.पी. सरकार उस पर ध्यान देती है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आपकी तरफ से भारत सरकार को एक डायरेक्शन जानी चाहिए कि जल्दी से जल्दी इसे नेशनल हाईवे में परिवर्तित किया जाए। धन्यवाद।

श्री शेर सिंह गुबाया (फ़िरोज़पुर) : मैडम, मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर पिछले दिनों से बोलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन टाइम नहीं मिल सका। एन.डी.ए. की सरकार में मोदी साहब ने नारा दिया है कि मेक इन इंडिया स्किल्ड करके हमारे नौजवानों को रोजगार देना है। पांच तारीख के पंजाबी ट्रिब्यून के फ्रंट पेज पर खबर छपी है कि पंजाब में आठ हजार से ज्यादा इंडस्ट्रीज बंद हो चुकी हैं और लगभग 600 इंडस्ट्रीज का पता नहीं चल रहा है कि वे कहां गईं। जो इंडस्ट्रीज वहां बंद हो गई हैं, उसके कारण मजदूर, इंजीनियर्स, स्किल्ड वर्कर्स और कुछ डिप्लोमा होल्डर्स के साथ-साथ हजारों, लाखों की संख्या में कामगार बेकार हो गये हैं और उनकी रोटी-रोजी खत्म हो गई है।

मैडम, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं कि उन इंडस्ट्रीज का क्या होगा, क्या उसमें बैंक सैक्टर का फाल्ट है या किसी और स्कीम का फाल्ट है, जिसके कारण वे इंडस्ट्रीज बंद हो गई। पिछली यू.पी.ए. की सरकार ने पंजाब के साथ इनजस्टिस किया था, उन्होंने नेबरिंग स्टेट को इनसैन्टिव्ज दे दिये, लेकिन पंजाब को नहीं दिया। मैं समझता हूं कि यह भी इसका एक मुख्य कारण है।

इसलिए मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि पंजाब को भी दूसरी स्टेट्स की तरह इंसैन्टिव्ज दिये जाएं, ताकि पंजाब में भी इंडस्ट्रीज चल सकें, कामगार काम पर वापस आ सकें और वहां के सब लोगों की रोजी-रोटी चल सके। धन्यवाद।

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं इस बात के लिए अपने आदरणीय प्रधान मंत्री जी और आदरणीय शिक्षा मंत्री, श्रीमती स्मृति ईरानी जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने पिछले वर्ष 2014 के बजट में बिहार प्रदेश को एक आई.आई.एम. दिया। लेकिन उसमें अभी परेशानी यह है कि बिहार के गया जिले में आई.आई.एम. की स्थापना होनी है, वहां राज्य का मगध विश्वविद्यालय है। उसके परिसर में जमीन मिलनी थी और उसी जमीन पर आई.आई.एम. की स्थापना होनी थी। लेकिन इसमें काफी विवाद उठ खड़ा हुआ है, उस विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ और अन्य लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। ये बातें वहां के स्थानीय अखबारों में भी आई हैं और काफी प्रयास हुआ कि वे जमीन दे दें, लेकिन अभी तक उसमें सफलता नहीं मिली है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार को और माननीय शिक्षा मंत्री जी को एक सुझाव है कि उसी जिले में भारत सरकार की एक बहुत बड़ी जमीन है, जो रक्षा मंत्रालय की है, यह लगभग 1700 एकड़ जमीन है, जो सालों-साल से परती है। वहां रक्षा मंत्रालय की अनुमति से एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना भी हुई है, जिसमें 300 एकड़ जमीन उसे दी गई है। बाकी की लगभग 1400 एकड़ जमीन वहां अभी उपलब्ध है। वह जमीन भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की है, उसी जमीन का उपयोग करके आई.आई.एम. की स्थापना वहां हो जाए, यही मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं।

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मैं सदन का ध्यान राष्ट्रीय पक्षी मोर की वास्तविक स्थिति की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि मोर को देखते ही विश्व भर में भारत की छवि दीखने लगती है, लेकिन भारत देश में मोर की संख्या में दिन-प्रतिदिन कमी दर्ज की जा रही है। मोर की घटती संख्या का सबसे बड़ा कारण इसका शिकार किया जाना है। साथ ही जल स्त्रोतों का अतिक्रमण और जंगलों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण भी हमारा राष्ट्रीय पक्षी खतरे में है। सरकार ने मोर को राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा दे रखा है। सभी राज्यों के वन विभागों ने भी इसे संरक्षित वन्य जीवों की अनुसूची में प्रथम शामिल कर रखा है। परंतु फिर भी मोर के शिकार की बढ़ती घटनाओं के बावजूद इनके रोकथाम की कोई कारगर योजना नहीं बन सकी है। वर्तमान में मोरों का शिकार जहरीला दाना खिला कर किया जा रहा है। राजस्थान राज्य के वन्य जीव प्रेमियों द्वारा मोर चालीसा लिख कर इनके संरक्षण और जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी तर्ज पर मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वन्य जीवों के संरक्षण के लिए जागरूकता का अभियान चलाया जाए और शिक्षा पाठ्यक्रमों में भी वन्य जीव संरक्षण को शामिल किया जाए।

श्री भगवंत मान (संगरूर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान नैशनल हाईवे-1 की ओर दिलाना चाहता हूँ। नैशनल हाईवे-1, जो दिल्ली से अमृतसर तक जाता है, उस पर जगह-जगह जो टोल प्लाजा हैं, वहां पर बहुत भारी रकम वसूल की जाती है। वहां जगह-जगह डाईवर्ज़न लिखा रहता है। जो पुल हैं, वे अनकंप्लीट हैं, अभी पूरे नहीं हुए हैं और सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। टोल प्लाजा के आस-पास दो-तीन किलोमीटर सड़क ठीक है। अमृतसर तक इतनी भारी रकम वसूल की जाती है कि जितना गाड़ी का तेल लगता है उतना ही हमें टोल टैक्स देना पड़ता है यानि तेल की कीमत डबल मानी जाए। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि वे नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को डायरेक्शन दें कि पहले सड़क कंप्लीट करो, फिर आप उस पर टोल लगाना। पंजाब में भी जो राजमार्ग हैं, वहां भी जगह-जगह टोल बहुत ज्यादा हो गए हैं। जब नई गाड़ी खरीदी जाती है, तब लाखों रूपये रोड टैक्स के रूप में लिए जाते हैं तो वह कौन सी सड़कों का है? अगर हमने 24 घंटे के लिए सड़क रैंट पर लेनी है, तो वे कौन सी सड़कें हैं। जब गाड़ी खरीदते हैं, तब रोड़ टैक्स लिया जाता है? इसकी ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मामले में बहुत भारी लूट हो रही है।

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, एंटरप्राइजेज़ में एससी और एसटी का जो पार्टिसिपेशन है, वह बहुत ही कम है। वह पहले 11-12 पर्सेंट हुआ करता था, अब घट कर 9 पर्सेंट के आस-पास हो गया है और दिनों-दिन घटता चला जा रहा है, जबकि रजिस्ट्र्ड एंटरप्राइजेस केवल 7 पर्सेंट के आस-पास ही हैं। हम आपके माध्यम से एम.एस.एम.ई. मिनिस्टर से अनुरोध करेंगे कि इसके लिए कुछ किया जाना चाहिए और ज्यादातर ये लोग एपेरल में, लैदर में काम करते हैं, अनक्लीन और अनहाईजीनिक पेशे में भी अभी लगे हुए हैं। इनका रजिस्ट्रेशन भी नहीं होता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इनका पर्सेंटेज बढ़ाया जाना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : श्री राधेश्याम बिश्वास को डॉ. उदित राज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

DR. BOORA NARSAIAH GOUD (BHONGIR): Madam Speaker, after I have become a Member of Parliament, I visited six times the Kendriya Vidyalaya Sangathan. I also made ten acres of land available to them and every parameter required is met. In fact, they have given a letter that our place is suitable for setting up a KV as per the norms as well as the availability of the Central Government employees. I have seen the list of various States which have been sanctioned Kendriya Vidyalayas. I have gone through that list. They have allotted it in many places where land was not made available to the KVs even after one year whereas I have toured the entire place and they have given a certificate that I am qualified for the sanction of Kendriya Vidyalaya. I request them to allot the KV in my constituency.

Secondly, now each MP is given six seats in Kendriya Vidyalaya. There is more demand for Kendriya Vidyalaya seats than MLA and MP seats. There are 16 lakh voters in my constituency. My request to the Government through you is to give at least one seat for one lakh people. Instead of six seats, they should make us available 16 seats so that temporarily we can meet the demands of the people.

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Dr. B.N. Goud.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : अध्यक्ष महोदया, मैं जिस विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, उससे संसद के हर सदस्य का संबंध रहता है। एनडीए की सरकार के समय आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी, जब देश के प्रधान मंत्री थे, उस समय सांसद संसदीय क्षेत्र स्वास्थ्य मेले की शुरूआत की गई थी। आदरणीया सुषमा स्वराज जी उस समय स्वास्थ्य मंत्री थीं। उन स्वास्थ्य मेलों के कारण संसदीय क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद, संपर्क और चिकित्सा सेवाओं में उनका सहयोग करने का एक बहुत महत्वपूर्ण सशक्त माध्यम मिला था। उसमें मेडिकल कॉलेज से भी विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ आते थे और हर स्वास्थ्य मेले में दस हजार से बीस हजार तक क्षेत्र के मरीज एकत्रित होते थे। सांसदों को उस मेले का संयोजक बनाया जाता था।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि जिस तरह से स्वास्थ्य मेलों का आयोजन उस समय प्रारम्भ किया गया था, उन स्वास्थ्य मेलों का फिर से आयोजन प्रारम्भ किया जाना

चाहिए। उसके लिए आठ लाख रूपए की राशि भी दी जाती थी, आठ लाख रूपए का बजट एलोकेशन किया जाता था, अब उसे बढ़ाकर पच्चीस लाख रूपए का बजट एलोकेशन किया जाना चाहिए। हर संसदीय क्षेत्र में फिर से उसी तरह के स्वास्थ्य मेलों के आयोजन की केन्द्र सरकार के द्वारा शुरूआत की जानी चाहिए। मेरी आपके माध्यम से यही माँग है।

माननीय अध्यक्ष : श्री अश्विनी कुमार चौबे अपने आपको श्री वीरेन्द्र कुमार जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।

SHRI K.R.P. PRABAKARAN (TIRUNELVELI): Madam Speaker, thank you. Mukkudal in my Tirunelveli Lok Sabha constituency, Tamil Nadu is famous for beedi industry. About two lakh workers are engaged in beedi industries in and around my constituency. Since this occupation is hazardous to health, Mukkudal has got a big hospital, which started functioning from 2004-05 with adequate facilities for Out-Patient and In-Patient Departments with a capacity of thirty beds and other diagnostic equipment like x-ray, scan, ECG, Operation Theatre and also ambulance facilities.

But this Beedi Workers Central Hospital does not have adequate number of doctors and other para-medical staff. The x-ray, scan and ECG machines are not functioning. Ambulance service is also not there. As a result, the poor beedi workers and their family members are facing a lot of difficulties and they are also not able to afford huge cost of medicines and treatment from outside.

I shall, therefore, humbly urge upon the Union Ministry of Labour, in coordination with the Ministry of Health and Family Welfare to augment the health facilities in this Hospital by appointing adequate number of doctors, nurses and medical attendants besides providing adequate medicines, etc. to the Beedi Workers Central Hospital, Mukkudal, Tirunelveli District, Tamil Nadu, which will benefit a large number of poor beedi workers in this region. Thank you very much.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं राजस्थान के जालौर सिरोही क्षेत्र से आता हूँ। मेरे क्षेत्र के एक साइड में पाकिस्तान का बार्डर है और दूसरी साइड में गुजरात है। हमारे यहाँ से प्रवासी बहुत बाहर

जाते हैं। मेरे यहाँ जालौर-समदड़ी-भीलड़ी रूट में ट्रेन का आवागमन नहीं हो पा रहा है, क्योंकि रानी की वाऊ से कुछ अवरोध आ रहा है। प्रवासी ज्यादा होने के कारण मानपुर हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिए हमने एक प्रपोजल भेजा है। अम्बा जी धाम बगल में बना हुआ है, बृह्म कुमारी का माउंट आबू के अन्दर बहुत बड़ा सेंटर है, आप भी वहाँ पधार चुकी हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि आबू रोड में हवाई अड्डे को विकसित करके अगर वहाँ हवाई सेवा शुरू करें तो मेरे क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में बहुत सुविधा होगी। मैं आपके माध्यम से सरकार से इसके लिए माँग करता हूँ। धन्यवाद।

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। इस वर्ष के रेलवे बजट में फुल फ्लैज्ड रेलवे यूनिवर्सिटी खोलने की घोषणा की गई है। आपको पता ही है कि मराठवाड़ा महाराष्ट्र का बहुत इंपोर्टेंट क्षेत्र है और मेरे संभाजी नगर, औरंगाबाद एडब्ल्यूबी में सारी लैंड वगैरह उपलब्ध है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से माँग करूँगा कि यह रेलवे यूनिवर्सिटी मेरे संसदीय क्षेत्र में खुलनी चाहिए। इसका कारण यह है कि यह एशिया में सबसे बड़ी ग्रोइंग सिटी है और यह दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कोरीडोर का बहुत बड़ा सेन्टर होने जा रहा है। इससे उसका अधिक विस्तार हो जाएगा।

माननीय अध्यक्ष : रेल मंत्री आपके यहीं के हैं।

श्री चन्द्रकांत खैरे : महोदया, यह रेलवे यूनिवर्सिटी के लिए आदर्श शहर है, क्योंकि यहाँ सारा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। दस एकड़ लैंड तो रेलवे की सिटी में ही है। उस पर इन्क्रोचमेंट होता जा रहा है। वहाँ पर और भी बहुत जमीन उपलब्ध है।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से माँग है कि रेलवे यूनिवर्सिटी हमारे यहाँ संभाजीनगर (औरंगाबाद) में ही खुलनी चाहिए। धन्यवाद।

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : महोदया, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। अभी लैंड एक्ट की चर्चा चल रही है, मेरे यहाँ सन्थाल परगना टेनेन्सी एक्ट है, जिसके कारण भाई न तो भाई की जमीन खरीद सकता है और न ही बेच सकता है। इस कारण से यदि वहाँ स्कूल बनाना है, कॉलेज बनाना है तो वह सरकार ही बना सकती है। मेरे यहाँ की जो स्थिति है, 35 परसेंट महिलाएं ही केवल लिटरेट हैं, अभी 8 मार्च को आपने महिला दिवस मनाया है। हमारे यहाँ 70 परसेंट बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। इस स्थिति में आप समझ सकते हैं कि जहाँ 80 परसेंट से ज्यादा लोग गरीब हैं, 70 परसेंट से ज्यादा बच्चे कुपोषित हैं, महिलाओं का लिट्रेसी रेट 35 परसेंट है, मेरा पूरा इलाका शैड्यूल 5 का इलाका है जिसमें

सैन्ट्रल गवर्नमैंट का ही दायित्व बनता है कि वह डैवलपमैंट करे। इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूँ कि 12वीं पंचवर्षीय योजना में जो ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोलने की मांग आई है, उसमें सैन्ट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी मेरे इलाके में खुले। धन्यवाद।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.15 p.m.

13.16 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen Minutes past Fourteen of the Clock.

14.16 hrs

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Sixteen Minutes past Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377 *

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. Members, the matters under Rule 377 shall be laid on the table of the House. The Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today, and are desirous of laying them may personally hand over the text of the matter at the Table of the House within 20 minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which text of the matter has been received at Table within stipulated time. The rest will be treated as lapsed.

* Treated as laid on the Table.

(i) Need to provide adequate compensation to farmers who suffered damages to their crops due to recent unseasonal rains and hailstorms in the northern region of the country particularly in Ambala Parliamentary Constituency, Haryana

SHRI RATTAN LAL KATARIA (AMBALA): I would like to bring it to the kind notice of Hon. Agriculture Minister that heavy rains and strong wind at the rate of 55 k.m. per hour have not only paralysed the life of common man in North India but have flattened wheat crops in northern region states. 70 per cent of the wheat is Agyeti (advanced) type of wheat. These varieties of wheat have been flattened by the winds, most of the damaged crops are likely to survive but huge damages are bound to occur between the range of 10-20 per cent. Meteorological department of Haryana Agriculture University have recorded rain from 20 mm to 55 mm which is above the normal rain. This excess rain will not only harm the farmers financially but it may lead to crop diseases such as yellow rust and karnal blunt. More rain will not be beneficial for the crops as high velocity wind and hailstorms have damaging effect on the crops. I myself have visited several areas of my Ambala Lok Sabha on 1st of March and interacted with the farmers. They are demanding adequate financial help because the flattened crops will not only hamper further growth of the crops but also make it difficult for farmers to harvest them. The untimely rains have added to the worry of farmers. After a brief spell of good weather, farmers were expecting bumper crops, but this untimely heavy rains and hailstorms have shattered the dreams of our farmers. Not only wheat but crops like Potato, Dalhan and Mustard have also been badly affected.

On account of the untimely rains, two farmers have already died and one has committed suicide. Therefore, I humbly request the Hon. Minister to direct all the northern states to make special provision in this regard by the respective State Government. I also demand that Rs 10,000/- per acre may be awarded to those farmers who suffered loss after assessing the same.

(ii) Need to set up a Krishi Vigyan Kendra along river Tapi in Bardoli Parliamentary Constituency, Gujarat

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली) : हमारा संसदीय क्षेत्र बारदोली सूरत जिले में आता है । यहाँ पर वर्षों पहले से कृषि विज्ञान केन्द्र खुला है । यह कृषि विज्ञान केन्द्र मौजूदा समय में शहर के अन्दर हो गया है जिससे किसानों को शहर में आने-जाने में परेशानी होती है । इस परेशानी का मुख्य कारण है कि शहर के अन्दर अत्यधिक ट्रैफिक हो गया है और कृषि विज्ञान केन्द्र का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ग्रामीण किसानों के लिए होता है ।

अतः मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि हमारे जिले में तापी नदी के किनारे मांडवी में राज्य सरकार की जमीन उपलब्ध है, वहाँ पर किसानों के हित में देखते हुए एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने का विचार किया जाए ।

(iii) Need to permit farmers of villages falling under the army camp area in Pulgaon in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra to utilize their land for earning their livelihood

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : मैं माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा के पुलगांव में बने आर्मी कैम्प की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि यह आर्मी कैम्प एशिया का सबसे बड़े कैम्पों में से एक है । इस कैम्प के परिधि में लगभग 50 गांवों को आर्मी संरक्षण जोन में रखा गया है जिस कारण से यहां के किसान अपनी जमीन को न तो बेच सकते हैं और न ही किसी तरह के उद्योग धंधे लगा सकते हैं । किसानों की हालत दयनीय हो गई है । आये दिन किसान लोग कर्ज के बोझ से आत्महत्या कर रहे हैं । जब किसान कर्ज के बोझ को दूर करने हेतु अपनी जमीन बेचना चाहते हैं तो प्रशासन रोड़ा बनकर खड़ा रहता है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि किसानों को उनकी माली हालत को देखते हुए उनके जमीन को जो संरक्षण जोन में रखा गया, उसे आम जमीन की तरह हर कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट किया जाए एवं आर्मी कैम्प में और अधिक सुविधा एवं विद्यालय तथा कॉलेज की स्थापना करने में सहयोग कराने की कृपा की जाए ।

(iv) Need to formulate policy and programmes to improve the agricultural productivity and income of farmers in the country

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : भारत में किसान की स्थिति अत्यंत दयनीय है । अगर कृषि के विषय पर गंभीरता से कार्य नहीं किया गया तो भविष्य में ओर भी विकराल रूप धारण कर लेगी । भारत में कुल जनसंख्या का लगभग 6 प्रतिशत अर्थात् 75 करोड़ लोग कृषि एवं कृषि आधारित कार्यों पर जीवन-यापन करते हैं । वर्ष 2013 के अनुसार कृषि एवं कृषि आधारित कार्यों का सकल घरेलू उत्पाद में केवल 13.7 प्रतिशत ही योगदान है व प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 18266 रूपये ही है जो गैर कृषि कार्य करने वाली जनसंख्या की प्रति व्यक्ति आय लगभग 1 लाख 74 हजार रूपये है, जो कृषि आधारित जनसंख्या की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में 10 गुणा अधिक है । अमेरिका में कुल जनसंख्या का 1 प्रतिशत (मात्र 25 लाख) लोग कृषि पर आधारित है और अमेरिका का कुल कृषि उत्पाद 46 लाख 54 हजार करोड़ रूपये है अर्थात कृषि पर आधारित लोगों की प्रति व्यक्ति आय 1.86 करोड़ रूपये वार्षिक से भी अधिक है जो भारत की तुलना में हजार गुणा से भी अधिक है । भारत में फसल बीमा के लिए वर्ष 2013 में मात्र 3 हजार करोड़ रूपये दिया गया है जो कुल कृषि उत्पाद का 0.23 प्रतिशत ही है जो कुल उत्पादन की तुलना में नगण्य है । यह राशि किसान की मदद करने में अपर्याप्त है । अमेरिका में वर्ष 2013 के अनुसार 7.20 लाख करोड़ रूपये का फसल बीमा किया गया है जो कुल कृषि उत्पाद का 16 प्रतिशत के लगभग है । भारत में व्यापक स्तर पर कृषि आधारित आधारभूत संरचनाएं जैसे सिंचाई का विकास, उत्तम किस्म के बीज आदि की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा कृषि संबंधित नई तकनीकों एवं विधियों का प्रयोग केवल प्रयोगशालाओं में ही न करके किसानों के खेतों में जाकर किया जाना चाहिए ताकि किसान एक-दूसरे को देखकर उसका अनुसरण कर अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके जिससे किसान की दयनीय स्थिति में सुधार हो सके ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि किसान की दशा में सुधार के लिए कदम उठाए जाएं ।

(v) Need to consider cultivation of betel leave as an agricultural activity and extend necessary benefits to betel leave growers in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) में बहुत बड़ें पैमाने पर पान की खेती होती है और लाखों लोग पान व्यवसाय में लगे हुए हैं और कड़ी मेहनत व लगन से महोबा के प्रसिद्ध पान प्रजाति को जीवित रखे हुए हैं । विगत वर्ष हुई दैवीय आपदा से हुए भयंकर नुकसान को भी झेलकर गरीबी व अभाव का जीवन जीने को मजबूर हैं क्योंकि पान की खेती कृषि क्षेत्र में शामिल नहीं हैं इस वजह से कृषि क्षेत्र से मिलने वाली सुविधाएं (बीमा आदि) का लाभ नहीं मिल पाता है जिसकी वजह पान कृषक दिन-प्रतिदिन पलायन को मजबूर हो रहे हैं ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पान की खेती को कृषि क्षेत्र में शामिल किया जाए ताकि बुंदेलखण्ड के गरीब पान किसानों को उनका हक मिल सके ।

(vi) Need to provide subsidy for natural fertilizers

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : कैमिकल फर्टिलाइजर अर्थात् यूरिया और पेस्टीसाईड्स एंड कैमिकल पर सब्सिडी हेतु पिछले 3 वर्षों में कुल यूरिया पर 168788.04 करोड़ रूपये की सब्सिडी उर्वरक कंपनियों को जारी की गई जिसमें 66270.27 करोड़ रूपये आयातित कंपनी तथा 102517.77 करोड़ रूपये स्वदेशी यूरिया कंपनियों को दिए गए हैं । इसी प्रकार आयातित पेस्टीसाईड्स एंड कैमिकल हेतु 52780.87 करोड़ रूपये विदेशी तथा 63355.65 करोड़ रूपये स्वदेशी पेस्टीसाईड्स एंड कैमिकल कंपनियों को सब्सिडी के रूप में जारी किए गए हैं ।

मैं कहना चाहता हूँ कि कैमिकल फर्टिलाइजर के रूप में तो सब्सिडी जारी की जाती है लेकिन प्राकृतिक उर्वरकों पर किसी प्रकार की कोई सब्सिडी जारी नहीं की जाती है जिसके चलते किसान जैविक खेती की ओर आकर्षित नहीं होते ।

रासायनिक खाद का प्रयोग पारंपरिक प्राकृतिक खाद्य के तरीके की जड़ से खत्म करता जा रहा है। रसायनों के प्रभाव से जमीन भी धीरे-धीरे बंजर होने लगती है और कीड़ों के अधिक पनपने की संभावना बनी रहती है जिससे बचने के लिए किसान अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों का प्रयोग करने लगते हैं । कुछ कीटनाशक तो सिस्टमेटिक होते हैं जो पानी या खाद के साथ घोलकर प्रयोग में लिए जाते हैं जिसका असर प्लांट के अंदर और उपज के अंदर तक हो जाता है । ये कीटनाशक ऊपर से स्प्रे किए जाने वाले कीटनाशकों से कहीं अधिक हानिकारक होते हैं । ऐसे कीटनाशक मानव शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं । हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस समस्या से किसान को निजात दिलाने के लिए हाल ही में राजस्थान में 'भूमि स्वास्थ्य कार्ड स्कीम' जारी की है जो अपने आप में पहला निर्णय है जिससे किसानों को अपनी जमीन में रसायनिक खाद के प्रयोग की जानकारी मिल सकेगी और किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकेगा । इसके साथ-साथ आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा सकेगी । किसान चाहते हुए भी जैविक खाद और स्प्रे का प्रयोग नहीं कर पा रहा क्योंकि ये कैमिकल खाद व स्प्रे से अधिक महंगे हैं । जैविक खाद पर सब्सिडी नहीं दी गई तो हम चाहते हुए भी जैविक खेती को प्रोत्साहन नहीं दे पाएंगे ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक खाद को सब्सिडी देने की कृपा की जाए ।

(vii) Need to organize exhibitions for demonstration and promotion of the achievements of students in the field of science and technology

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : भारत में कई ऐसे मेधावी छात्र या व्यक्ति हैं जिनको कुछ न कुछ नया करने का शौक होता है । कई बार ऐसी खोज कर देते हैं कि अगर उसे सुनिश्चित तौर पर देश के विकास में या लोगों की भलाई में लगाया जाए तो उसके देश को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, पर उनके समक्ष संसाधनों की कमी रहती है । मेरा आग्रह है कि देश में इंजीनियरिंग में पढ़ने वाले छात्रों के लिए ऐसी व्यवस्था खड़ी की जाए ताकि वे उनके ऐसे प्रोजेक्ट का डेमेन्स्ट्रेशन पूरे देश के सामने कर सकें और उनके ज्ञान एवं प्रतिभा को देश के हित में उपयोग करने का अवसर प्रदान किया जाए । मसलन जिस तरह 'पुस्तक मेला' लगता है, उस प्रकार 'वैज्ञानिक मेला' या 'मॉडल मेला' या 'इंजीनियरिंग एक्जीविशन' लगे जिसमें सिर्फ विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट का प्रदर्शन हो और उनके बीच में स्पर्धा हो । ऐसी बेवसाइट शुरू करें जिससे देशभर में यदि किसान किसी भी क्षेत्र में ऐसा कार्य या शोधन किया हो, उसे वह प्रदर्शित कर सकें ।

(viii) Need to ensure active participation of Members of Parliament in planning, execution and monitoring of Centrally sponsored development schemes in the State

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): आज देश में केन्द्र प्रायोजित योजनाआं की संख्या 66 है और केन्द्र सरकार अपने बजट में इनके लिए ढाई लाख करोड़ रूपये से अधिक आवंटन करती है । केन्द्र सरकार के कुल योजनागत बजट का 44 प्रतिशत इन्हीं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से खर्च होता है । फिलहाल केन्द्र सरकार के 33 मंत्रालय और विभाग केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए दिशा-निर्देश तैयार करते हैं जबकि इनका क्रियान्वयन राज्यों में होता है । बारहवीं पंचवर्षीय योजना से पहले केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या 147 थी परंतु अब इनकी संख्या घटाकर 66 कर दी गई है । राज्यों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने के नाम पर सांसदों के अधिकारों को कम नहीं किया जा सकता । आज व्यवहारिक रूप से राज्य सरकारों की नजर में वास्तविक रूप से सांसदों की कोई अहमियत नहीं है । जन-समस्याओं को हल करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से जन-प्रतिनिधियों विशेषकर सांसदों की होती है क्योंकि आम जनता को अपने सांसद को सम्पर्क करना ज्यादा आसान होता है ।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की तर्ज पर अगर केन्द्र प्रायोजित 66 योजनाओं में स्थानीय सांसद को योजना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अनुश्रवण के कार्य से जोड़ा जाता है तो इसका अच्छा परिणाम होगा । इसके लिए केन्द्र सरकार को खासकर प्रधानमंत्री कार्यालय को विशेष रूचि लेकर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में सांसदों के अहम रोल का प्रावधान कानूनी रूप से होना चाहिए । अर्थात् योजनाओं को चयनित करते समय सांसदों के द्वारा उन योजनाओं का अनुमोदन जरूरी कर देना चाहिए । ऐसा करने से राज्य सरकार के जो अधिकारी योजनाओं में गोलमाल करते हैं, उस पर लगाम लगेगा और यह देश हित एवं व्यापक जनहित में होगा । सांसदों को खोई प्रतिष्ठा वापस मिलेगी और संसदीय प्रजातंत्र मजबूत होगा ।

अतः मेरा प्रधानमंत्री जी से निवेदन है कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के चयन से लेकर क्रियान्वयन तक में स्थानीय सांसद के द्वारा समीक्षा एवं अनुश्रवण कानूनी रूप से जरूरी कर दिया जाए ।

(ix) Need to provide adequate funds for construction of Gaya-Bodhgaya-Chatra railway line

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : मेरा संसदीय क्षेत्र चतरा (झारखण्ड) बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है । आवागमन की सुविधाओं का अत्यंत अभाव है । पूरा चतरा जिला रेलवे से अछूता है । चतरा से गया रेलवे लाइन प्रोजेक्ट का अंतिम सर्वेक्षण पूरा हो गया है । चतरा जिले में 37.672 एकड़ भूमि के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य भी लगभग हो चुका है । 2007-08 के बजट में चतरा-गया रेल लाइन निर्माण के सर्वे की स्वीकृति दी गई थी । इसके बाद 2009 में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा इस रेलवे का शिलान्यास बिहार में किया गया था ।

गया-बोधगया-चतरा लाइन की कुल लागत 549.75 करोड़ है जिसमें वर्ष 2013-14 में 1860.28 लाख तथा 2014-15 में 10 लाख आवंटन के बाद शेष 53104.72 लाख रूपयों की आवश्यकता है ।

रेल बजट 2015-16 में 1 करोड़ रूपये तथा 2014-15 का संशोधित परिव्यय 1 करोड़ रूपये किया गया है । शेष 531 करोड़ राशि अगर प्रतिवर्ष 1 करोड़ रूपये दिए जाएंगे तो 531 वर्ष इसे पूरा होने में लगेंगे । इस गति से पांच सदी लग जाएंगी । चतरा व गया दोनों ही महत्वपूर्ण स्थान हैं जहां जैन, बौद्ध व हिन्दू सबके आस्था का केन्द्र है ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि गया-बोधगया-चतरा रेल लाइन के लिए पर्याप्त राशि का आवंटन कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा घोषित समय सीमा पांच वर्ष में कार्य को पूर्ण करवाने की व्यवस्था की जाए ।

(x) Need to include Jabalpur in the tourist circuit in Madhya Pradesh

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र जबलपुर (म0प्र0) पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है । सम्पूर्ण भारत के केन्द्र स्थल भी जबलपुर के नजदीक ही है । पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं । विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट जहां संगमरमर की चट्टानों के बीच वॉटरफॉल है। इसके अतिरिक्त बरगी डेम, डुमना नेचर रिजर्व, रानी दुर्गावती समाधि स्थल, मदन महल का किला इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण स्थानों के साथ जबलपुर से 200 किलोमीटर के रेडियस में देश के प्रसिद्ध नेशनल पार्क, कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, पेंच नेशनल पार्क, घुघवा फॉसिल्स पार्क, पंचमढ़ी, खजुराहो, अमरकंटक, चित्रकूट इत्यादि स्थित है । अत्यंत महत्वपूर्ण बात यह है कि इन क्षेत्रों में पर्यटन के सभी फ्लेवर सम्मिलित हैं ।

जबलपुर में जहां धार्मिक एवं ऐतिहासिक टूरिज्म तथा एडवेंचर टूरिज्म हैं वहीं कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म तथा इको टूरिज्म के लिए जाने जाते हैं । खजुराहो में हेरिटेज टूरिज्म हैं जहां पूरे विश्व के पर्यटक अमरकंटक में धार्मिक तथा इको टूरिज्म हैं, घुघवां फॉसिल्स पार्क में डायनासोर के करोड़ों वर्ष पुराने फॉसिल्स हैं । इस तरह पर्यटकों हेतु सभी आवश्यक पर्यटनीय आकर्षण इस सर्किट में उपलब्ध हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश में पर्यटन के 50 नए सर्किट निर्माण तथा उनमें आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने की घोषणा की है जो अत्यंत सराहनीय है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि जबलपुर (म0प्र0) को टूरिस्ट सर्किट शामिल करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट किया जाए ।

(xi) Need to provide free electricity for operation of motor pumps for supply of drinking water in Chhattisgarh

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : वर्तमान समय में पूरे देश में आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार के लिए एक कठिन एवं चुनौती भरा कार्य हो गया है । केन्द्र व राज्य की सरकारें अनेक प्रकार की योजनाएं बनाकर इस कार्य को कर रही हैं जो विभिन्न कारणों से अपर्याप्त होता है ।

विशेषकर छत्तीसगढ़ में नल-जल योजना, स्पॉटसोर्स आदि के माध्यम से गाँव में पेयजल उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है । इस कार्य में लगने वाले बिजली बिल सरपंचों को पटाने का जिम्मा दिया गया है । सरपंचों के पास इस हेतु अलग से कोई फंड नहीं होता । बिजली बिल नहीं पटने के कारण विद्युत विभाग लाइन काट देता है । गाँव वालों को पीने का पानी 1-2 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि प्रत्येक गाँव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक गाँव में 1 एचपी या 2 एचपी के पम्प को निःशुल्क विद्युत प्रदान करने हेतु योजना बनाकर तत्काल आवश्यकता वाले राज्यों को आदेश जारी करेंगे जिससे आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके ।

(xii)Need to allocate funds for gauge-Conversion of railway line between Madurai and Bodinayakkanur and construction of new railway line between Dindigul-Sabarimala

SHRI R. PARTHIPAN (THENI): I would like to bring it to the kind notice of the Government that Madurai - Bodinayakkanur railway line is in my parliamentary constituency. Due to broad-gauge conversion in the year 2010, rail services were stopped on this rail route. A study for financial estimation was done in the year 2011 and since then the work has not commenced. Transportation of people and several business activities have been affected. Even though a new railway line between Dindigul-Sabarimala (Kerala) was announced, no work has begun in this regard. Several lakhs of pilgrims and devotees of Lord Sri Ayyappa belonging to the States of Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Karnataka and Maharashtra are affected due to lack of adequate rail connectivity to Sabarimala. The pilgrims are now forced to travel by overcrowded buses. There were expectations that there would be announcements in this regard in the railway budget presented on 26 February 2015. It is highly disappointing that no allocation has been made for these rail projects in the current budget. I, therefore, urge the Ministry of Railways to allocate funds for these projects and expedite their implementation.

(xiii) Need to accord approval to the proposal of government of Tamil Nadu for construction of dams at Nallar and Anamalaiar in the State

SHRI C. MAHENDRAN (POLLACHI): Tamil Nadu Government has prepared a Blue Print to construct two dams at Nallar and Anamalaiar at a cost of Rs.1,540 crore. These dams with a capacity of 9.5 tmc will utilise fully the waters from both Upper Nirar and Lower Nirar Dams which release 7 tmc and 2.5 tmc respectively. The Upper Nirar Dam that gets water from southwest monsoon is currently diverted through Solayar Dam, Parambikulam and Thunakkadavu Dams and reaches Tirumoorthy Dam through Contour Canal covering a distance of 120 Kilometers. The inflow of water is heavy during the rainy seasons. This excess water can be taken to a distance of 14.4 Kilometers through a canal and tunnel to the dam to be constructed at Nallar which is 3214 ft. above sea level. Two power sub-stations with a capacity of 125 megawatt each can be set up there to generate 200 megawatt of electricity. The water can be further taken to Tirumoorthy Dam which is at a height of 1336 ft. above sea level. This will irrigate 5,000 acres of dry land while increasing drinking water supply. Additional 250 megawatt capacity power generation unit can also be set up there. The water transmission loss will be minimised.

Hence, I urge upon the Union Government to take steps to obtain clearance from Central Water Authority to construct the Nallar and Anamalaiar Dam Projects.

(xiv) Need to relax the conditions of eligibility for Indira Gandhi National Disability Pension Scheme

SHRI SUVENDU ADHIKARI (TAMLUK): I would like to share the information that a flagship social welfare programme of Govt. of India namely National Social Assistance Programme was started by the Union Ministry of Rural Development with a noble mission in pursuit of article 41 of our Constitution. Indira Gandhi National Disability Pension Scheme is one of 'five major components of National Social Assistance Programme' and as per present criteria, a person, to become a beneficiary under this social scheme, must belong to a BPL family and has to be within the age group of 18 to 64 years with severe or multiple disabilities having 80 per cent or more disabilities or combination of two or more disabilities. If all these criteria are fulfilled, a beneficiary will be given an assistance of Rs. 300 per month. But, I would like to emphasize that whenever a social assistance programme is formulated, it must have a great vision to provide relief to maximum number of distressed people, more precisely all the distressed people in our society. But in my view the present Disability Pension Scheme is not capable of covering all the distressed if the present criteria are not changed suitably. After all, pension is given to the disabled persons because they cannot earn their livelihood independently. But the present amount given as pension is not sufficient for them. Besides, the persons with less than 80 per cent disabilities also find their lives in uncertainties without social support and it is not that a person, if he/she is not of minimum 18 years, does not need such support.

I, therefore, earnestly request Hon'ble Union Minister of Rural Development to withdraw the age bar and fix the minimum disability percentage as 10 per cent instead of present 80 per cent for a person to become eligible for the scheme. I would further request for enhancing the amount of pension being linked to inflation index.

(xv) Need to release the funds allotted for various flagship schemes meant for Odisha

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Inadequate allocation for flagship schemes is hurting the development process of Odisha. This is affecting important plan schemes like Accelerated Irrigation Benefit Programme (AIBP) and Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana. Such drastic reduction has adversely affected the liquidity position of Odisha Government and would seriously impact the implementation of various plans and programmes of Odisha Government for which expenditure commitment has been made.

Odisha has spent Rs. 1088.62 crore in 2012-13 and Rs. 967.57 crore in 2013- 14 for implementation of the Accelerated Irrigation Benefit Programme (AIBP). Government of India have released only Rs. 38.24 crore in 2012-13 and Rs. 15.23 crore in 2013-14 against an allocation of Rs. 1036.66 Crore in 2012-13 and Rs. 850 crore allotted by the Planning Commission in 2013-15. Reimbursement claim approximately Rs. 970 crore under AIBP pertaining to the year 2012-13, 2013-14 and 2014-15 is pending.

Similarly under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana the shortfall is around Rs. 522 crore. There is also substantial shortfall in release in Central assistance for other flagship schemes like ICDS, RAMSA, RUSA, NRLM. I would urge upon the Government to release the funds urgently for which financial commitments were made.

(xvi) Need to confer rights to Members of Parliament regarding construction of roads under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) : हमारा संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) विश्व प्रसिद्ध पर्यटक और ऐतिहासिक स्थल है परंतु इस क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों की स्थिति जर्जर है । इसके अतिरिक्त क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कें बारहमासी सड़कों से नहीं जुड़ी हैं और कई अन्य महत्वपूर्ण सड़कों को जोड़ने की आवश्यकता है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है परंतु राशि संबंधित राज्य सरकार को आवंटित और विमुक्त की जाती है जिसके कारण संवेदकों और राज्य सरकार की उदासीनता के कारण सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण आम लोगों को कठिनाई होती है । अतः संबंधित सांसदों को उक्त योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण की अनुशंसा का अधिकार देना बेहतर होगा ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि क्षेत्र की निर्माणाधीन और अधूरी सड़कों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की व्यवस्था करते हुए माननीय सांसदों को उक्त योजना के अंतर्गत नई सड़कों के निर्माण कराने का अधिकार प्रदान कराने की व्यवस्था की जाए ।

(xvii) Need to revive the closed sugar mills in Bihar and also provide a special package for development of silk industry in Bhagalpur in the State

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : आम चुनाव के समय माननीय प्रधानमंत्री जी ने बिहार के लोगों से वायदा किया था कि मैं ही बिहार को उन्नति के पथ पर ला सकता हूँ और यह भी कहा था कि बिहार की सभी बन्द पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू किया जाएगा । इसी प्रकार भागलपुर, जो कि रेशम उद्योग के लिए विख्यात था, आज अपना अस्तित्व खोता जा रहा है । उसे भी विकसित किया जाएगा, जिससे कि वहाँ के करीब पाँच लाख बुनकरों की स्थिति में सुधार लाया जा सके । वे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी विशेषकर बुनकरों के लिए योजनायें बनवा रहे हैं, उसी के साथ भागलपुर को भी जोड़ा जा सकता है।

उत्तर बिहार की बन्द पड़ी चीनी मिलों में लाखों लोग कार्यरत थे । वे आज भुखमरी के कगार पर हैं । किसानों की हालत दयनीय होती जा रही है । गन्ना का उत्पादन बन्द करना पड़ा, क्योंकि चीनी मिलें बन्द हो चुकी हैं । बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है । राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से इसका विकास नहीं कर सकती है ।

अतः मेरी माँग है कि केन्द्र सरकार विशेष पहल कर बिहार की बन्द पड़ी चीनी मिलों को आर्थिक मदद प्रदान करे । साथ ही साथ भागलपुर में भी रेशम आधारित उद्योगों की स्थापना और विकास हेतु बिहार राज्य के लिए विशेष पैकेज मुहैया कराये, जिससे कि वहाँ का सर्वांगीण विकास किया जा सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

(xviii) Need to set up a AIIMS like institute in Bhagalpur, Bihar

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): बिहार राज्य के लिए बजट 2015-16 में भारत सरकार द्वारा दूसरे एम्स के लिये घोषणा की गई है । बिहार राज्य के भागलपुर जिला सहित आस-पास के कई जिलों में मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल नहीं हैं जिसके चलते गंभीर रूप से घायल, बीमार व्यक्तियों का इलाज नहीं हो पाता है । बिहार राज्य के पूर्वी सीमा पर स्थित भागलपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के खोले जाने की आवश्यकता है अगर यह संस्थान भागलपुर में स्थापित किया जाता है तो बिहार सहित झारखण्ड तथा पश्चिम बंगाल के गरीब मरीजों को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा । इस क्षेत्र में एम्स जैसे संस्थान की सुविधा नहीं होने से गंभीर बीमारियों तथा दुर्घटना में घायल लोगों को पटना तथा दिल्ली ले जाना पड़ता है जिससे गरीब मरीजों का आर्थिक बोझ बढ़ जाता है । साथ ही साथ लम्बी दूरी तक इलाज के लिए जाने के क्रम में मृत्यु हो जाती है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि बिहार राज्य के भागलपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की इकाई खोले जाने को मंजूरी देने का कार्य किया जाए जिससे गंभीर बीमारियों तथा दुर्घटना में घायल लोगों का अति तत्काल समुचित इलाज कराया जा सके ।

(xix) Need to safeguard the life and livelihood of people living in and around the Bodi area of Western Ghats selected for the proposed India-based Neutrino Observatory

ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI): The proposed India-based Neutrino Observatory (INO), the largest underground science laboratory in the world, is coming up in Bodi Hills of the Western Ghats which is in the highly deformed portion of the Suruli ductile Shear Zone. The proposed observatory will cause heavy blasting and dislocation of rocks underneath the Bodi Hills. There are many reservoirs within 50 km radius of the proposed site. The people in the region are worrying as the blasting of ones of rock will severely affect the aquifer, the rivers and the reservoirs. Moreover, the local population is worrying about radiation hazards too. Several agitations have reportedly taken place in the area against the INO project. Till date, there is no consultation with the neighbouring state Kerala about the project, even though the INO site was on Kerala – Tamil Nadu border. Hence, I urge upon the Government to intervene to safeguard the life and livelihood of people in the area.

14.17 hrs

STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITION AND RESETTLEMENT (AMENDMENT) ORDINANCE, 2014
AND
RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT (AMENDMENT) BILL, 2015 – Contd.

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Prahlad Singh Patel.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह): उपाध्यक्ष महोदय, मैं भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 का संशोधन करने वाले विधेयक के समर्थन में अपनी बात कहने के लिए यहां पर खड़ा हूं।

हमारी सरकार के नेतृत्व के प्रति हमारा अपना भरोसा मेरे समर्थन का एक बड़ा आधार है। इस सरकार का काम-काज और सरकार की विश्वसनीयता, जो हम पूरे दावे और विश्वास के साथ कह सकते हैं कि वह कभी किसान विरोधी नहीं हो सकती। हम यह मानते हैं कि जो 1894 से लेकर 2013 तक 100 वर्ष के बाद उस कानून में संशोधन करने की जो गति हमारी पूर्ववर्ती सरकारों में रही है, वह किसान के लिए सर्वाधिक कष्टकारी समय रहा है। मैं यह मानता हूं कि इसमें जो सत्य और तथ्य है, उससे परे जो भ्रमों की बात हो रही है, उस पर इस सदन को जरूर पारदर्शिता के साथ विचार करना चाहिए। हम पूरे विश्वास के साथ यह कहते थे कि किसी उद्योगपति को लाभ देने की कोई जरूरत नहीं है या किसी प्रकार का संदेह करने की जरूरत नहीं है, लेकिन जितने भी वक्ता इसके पहले बोले, जो हमारे प्रतिपक्ष में थे, उन्होंने इस बात का आरोप लगाया, लेकिन आज सरकार ने उस मंशा को भी साफ कर दिया कि अगर कोई शब्दावली है तो उसको संशोधनों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया कि हम किसी प्राइवेट संस्था के लिए भी किसान की जमीन का अधिग्रहण नहीं करेंगे, जो सदन में सरकार लेकर आ रही है।

दूसरे सबसे बड़ी बात होती है कि जब कानून बनता है तो राज्य उसके नियम बनाते हैं। कुछ परम्पराएं हैं, जो हम सब राजनेताओं के साथ चलती हैं। हम जन-प्रतिनिधि हैं, कानून तो 100 साल तक अंग्रेजों का चलता रहा, लेकिन न्याय के लिए हम सब लड़ते रहे, हम जैसे लोग किसानों का आन्दोलन चलाते रहे, क्योंकि, वह कानून, जिसकी यह बात की जा रही है, 2013 में जिसका संशोधन लाया गया था, उसको 118 साल तक इस कष्ट को देश के किसानों ने झेला। इसके लिए जिम्मेदार कौन है, इसका

श्री चिराग पासवान (जमुई) : सभापति महोदय, आपने मुझे भूमि अधिग्रहण बिल पर जो चर्चा चल रही है, उस पर मुझे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राम विलास पासवान और हमारी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी की तरफ से अपने विचारों को रखने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। उपाध्यक्ष जी, भूमि अधिग्रहण के इस बिल पर तमाम तरीके की चर्चाएं हुईं और चर्चा सिर्फ इस सदन में ही नहीं हुई, एनडीए के बीच में भी हुई है। हमारे तमाम गठबंधन साथियों के बीच भी यह चर्चा हुई है। यकीन मानिए कि यह इजाज़त, इतनी लिबर्टी हमें सिर्फ और सिर्फ इसी गठबंधन में मिली है, इस गठबंधन के नेतृत्व से मिली है, जहां पर हम जिनका प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके सरोकारों को हम खुल कर सरकार के सामने रख सकें। हमने ऐसा किया भी है। उपाध्यक्ष जी, किसानों की भूमि का हमारे देश में क्या महत्व है, यह कोई बहस का विषय नहीं है, इस पर कोई चर्चा की जरूरत नहीं है, हम सब जानते हैं कि भारत हकीकत में गांवों में बसता है और किसान हमारे भारत की आत्मा है। किसान कोई वोट बैंक नहीं है। हमारे लिए किसान हमारा अन्नदाता है। जो चीज़ किसानों के पक्ष में नहीं है, वह हमारे पक्ष में नहीं है, वह सरकार के पक्ष में नहीं है, वह विपक्ष के पक्ष में नहीं है, वह किसी के पक्ष में नहीं है। इसीलिए हम लोगों की भी कुछ चिंताएं थीं, जिनको हमने खुल कर सरकार के सामने रखा। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी एक छोटी पार्टी होने के बावजूद, भले ही संख्या बल में हम लोग कम हैं, उसके बावजूद सरकार ने जो हमारे सुझावों को सम्मान दिया है, उसके लिए मैं इस सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूँ। उसी के फलस्वरूप आज कुछ संशोधन सामने आए हैं। उन संशोधनों में यह वादा दिखता है कि चाहे कुछ भी हो किसान भाइयों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। स्वयं हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी, जो कि खुद एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं, उन्होंने खुद उस दिन इस संसद में खड़े होकर सम्बोधित करते वक्त इस बात को बहुत स्पष्टता से रखा कि हमारा एनडीए का गठबन्धन, हमारी सरकार कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेगी, जो किसानों के हित में न हो, जो गरीबों के हित में न हो। उनकी इस बात का मैं अपने दल की तरफ से पुरजोर तरीके से स्वागत करता हूँ।

महोदय, मेरा विश्वास, मेरा भरोसा हमारी सरकार पर है, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी पर है। यकीन मानिए जब हम लोग इस गठबन्धन का हिस्सा नहीं भी थे, इस गठबन्धन में आने की बहुत बड़ी वजह हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी रहे हैं। मैंने इस बात को खुलकर हर मंच पर स्वीकारा भी है। उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व से जुड़ने की मेरी चाह हमेशा से रही है। जिस तरीके से वे विकास की राह पर हमारे देश को आगे लेकर जाना चाहते हैं, उस सोच के साथ जुड़ने की हमारी आशा शुरू से रही है। आज भी हमारा यह विश्वास हमारे प्रधानमंत्री जी पर है कि कोई भी ऐसा कार्य हमारी सरकार के द्वारा नहीं किया

जाएगा जिसमें किसानों की या गरीबों की अनदेखी हो और यह उम्मीद कभी नहीं टूटेगी, यह भी हमारा विश्वास है।

महोदय, उद्योग और कृषि विकास रथ के दो पहिये के समान हैं और इन दोनों का एक-साथ, एक जैसा विकास होना बहुत जरूरी है। कृषक हमारे देश के विकास के रथ को आज यहाँ तक खींचते हुए आगे लेकर आए हैं, लेकिन कहीं न कहीं आज के इस ग्लोबलाइजेशन के दौर में उद्योग भी हमारी जरूरतें हैं। औद्योगीकरण भी हमारी जरूरतों में से एक है। मैं युवा हूँ, मैं युवाओं से जुड़ी हुई सबसे गम्भीर समस्या को समझ सकता हूँ, जो कि रोजगार की समस्या है। अगर हम रोजगार के अवसर, जिसके बारे में हम लगातार चुनावी वादों में कहते रहे हैं, अगर हम युवाओं के साथ जुड़ी हुई इस समस्या पर एक अंकुश डालना चाहते हैं तो उद्योगीकरण को बढ़ावा मिलना बहुत जरूरी है, उद्योगों का खुलना बहुत जरूरी है। एक दुष्प्रचार चल रहा है और लगातार हमारे आदरणीय वित्त मंत्री जी भी इस बारे में कहते रहे हैं कि Industry is not a bad word. मैं इस बात का पूरी तरीके से समर्थन करता हूँ कि Industry is not a bad word पर हाँ, किन शर्तों पर यह उद्योगीकरण हो रहा है, किन बुनियादों पर हो रहा है, कहीं किसी का इसमें अहित तो नहीं हो रहा है, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए हम तमाम सदस्य, जो इस सदन के सदस्य हैं, हम यहाँ पर एकत्रित होकर बैठे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है, हमें इस बात को सुनिश्चित करना है कि जब हम विकास की राह पर आगे बढ़ने की बात करते हैं, विकास के इस रथ के दोनों पहिओं को आगे लेकर चलने की बात करते हैं तो कहीं उनमें से कोई एक पहिआ पीछे तो नहीं छूट रहा है। कहीं किसी एक पहिए के विकास का प्रभाव हमारे दूसरे पहिए के विकास पर भारी तो नहीं पड़ रहा है। इस बात आश्वासन मुझे इस सरकार के द्वारा मिला है कि इस विकास की राह पर जितने प्रभावशाली तरीके से हम उद्योगीकरण को प्राथमिकता दे रहे हैं, उतनी ही हमारी प्राथमिकता किसान भाइयों के लिए भी रहेगी।

महोदय, मैं इस विश्वास के साथ कि आने वाले समय में हमारे किसान भाइयों का कोई अहित नहीं होगा और जिस तरीके से इस बिल के मूल ढ़ाँचे में संशोधन किए गए हैं, जिस तरीके से जो-जो

सुझाव हम लोगों ने अपने दल की तरफ से दिए थे, मैं दोबारा इस बात के लिए हमारी सरकार का धन्यवाद करना चाहूँगा कि जो हम लोगों की चिन्ताएं थीं, जिस तरीके से उन चिन्ताओं को, हमारे कन्सर्न को एड्रेस किया गया है और उसके बाद इन संशोधनों को सामने लाया गया है, उसका हम स्वागत करते हैं।

महोदय, अंत में, अपनी बातों को समाप्त करने से पहले इस उम्मीद के साथ कि प्रधानमंत्री जी जैसे सक्षम नेतृत्व में कभी किसानों के साथ, गरीबों के साथ कोई अहित नहीं होगा, इस बात पर विश्वास करते हुए मैं चिराग पासवान, लोक जनशक्ति पार्टी की तरफ से इस बिल का समर्थन करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

कुँवर भारतेन्द्र सिंह (बिजनौर): महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2015 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। अधिकतम बिन्दुओं पर इस सदन में योग्य सदस्यों और पूर्व वक्ताओं द्वारा चर्चा हो चुकी है। मैं केवल तीन बिन्दुओं पर चर्चा कर सरकार और आपका ध्यान आकृष्ट करवाना चाहता हूँ।

महोदय, यहाँ पर सभी उपस्थित सदस्य किसानों के अधिकारों के लिए चिन्तित हैं। हम किसान की बढ़ती हुई लागत और फसल के उचित मूल्य न मिल पाने की समस्या को भली-भाँति समझते हैं। मेरे क्षेत्र में मवाना चीनी मिल में पिछले तीन वर्ष से गन्ना भुगतान का बकाया है। ऐसी परिस्थिति में किसान के पास आज केवल अपनी भूमि ही है जिसकी कीमत और उसकी पूँजी बढ़ती जा रही है और उसे इसका सहारा है। यदि हम इस सदन में कठिन नियम बना दें जिससे किसान की भूमि का कोई खरीददार ही न बचे तो क्या यह किसान के हित में होगा? हमारे प्रतिपक्ष के साथियों ने भी अनेक चिन्ताएँ व्यक्त की हैं मगर केवल चिन्ताओं की बात करके और किसानों को दिग्भ्रमित करके क्या हम उनकी सहायता कर रहे हैं? क्या यह किसान के हित में है? जितना मौलिक ढाँचे का विकास होगा, जितना इनफ्रास्ट्रक्चरल डैवलपमैंट होगा, उतना ही किसान की भूमि के दाम बढ़ेंगे। बढ़ती हुई जनसंख्या और घटती हुई किसान की ज़मीन का एक ही उपाय है कि किसानों के बेटों को अच्छे वेतन का रोज़गार मिले। यह केवल औद्योगीकरण से ही संभव है। जितनी अधिक औद्योगिक ईकाइयाँ भूमि को खरीदना चाहेंगी, उतनी ही किसान की भूमि की कीमत बढ़ेगी। किसान का हित उसके ज़मीन के दाम बढ़ने में है। यदि हम ऐसे विधेयक पारित करें जिससे केवल भूमि-अर्जन नियमों के मकड़जाल में उलझकर केवल उन परिवारों का ही लाभ होगा जिनके हाथ और पाँवों की पहुँच कानून से भी लंबे हों या किसानों की भूमि सस्ते दामों पर किसी बड़े परिवार का दामाद खरीद ले, तो क्या इससे किसानों का लाभ होगा? पिछले दस वर्षों में हरियाणा में 18 हज़ार एकड़ भूमि का चेन्ज इन लैंड यूज़ हुआ है। इसमें हज़ारों लाख करोड़ों रुपये का घोटला है। मेरा आपके द्वारा सरकार से अनुरोध है कि इस घोटाले की जाँच की जाए। किसान को केवल उचित प्रतिकार और पारदर्शिता चाहिए जो इस संशोधन विधेयक में निहित है।

महोदय, प्रतिपक्ष के साथियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं जिन पर मैं माननीय मंत्री जी का पुनः ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। महाराष्ट्र में मगरपट्टा माडल है जिसमें किसानों को भूमि अधिग्रहण के पश्चात् हिस्सेदारी दी गई है। आंध्र प्रदेश के माडल में किसान, ज़मींदार और भूमि अर्जनकर्ता – तीनों के

लाभ पर ध्यान दिया है। मैं कहना चाहता हूँ कि इन दोनों माडल्स का अध्ययन कर माननीय मंत्री जी इन्हें सम्मिलित करें।

महोदय, पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की सख्त आवश्यकता है और नए राष्ट्रीय राजमार्गों की ज़रूरत है। भीड़ और यातायात से सड़कों पर जाम लगा रहता है। रेलवे लाईन और नए रेलवे स्टेशनों की मांग है। हवाई अड्डे की ज़रूरत है और इन सब प्रोजैक्ट्स को पूर्ण होने में पाँच वर्ष से अधिक समय लगता है। यह पाँच वर्ष से अधिक सीमा की मांग जो बार-बार प्रतिपक्ष के योग्य साथी कर रहे हैं, क्या यह उचित है? सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन पर बहुत सदस्यों ने चिन्ता व्यक्त की है। भट्टा परसौल का उदाहरण दिया गया है। मैं अपने योग्य साथियों को जानकारी देना चाहता हूँ कि भट्टा परसौल में 5(क) किसान की आपत्ति सुनना, का प्रकाशन नहीं किया गया था। चेन्ज इन लैन्ड यूज़ औद्योगिक के लिए की गई थी, किन्तु बाद में उसे आवासीय बना दिया गया। किसानों से भूमि के लिए विकास का कर्ज़ पहले जमा करने को कहा गया था, तथा किसानों को ज़मीन उचित प्रतिकर नहीं दिया। विवाद इन दो बिन्दुओं को लेकर हुआ था। यह विवाद पुनः न उठे, इसकी चिन्ता उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार संशोधन में सम्मिलित की गई है। मैं सदन को बताना चाहता हूँ कि भट्टा परसौल के किसानों की समस्या के निराकरण हेतु सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से किसानों का संवाद स्थापित है। आज शाम ही को हम माननीय मंत्री जी से भी मिल रहे हैं।

महोदय, कृषि योग्य भूमि और सिंचित भूमि अर्जन न होने की कुछ प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों ने सिफारिश की है। अभी-अभी दिनेश त्रिवेदी जी भी इसी बात को कह रहे थे। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या ये लोग हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश को विकास से वंचित रखना चाहते हैं? इस क्षेत्र की जनसंख्या अत्यधिक घनत्व में है, अतः रोज़गार की सबसे ज्यादा आवश्यकता पश्चिमी उत्तर प्रदेश में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं इस सदन को बताना चाहूँगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में घाटे में चल रही चीनी मिलों के अतिरिक्त कोई भी उद्योग नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का यह निश्चित मत है कि जनता को सरकारी तंत्र, गवर्नमेंट से अधिक सुशासन की, गुड गवर्नेंस की आवश्यकता है। भट्टा पारसौल और हरियाणा में एक प्रभावी परिवार के दामाद का भूमि घोटाला केवल कुशासन और भ्रष्टाचार का परम उदाहरण है।

मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि एन.डी.ए. सरकार में इस भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (संशोधन), विधेयक, 2015 से इन सब घोटालों पर पूर्ण विराम लगेगा।

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, आपने मुझे भूमि अधिग्रहण बिल पर बोलने का मौका दिया, धन्यवाद। जब चौधरी देवीलाल इस देश के कृषि मंत्री थे तो उन्होंने इस सदन में कहा था कि मैं किसान हूं, किसानों का दर्द समझता हूं। आज दिक्कत किसान को आ रही है और सांसें मेरी रुक रही हैं। आज इस सदन में बैठा हुआ हर किसान का बेटा या आज जो खेती करता है, वह बैठकर यही सोच रहा है कि किस तरह से इस बिल से निजात दिलाई जाये, पर कई साथियों की मजबूरी है कि वे सत्ता पक्ष में हैं, इसलिए वे इस बिल के विरोध में वोट नहीं डाल सकते।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब भूमि अधिग्रहण की बात की जाती है, आज जहां यह पार्लियामेंट है, जहां राष्ट्रपति भवन है, यहां पहले रायसीना गांव था। 1911 के अन्दर वायसराय ने एक ऊंची पहाड़ी देखी और वहां पर अपने लिए राष्ट्रपति भवन जैसे बड़े आलीशान बंगले को बनाने की शुरूआत की। उन किसानों को, जो रायसीना हिल पर रहते थे, उठाकर सोनीपत जिले में भेजा गया। आज यहां पर अरबों रुपये एकड़ की जमीन है और सोनीपत वाला किसान, जो यहां से 100 साल से भी पहले सोनीपत भेजा गया था, आज वह केवल लाखों रुपये एकड़ की जमीन का मालिक है। लैंड एक्वीजीशन किसानों की यह हालत कर देती है कि जब उनको डिस्प्लेस किया जाता है, उनको उठाकर भेजा जाता है तो उनको सोसायटी के अन्दर जगह बनाने में भी दोबारा दिक्कत आती है। सरकार कहती है, मेक इन इंडिया प्रोजैक्ट के लिए, स्पेशल कोरीडोर के लिए लैंड एक्वीजीशन बहुत जरूरी है, पर क्या वह लैंड एक्वीजीशन हमारे एन.सी.आर. के अन्दर आती है, क्या वह लैंड एक्वीजीशन हमारे मैट्रोज़ के पास ही आती है? लैंड एक्वीजीशन को सिर्फ यहीं रखा जाता है।

कल हमारे बड़े भाई साहब कीर्ति आजाद जी ने जब इस बिल का स्वागत किया तो वे कह रहे थे कि दरभंगा के अन्दर फैक्टरियां लगेंगी। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, अगर ये विश्वास दिलायें कि हरियाणा के सभी 21 जिलों के अन्दर बराबर इन्फ्रास्ट्रक्चर का डैवलपमेंट होगा, जब मैं 11 महीने का था तो चौधरी देवीलाल जी ने 21.5 एकड़ रेतीली जमीन मेरे नाम पर करवाई थी। आज मैं सरकार को यह विश्वास दिलाता हूं कि अगर इण्डस्ट्रियल डैवलपमेंट लम्बी के पास आएगी तो वहां रेलवे लाइन भी है, हाईवे भी है तो मैं सरकार को वह जमीन मुफ्त में देने को तैयार हूं, लेकिन सरकार हमारे लोगों को वहां पर एम्प्लायमेंट और इंडस्ट्रीज़ लाकर डैवलपमेंट का विश्वास दिलाने का काम करे।

जहां कल कीर्ति आजाद जी कह रहे थे कि लोगों को स्कूल बनाने के लिए, हॉस्पिटल बनाने के लिए सरकार को जमीन की जरूरत है। मैं हरियाणा का वाकया भी नहीं लेता, पिछले दिनों मुझे दिल्ली चुनाव में नजफगढ़ के रौशनपुरा गांव में जाने का मौका मिला। वहां पर ग्राम पंचायत के लोगों ने मुझे

बताया कि 17 एकड़ जमीन आज से 17 साल पहले, जब दिल्ली के अन्दर भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, ग्राम पंचायत ने दिल्ली सरकार के नाम पर रजिस्टर करवाई कि वहां पर स्कूल खोला जाये। 17 सालों में से 15 साल इनकी सरकार रही, दो साल इनकी सरकार रही, पर वहां पर आज तक लोगों को कालेज नसीब नहीं हुआ और वह 17 एकड़ जमीन आज भी बंजर पड़ी है।

आज सरकार कहती है कि एफोर्डेबल हाउसिंग हमने लेकर आना है, हम किस तरह के एफोर्डेबल हाउसिंग की बात करते हैं। आज गुड़गांव को उठाकर देखिये, यह दिसम्बर, 2013 की रिपोर्ट है कि अकेले गुड़गांव के अन्दर नौ लाख फ्लैट्स और घर खाली पड़े हैं। अगर आपने एफोर्डेबल हाउसिंग लेनी है तो उन पूंजीपतियों के फ्लैट्स पर जाकर कब्जा कीजिए, जिन्होंने अपने नाम पर 20-20 फ्लैट्स लेकर गुड़गांव में छोड़ रखे हैं और गरीबों को वे फ्लैट्स देने का काम कीजिए। मगर सरकार तो यह देखती है कि किस तरीके से, जहां मल्टी क्रॉप्स निकलती हैं, उस भूमि को लेकर हम आगे प्रोपर्टी डीलरों को बेचें। वहां चार एकड़ जमीन में से एक एकड़ में वह एफोर्डेबल हाउसिंग बनाएगा और तीन एकड़ में 50-50 लाख रुपये के फ्लैट्स बनाकर बेचने का काम करेगा।

माननीय सभापति महोदय, एक तरफ यह बिल लाया जाता है और बिल के अंदर सेक्शन-197 की बात की जाती है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप इस देश का इतिहास उठा लें और देखें कि जब से सी.आर.पी.सी. बना है, उस समय से सेक्शन-197 के तहत एक भी अधिकारी के खिलाफ नोटिस सैंक्शन तक नहीं हुआ है, इंक्वायरी और इंवेस्टीगेशन तो बहुत दूर की बात है। गरीब किसानों की जमीनें छीनने का काम किया है।

श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह : अभी जो जेल में दो आई.ए.एस. पड़े हैं, वे आपकी ही स्टेट के हैं।

श्री दुष्यंत चौटाला : माननीय मंत्री जी, यहां लैण्ड एक्वीजीशन की बात की जा रही है। कल तथागत जी बोल रहे थे कि हरियाणा के अंदर दस सालों में 65,000 एकड़ जमीन एक्वायर की गयी। वे अभी यहां नहीं हैं। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि 65,000 एकड़ नहीं, बल्कि 70,000 एकड़ ज़मीन दस सालों में एक्वायर हुईं। माननीय मंत्री जी, आप भी उसी सरकार का हिस्सा थे। आपने भी विधान सभा में इसका समर्थन किया था और इसके संबंध में रूल पारित करके ज़मीन दिलाने का कार्य किया था। आज आप उस तरफ आकर इस बिल को दुबारा इस सदन में पेश करने का काम कर रहे हैं। वह 70,000 एकड़ ज़मीन तो दस सालों में एक्वायर की गईं, लेकिन अगर आपकी यह पॉलिसी आ गईं तो हरियाणा प्रदेश की अगली दो पीढ़ियों के बाद हरियाणा के अंदर ज़मीन नहीं बचेगी। आप पूरे हरियाणा को एक्वायर कर लेंगे।

मैं सर छोटू राम का एक वाकया इस सदन में लाना चाहूंगा। सर छोटू राम जी संभल गए थे। जब वे संभल गए तो उन्होंने देखा कि वहां महिलाएं मंच की ओर अपनी पीठ दिखा कर बैठी हैं। उन्होंने पूछा कि इन महिलाओं के ऊपर वस्त्र क्यों नहीं है, ये पीठ दिखा कर क्यों बैठीं हैं? सर छोटू राम जी को बताया गया कि इनके पास ज़मीन नहीं है। उन्होंने उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी और किसानों, गरीबों, मज़दूरों को ज़मीन का आधिकारिक मालिक बनाने का काम किया। आज उन्हीं के वंशज उनके अधिकारों को छीनने का काम कर रहे हैं।

मैं सरकार के समक्ष सर छोटू राम जी का एक वाकया लाना चाहूंगा और उन्हें कोट करूंगा कि "हिन्दुस्तान की सभी प्रकार की सरकारों को कहना चाहता हूं कि वे किसान को इस कदर तंग न करें कि वह उठ खड़ा हो। इस भोलेनाथ को इतना तंग न करो कि वह तांडव नृत्य पर उतर आए। दूसरे लोग जब सरकार का विरोध करते हैं तो कानून तोड़ते हैं, मगर जब किसान सरकार का विरोध करता है तो वह कानून नहीं, सरकार की पीठ तोड़ने का काम करता है।"

मैं आज सरकार को बोलना चाहूंगा कि किसान रूपी जो हमारी ज़मात है, यह किसी जाति विशेष से नहीं आती। आज 36 बिरादरी के लोग खेतों के अंदर काम करते हैं। आज आप उस किसान की पीठ तोड़ने का काम कर रहे हैं। मैं सदन के एक-एक साथी से अपील करूंगा कि उस किसान को आप बचाने का काम करें।

हमारी पार्टी इंडियन नेशनल लोक दल इस बिल का पूर्ण तौर पर विरोध करती है और सरकार से यह मांग करती है कि इस बिल को दुबारा स्टैण्डिंग कमेटी तक भेज कर फिर से किसानों के अधिकारों के बारे में सोचा जाए, उनकी सहमति के बारे में सोचा जाए, सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट के बारे में सोचा जाए। यह फिर से सोचा जाए कि किस तरीके से हम गरीबों को मकान दे पाएंगे, मगर उससे किसान को नुकसान न पहुंचे।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से इस बिल का विरोध करता हूं और सरकार से यही आग्रह करता हूं कि इस बिल को दुबारा स्टैण्डिंग कमेटी में भेज किसानों की समस्याओं पर विचार करने का काम करे।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): सभापति महोदय, भारत एक ऐसा देश है, जहां 70% लोग आज भी खेती-किसानी पर अपनी आजीविका चलाते हैं और इन 70% लोगों में बहुतायत रूप से देश के कमज़ोर, दलित, पिछड़े समुदाय के लोगों की आबादी शामिल है। ये वह तबका है, जिसकी निर्भरता जल, जंगल और ज़मीन पर सामान्य वर्ग के लोगों से सबसे ज्यादा है। शायद इसीलिए आज जब हमारी सरकार भूमि अधिग्रहण अध्यादेश लेकर आयी है तो यह पूरा सदन और पूरा देश तमाम सवालों, आशंकाओं और चिंताओं से घिर गया है। ऐसा माहौल बन रहा है कि लगता है कि जब एन.डी.ए. सरकार इस कानून को संशोधित करके लाई है, तभी ये तमाम चिंताएं पैदा हुईं हैं। लेकिन, यह सच नहीं है। वर्ष 2013 का जो कानून बना था, उसमें भी कमियां थीं। उन कमियों को भी दूर करने की जरूरत थी।

मैं सदन के संज्ञान में लाना चाहूंगी कि वर्ष 2011 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री जी ने स्वयं तत्कालीन मंत्री श्री जयराम रमेश जी को इस कानून का विरोध करते हुए पत्र लिखा था। महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार ने ही मुआवजे की कीमत को 4 गुना से घटाकर 2.2 गुना करने का काम किया था। इतना ही नहीं केरल कांग्रेस की सरकार ने भी इस बात को पब्लिकली एडमिट किया था कि जो कानून यूपीए सरकार द्वारा बनाया गया है, उससे विकास असम्भव प्रतीत होता है। कमियां तब भी थीं, कमियां आज भी हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी सरकार ने, जो तमाम आपत्तियां विपक्ष के साथियों ने या सहयोगी दलों ने दर्ज कराई हैं, उस पर विचार किया है और तमाम संशोधन भी लाई है।

सबसे बड़ी आपत्ति या सबसे बड़ी चिन्ता बहुफसली जमीनों के अधिग्रहण को लेकर थी, जिस पर सरकार ने संशोधन किया है। हमारे तमाम साथियों ने कहा कि अगर कृषि प्रधान देश के अन्दर बहुफसली जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा तो इस देश की खाद्य सम्प्रभुता को खतरा पहुंचेगा। हमारे देश की बहुत सारी जमीनों का अधिग्रहण वर्ष 1894 से लेकर 2013 के बीच में हुआ। हमारे देश का किसान बधाई का पात्र है कि इतने अधिग्रहण के बावजूद भी देश के अन्दर किसी भी कीमत पर खाद्यान्न का संकट नहीं आने दिया। यह गौर करने लायक बात है कि ऐसा क्यों नहीं हुआ? ऐसा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि जो खाद्य का उत्पादन होता है, वह सिर्फ क्षेत्रफल पर नहीं, बल्कि हम खेती के कौन से तौर-तरीके इस्तेमाल करते हैं, इस पर भी निर्भर करता है। हमारी सरकार ने बहुफसली जमीनों के अधिग्रहण के प्रति जो चिंता व्यक्त की गई, उसको संज्ञान में लेते हुए दो अहम संशोधन किए हैं। पहला संशोधन यह किया गया कि जो एप्रोप्रिएट गवर्नमेंट है, वह किसी भी परियोजना के लिए एक सीमा तय करेगी कि कम से कम कितनी जमीन की आवश्यकता है और उतनी ही जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। भविष्य में विस्तार के नाम पर एक्सेज जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही जो तमाम सरकारें हैं, वे अनुपजाऊ भूमि का

सर्वेक्षण करेंगी और उसका रिकार्ड बनाएंगी। केवल ऐसी ही परिस्थितियों में बहुफसली जमीनों का अधिग्रहण होगा, जब किसी भी राज्य के अन्दर जो वेस्टेज लैंड है, जो अनुपजाऊ भूमि है, वह उपलब्ध नहीं है। निश्चित रूप से सरकार ने ये जो दो संशोधन किए हैं, इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है।

जहां तक सोशल इंपैक्ट असेसमेंट का सवाल है, इसको लेकर भी सदन में बहुत सारे साथियों ने अपनी चिंता व्यक्त की है। इसमें दोनों के प्रति चिंता है। जो किसान जमीन मालिक है, उसके प्रति भी चिंता है। उस जमीन पर जो अन्य लोग निर्भर हैं, जैसे पशु चराने वाले, घास काटने वाले, मजदूर, बटाईदार, ये तमाम लोग हैं, उनकी भी चिंता है। मैं सरकार से यह जरूर कहना चाहती हूं कि आप किसानों को मुआवजा दे देते हैं, किसान परिवार को आप नौकरी भी देंगे, ये दोनों बातें अच्छी हैं। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हमारे किसानों को जमीन हैंडलिंग तो आती है, लेकिन मनी हैंडलिंग नहीं आती है। मुआवजे की जो राशि किसान को मिलती है, उसे उसका रिस्क फ्री इन्वेस्टमेंट करना नहीं आता है। इसलिए वह राशि एक-दो साल में खत्म हो जाती है और उसके बाद किसान का परिवार भूखा मरता है। सरकार को अपने प्रावधानों में यह व्यवस्था जरूर करनी होगी कि किसान को जो मुआवजा दिया जाता है, उस मुआवजे की कुछ राशि को जो परियोजनायें या उद्योग लगाए जा रहे हैं, उसको शेयर के रूप में लगाया जाए, किसान को शेयर होल्डर बनाया जाए। अगर किसान को मालिकाना हक मिलेगा, किसान शेयर होल्डर बनेगा, तो कहीं न कहीं अधिग्रहण के नाम पर जो तमाम लोकल ईश्यूज आते हैं, स्थानीय प्रोटेस्ट होते हैं, ऐसी समस्याओं का सामना किसान को नहीं करना पड़ेगा। जो तमाम अन्य लोग हैं, बटाईदार मजदूर हैं, उनके लिए सरकार ने संशोधन करके व्यवस्था की है कि ऐसे प्रभावित परिवारों के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। इसके लिए मैं सरकार की सराहना करती हूं।

इस सदन में जो तीसरी चिंता रखी गई है, वह सरकार द्वारा बुनियादी सुविधाओं के नाम पर निजी अस्पतालों और निजी शिक्षण संस्थानों के लिए जमीन अधिग्रहण करने की है। इस संबंध में भी मुझे यह अवगत हुआ है कि सरकार ने इसमें संशोधन कर दिया है और निजी अस्पताल और निजी शिक्षण संस्थान के नाम पर सरकार किसी भी प्रकार का अधिग्रहण नहीं करेगी। हमारे विपक्ष के साथियों की इस चिंता का भी समाधान हुआ है। अधिनियम का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने के संबंध में जो बात थी, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवगौड़ा जी भी इस बात को कह रहे थे कि सरकार ने संशोधन किया है कि सरकार के पूर्व सैंक्शन के बाद कोर्ट इसमें हस्तक्षेप कर सकती है, ऐसे मामलों का संज्ञान लेकर कार्रवाई कर सकती है। लेकिन अगर ऐसी परिस्थितियां हों कि जो हमारे अधिकारी हैं, वे राजनेताओं के साथ साठगांठ कर लें या जैसा कि हमारे भाई प्रहलाद पटेल जी ने कहा कि सिंचित

भूमि के आगे 'अ' लिखकर उसे असिंचित कर दें, लैंड यूज बदल दें तो इन प्रावधानों को और भी स्ट्रेंजेंट करने की जरूरत है। जिससे हमारे जो नौकरशाह हैं, जो ब्यूरोक्रैट्स हैं, वे किसानों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न कर सकें। मैं सरकार से इसकी अपील करती हूं। किसानों के संबंध में जो शिकायतें हैं उनके निस्तारण की व्यवस्था, जो सरकार अध्यादेश लायी थी, उसमें नहीं थी, उसमें भी सरकार द्वारा संशोधन किया गया है। जिला स्तर पर जूडिशियल ट्रिब्यूनल की व्यवस्था दी गई है जिससे उन तमाम शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। ये तमाम संशोधन जो सरकार ने किये हैं, उनके लिए मैं सरकार को बधाई देती हूं।...(व्यवधान) मैं एक और बात कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहती हूं।

आज हमारे देश में एस.ई.जेड. के नाम पर, सेना, सिंचाई, पी.डब्ल्यू.डी. रेलवेज, वन विभाग, ग्राम सभा, नगरपालिका के पास पहले से ही बहुतायत जमीन खाली पड़ी हुयी है, पहले उसको उपयोग में लाने की जरूरत है। सरकार ने जो पांच श्रेणियां बतायी हैं कि उन पांच श्रेणियों की परियोजनाओं के लिए, जैसे - डिफेन्स, रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्डस्ट्रीयल कॉरिडोर्स हैं, उनके लिए जब आप जमीन का अधिग्रहण करेंगे तो पहले हमारे पास जो सरप्लस जमीन है उसका इस्तेमाल होना चाहिए और उसके बाद अन्य श्रेणियों के लिए जमीन का अधिग्रहण होना चाहिए। उसके लिए भी सरकार सोशल इमपैक्ट असेसमेन्ट और सरकार ने राज्य सरकारों को जो ऑप्शन दिया है तो यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बनती है और राज्य सरकारें इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, इसकी व्यवस्था भी केन्द्र सरकार को करनी है।

मेरा सरकार से यही निवेदन है कि जो सुझाव दिये जा रहे हैं, क्योंकि आज भी इस बिल में उतनी कमियां हैं, जैसे वे पहले थीं, जैसे सरकार ने 9 संशोधन करके तमाम कमियों को दूर किया है, वैसे ही जो अन्य सुझाव दिये जा रहे हैं, जितना संभव हो उन्हें इसमें शामिल किया जाए। यह किसानों के हक और अधिकार की बात है। ...(व्यवधान) उनके लिए बहुत ही संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है।

श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अपनी पार्टी जे.एम.एम. की तरफ से इस लैण्ड बिल का पूरजोर तरीके से अपोज करता हूं क्योंकि यह कहीं न कहीं किसानों और आदिवासियों के हितों के खिलाफ जा रहा है। सरकार बहुत योजनाओं के लिए जो जमीन ली जानी है, उसका वर्ष 2013 के लैण्ड बिल में कोई विरोध नहीं हो रहा था। अगर देश के हित में जमीन का इस्तेमाल हो तो कहीं उसका विरोध नहीं है, लेकिन कितनी जमीन की जरूरत है? जिस तरह से इस लैण्ड बिल को लाया गया है, उससे सिर्फ उद्योगपतियों का भी फायदा होने वाला है। मैं क्लाउज बाई क्लाउज चर्चा नहीं करना चाहता हूं क्योंकि बहुत सारे माननीय सदस्य उन पर बोल चुके हैं। उन्होंने बहुत विस्तृत रूप से क्लाउज बाई क्लाउज और अमैण्डमेन्ट पर डिस्कशन किया है।

हमारे क्षेत्र के आदिवासियों और किसानों से बातें उठ कर आ रही हैं, मैं उन्हें सदन में रखना चाहता हूं। यह एक ऐसा मेजर बिल है जो कहीं न कहीं हर आदमी को अफेक्ट कर रहा है। यह किसानों को अफेक्ट कर रहा है, जो हमारे देश की रीढ़ है। इसे बहुत जल्दबाजी में लाया जा रहा है। वर्ष 2013 की बिल पर बहुत डिस्कशन हुयी थी और आज यह बिल बहुत तेजी से लाया जा रहा है, कौन-सी ताकतें हैं, जो इसे तेजी से लाना चाह रही हैं? जब देश हित की बात की जा रही है तो इसे पूरे सिस्टमैटिक ढंग से डिस्कशन के लिए फ्लोर पर क्यों नहीं लाया जा रहा है? यहां पर यह सवाल बहुत जरूरी है। मैं बाइबल के कुछ शब्दों को यहां पर कोट करना चाहूंगा - 'What benefit does it do to a man if he gains the whole world but loses his soul.' बी.जे.पी. का मूल मंत्र है - 'सबका साथ, सबका विकास।' मैंने जो बाइबल के शब्द कोट किये हैं उनसे मैं तुलना करना चाहता हूं कि जब 'सबका साथ, सबका विकास' की बात आप कर रहे हैं तो इस देश की आत्मा हमारे गांवों में बसती है। आज जब किसानों के हित की बात आ रही है तो हम इसे बहुत हड़बड़ी में क्यों कर रहे हैं, इसे चर्चा में क्यों नहीं ला रहे हैं? …(व्यवधान) चर्चा करने की बात जरूर हो रही है लेकिन यह हड़बड़ी में बहुत हो रही है। …(व्यवधान) इसे स्टैण्डिंग कमेटी में भी ले जाने की जरूरत है। …(व्यवधान) यह आप भी स्वीकार करेंगे।…(व्यवधान)

<u>16.00 hrs</u>

झारखंड में कुछ समय पहले इलैक्शन हुआ था। उस वक्त प्रधान मंत्री जी आए थे और उन्होंने अपना भाषण दिया था। उन्होंने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा था कि कोई माई का लाल आदिवासियों की जमीन नहीं ले सकता। मैं इस सदन द्वारा आज उन्हीं बातों को उन तक पहुंचाना चाहता हूं। आज इस

विधेयक को लेकर झारखंड और पूरे देश के किसान, आदिवासी जमीन पर उतरे हुए हैं। आप कृपया अपनी कही हुई बातों को फिर से जरूर याद कीजिए। शैडयूल एरियाज़ में मैक्सिमम मिनरल माइन्स हैं। इस कानून से आदिवासियों का अधिकार छीना जाएगा। आदिवासी या किसान बहुत शान्त प्रवृत्ति के होते हैं। जब उन्होंने अपने हक के लिए लड़ाई लड़ी तो ब्रिटिशर्स को भी अपने घुटनों पर लाकर खड़ा कर दिया था। वे सब जगह जीत पाए थे और आदिवासियों के सामने उन्हें घुटने टेकने पड़े थे। चाहे सिधु कानू हो, तिलका मांझी हों या बिरसा मुंडा हों, इन सबके सामने उन्हें घुटने टेकने पड़े थे। वही बातें आज फिर से हो रही हैं। हमारे देश के किसानों, आदिवासियों के हित को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। बहुत ही सीमित साधन और कम आय में आदिवासी लोग खुशी से रह सकते हैं। यहां जिस तरह लैंड बिल लाया जा रहा है, यह सीधे तौर पर पूंजीपतियों को फायदा देने वाला है, किसान और आदिवासियों को फायदा देने वाला नहीं है।

हम आतंकवादियों की बात करते हैं। उनकी बंदूक, गोलियों या बमों से कितने लोग मरते हैं, 10, 20, 50, 100, 500. यह करोड़ों आदिवासियों, किसानों की जिंदगी से जुड़ा हुआ मामला है। इसलिए इस बिल पर डिसकशन करने की जरूरत है, इसे जल्दबाजी में पारित करने की जरूरत नहीं है। आप भारतवासी हैं और यहां के लोगों के हितों के लिए सोचना आपका कर्म बनता है।

इसमें जो संशोधन लाए जा रहे हैं, वे आम आदमी और किसानों के विरुद्ध हैं। इसे स्टैंडिंग कमेटी में भेजने की जरूरत है। झारखंड में नक्सलवाद की समस्या है। इस तरह के कानून बनने से कहीं न कहीं नक्सलवाद को बढ़ावा मिलेगा। अगर इस तरह उन लोगों की लैंड ली गई तो आने वाले समय में हमारे यहां के लोग नक्सली बन जाएंगे। वे लोग नक्सली न बनें, इसके लिए जरूरत है कि लैंड बिल पर एक बार फिर से बढ़िया डिसकशन की जाए। यह पार्लियामैंट हमारे कौन्सटीट्यूशन का मंदिर है। अगर यहां हमारे लोगों के हितों की रक्षा नहीं की जा सकती तो हमें भी नक्सलियों के साथ खड़े होकर लोगों के दुख-दर्द और हक के लिए लड़ना पड़ेगा। इतना कहकर मैं धन्यवाद करना चाहता हूं।

श्री दिलीप सिंह भूरिया (रतलाम) : सभापति महोदय, मैं लैंड बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आजादी के 68 साल बाद हम देश के किसानों के बारे में चर्चा कर रहे हैं। जब देश आजाद हुआ था, उस समय इसकी आबादी 36 करोड़ थी। उस वक्त हम बाहर से अनाज मंगवाते थे। आज भारत की आबादी 125 करोड़ है। हम 125 करोड़ लोगों को खिलाने के बाद दुनिया के बहुत से देशों में अपने देश का अनाज भेजते हैं और उनका पेट भरते हैं।

सभापति महोदय यह क्यों हुआ, विज्ञान डेवलप हुआ, किसान को क्या चाहिए, किसान को पानी और बिजली चाहिए। जब मैं सातवीं लोक सभा में चुन कर आया था उस समय पार्लियामेंट के सामने चार गाड़ी खड़ी रहती थी, हम उस समय सिटी बस में आते थे। आज हम साढ़े सात सौ एम.पीज के पास गाड़ियां हैं। गाड़ियों को रखने की जगह नहीं है। ...(व्यवधान) अगर आप गाड़ियों में घुमेगें और वोटरों से कहेंगे कि मेरे पास गाड़ियां नहीं हैं। क्या वह हमें पसंद करेंगे। आप बताइए कि हम गाड़ियां नहीं लेंगे, गाड़ियां नहीं रखेंगे। जब हमारी आबादी 36 करोड़ थी तब हमारा पेट नहीं भरता था, आज हम 125 करोड़ हैं। आप किसानों को भ्रमित मत कीजिए। आप खुद भ्रमित हैं, किसान भ्रमित नहीं है। मैं मध्य प्रदेश की बात बता रहा हूं। मध्य प्रदेश में 10 साल तक कांग्रेस का राज था। बिजली कहीं नहीं मिलती थी। आज मध्य प्रदेश में 24 घंटे बिजली मिल रही है। ...(व्यवधान) यहां कमल नाथ जी बैठे हुए हैं, 24 घंटे बिजली मिल रही है और मध्य प्रदेश का एग्रीकल्चरल ग्रोथ 25 प्रतिशत है जो हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा है। यह सब क्यों हुआ? आदरणीय कमल नाथ जी बैठे हुए हैं। जब नर्मदा की बात आई, हमने उस पर बांध बनाया, किसानों के खेतों में पानी गया, बिजली दी, यह विकास है। अगर आप किसानों को भ्रमित करके वोट लेना चाहते हैं तो आपको वोट मिलने वाला नहीं है। मध्य प्रदेश में नगर निगम का चुनाव हुआ, कमल नाथ जी बैठे हैं। 14 सीटों में से 14 जीत गए। किसान आप से भ्रमित नहीं है। यही स्थिति पंचायत चुनाव की भी है। आप स्टैंडिंग कमिटी की बात कर रहे हैं। हम यहां 550 एम.पीज बैठे हैं, आप चर्चा कीजिए, सरकार चाहती है कि हम अच्छे से अच्छा बिल लाएं, मोदी सरकार गरीब और किसानों का भला करने वाली सरकार है। ...(व्यवधान) आप क्या चाहते हैं।

माननीय सभापति: प्लीज बैठ जाइए। प्लीज कन्टीन्यू। अगर ऑब्जेक्शनेबल होगा, उसे डिलीट कर देंगे।

श्री दिलीप सिंह भूरिया: सभापति जी, अभी ये आदिवासी और ट्राइबल्स की बात कर रहे थे। वर्ष 1996 में आदिवासियों के लिए कानून बना है। मैं उस कमेटी का चेयरमैन था। पीसा कानून द्वारा आदिवासियों को यह हक दिया है कि जब तक ग्राम सभा द्वारा तय न हो आदिवासियों की जमीन न ली जाए। मगर ओडिशा में क्या हो रहा है? आप शिड्यूल एरिया की बात कर रहे हैं। वहां की सरकार और चीफ मिनिस्टर खदानों के

लिए जमीन मांग रही है। पहले आप गरीब के लिए कानून बनाइए, यह सरकार गरीबों की सरकार है। यह सरकार किसानों की सरकार है।

हम चाहते हैं कि भारत दुनिया में नम्बर वन देश बने। …(व्यवधान) भारत विकसित हो, तो वह कहां से विकसित बनेगा? हम सड़कें नहीं बनायेंगे, तो क्या वह विकसित होगा? जैसे मैंने पहले की पार्लियामेंट की बात कही कि हम पैदल आते थे। अब हम गाड़ी में आते हैं। हम फोर लेन्स बना रहे हैं, तो क्या उसके लिए जगह नहीं लेगी? …(व्यवधान) सिक्स लेन्स बना रहे हैं, तो क्या उसके लिए जगह नहीं लगेगी?…(व्यवधान) हमने बड़े-बड़े डैम्स बनाये हैं। अभी देवेगौडा जी कह रहे थे कि कावेरी और कृष्णा नहीं बनती, तो तमिलनाडु और कर्नाटक की क्या स्थिति होती, आंध्र प्रदेश की क्या स्थिति होती? …(व्यवधान) मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

16.11 hrs (Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

मैं सभापति महोदय से कहूंगा कि पूरा आपोजिशन भ्रमित है। ये देश का विकास नहीं चाहते। ये किसानों के खिलाफ हैं। …(व्यवधान) किसान अपने बच्चों को पढ़ाये। …(व्यवधान) किसान अपने बच्चों को डाक्टर, इंजीनियर, वकील या नेता बनाये, क्योंकि वह भी आजाद हिन्दुस्तान का नागरिक है। वह क्यों नहीं आगे बढ़ेगा? …(व्यवधान) मैं खुद आदिवासी हूं, किसान हूं। हम क्यों नहीं अपना विकास करेंगे? हम देश के साथ चलेंगे। …(व्यवधान) ये सारी चीजें हैं। आप भ्रमित न हों, किसान भ्रमित न हों। अगर किसान भ्रमित होगा तो वह खत्म हो जायेगा।

सभापति महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri Thota Narasimham.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please sit down.

Shri Thota Narasimham.

SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA): Hon. Chairperson, Sir, thank you very much for giving me this opportunity.

First of all, I rise to support the Bill on behalf of my Party, Telugu Desam Party. This Bill provides provisions for land acquisition as well as rehabilitation and resettlement. It replaces the Land Acquisition Act, 1894. Discussions to amend the colonial Land Acquisition Act, 1894 continued over nearly three decades under successive Governments. In parallel, there were conferences and debates in the civil society also. The result is the Land Acquisition Relief and Rehabilitation (Amendment) Bill.

One issue in India is that the records of land holding cannot be easily verified. This opens the possibility of disputes after purchase. Industrial enterprises use this fact to argue that the Government should acquire land on their behalf.

From the year 2008, the main reason for the failure of our economic policies targeted to achieve substantial growth rate is due to languishing corporate investment. Three main reasons for these are environmental laws and clearances, problems with land acquisition and to provide effective infrastructure on time. Because on these reasons, Land Acquisition Relief and Rehabilitation Act, 2013 came into limelight again. The present amendments are made to balance and recalibrate the Government laws and policies.

Hon. Chairperson, Sir, at the same time I would like to bring some important points to the notice of the Government.

Acquisition of land means not merely loss of land and home but also loss of livelihood, loss of a community and cultural continuities and loss of a way of life.

This is bound to be a traumatic experience. The Government has to keep this in mind while acquiring land.

In India, land is an emotionally attached factor for most of the farmers. Many farmers have small landholdings and they are mainly depending on those holdings to eke out their livelihood. These holdings have been transferred from their ancestors. Hence most of them are sentimentally attached to their lands. Any type of land acquisition should not affect their sentiments as well as their livelihood.

The policies of the Government should be to protect the interests of the farmers, small peasants and common man, and simultaneously giving thrust to economic growth of the country. The policies of the Government should be farmer-friendly, common man-friendly as well as growth-friendly. There is a thin line between them. So, a balance has to be maintained. Then only, comprehensive growth can be achieved. Growth should be appreciated. At the same time, cancer is also a growth. But cancerous growth is not desirable for any upcoming healthy society like India. The previous Government had neglected this point in the name of SEZs. I believe that this Government cannot go in that direction.

Sir, we have taken up land acquisition in Andhra Pradesh for our Capital through an innovative idea called ‘Land Pooling’. Our Chief Minister Shri Nara Chandrababu Naidugaru has prestigiously taken up this innovative initiative. This is a dual benefit programme for both farmer and the Government. Every farmer is happy with this system compared to land acquisition.

Sir, I want to caution the Government that land should not be used as a source for employment generation and job creation. When the acquisition of land is inevitable, farmers depending upon that land should not be left jobless. They should be involved in some kind of employment linked up with the land elsewhere.

The process for land acquisition involves a Social Impact Assessment Survey, preliminary notification stating the intent for acquisition, a declaration of

acquisition and compensation to be given by a certain timeframe. All acquisitions require rehabilitation and resettlement to be provided to the people affected by the acquisition. The requirement of a Social Impact Assessment for every acquisition without a minimum threshold may delay the implementation of certain Government programmes. So, a minimum threshold may be fixed for SIA.

Sir, certain safeguards are incorporated in the Bill for the benefit of the land owners. Compensation for the owners of the acquired land shall be four times the market value in case of rural areas and twice in case of the urban areas. In case of acquisition of land for use by private companies or public private partnerships, the consent of 80 per cent of the displaced people will be required. However no such consent is required in case of PSUs. Purchase of large pieces of land by private companies will require provision of rehabilitation and resettlement.

Farmers' right to their land on which they are earning their bread and butter, should not be compromised. Their interests have to be protected.

Sir, I sincerely thank the hon. Prime Minister, hon. Minister of Parliamentary Affairs and also hon. Minister of Rural Development, who came out with open minds to incorporate necessary Amendments to this Bill. It is a welcome step in the right direction. I would appeal to all my colleague MPs to suggest measures to make this Bill more effective for the prosperity of our motherland.

Sir, while referring to this issue yesterday, my learned friend from YCP made some remarks saying that our Andhra Pradesh Government is acquiring land forcibly from the farmers. I want to clarify to my learned friend that some politicians may not be happy but most of the farmers are happy. They voluntarily came forward and handed over their land passbooks to the revenue officials. No force or pressure is applied during acquisition. Gram Sabhas were conducted and farmers' consent was obtained. We are giving good package to the farmers. Hence most of the farmers voluntarily came forward. We completed more than 90 per cent of the first phase of land pooling with the willingness and consent of the

farmers. We sincerely hope and trust that we will complete cent per cent land pooling with the total willingness of the farmers. It is the biggest success of our Telugu Desam Party Government in our State.

Mr. Chairman Sir, my another learned friend from TRS Party pointed out yesterday that Y.S. Rajasekhara Reddy garu and also Chandrababu Naidu garu extensively acquired lands in Hyderabad. Everybody in the country knows what Chandrababu Naidu garu did to Hyderabad. Who brought IT to Hyderabad? Who initiated and made Hyderabad as an IT hub? Who had taken up construction of Hitech City at Madhapur and International Airport at Samshabad? Through acquired lands, Chandrababu Naidu garu developed Hyderabad in the united Andhra Pradesh. He brought a brand image to Hyderabad. Now, it went to Telangana. The people of Telangana are reaping the fruits sown by Chandrababu Naidu. Now, they are criticizing our leader. The world recognized him. Leaders are unable to digest the truth. I leave it to their wisdom.

Mr. Chairman Sir, we want to assure the Government that we will certainly stand with them to take this country ahead duly balancing the interests of economic growth and job creation which left the poor people with much poverty.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) : माननीय सभापति महोदय, मैं अपनी पार्टी जनता दल (यू) की ओर से भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर पारदर्शिता अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2015 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

पूरी एक सदी की लंबी जद्दोजहद के बाद जब देश में " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार विधेयक, 2013" कानून बना तो लगा कि इस कानून के अमल में आते ही देश भर में अब किसान से जबरन जमीन हथियाने के खेल पर रोक लगेगी। किसानों की जमीन उनसे बिना इजाजत के अब कोई नहीं छीन पाएगा। बहरहाल कानून ठीक ढंग से अमल में आ पाता उससे पहले ही केन्द्र की भाजपा सरकार ने इसमें बदलाव करने का फैसला कर लिया। एक अध्यादेश के जरिए भूमि अधिग्रहण कानून में व्यापक संशोधन कर दिया। अध्यादेश ने कानून के मूल सिद्धांत को ही बदल कर रख दिया।

दिसम्बर, 2013 में सर्वसम्मति के बाद हमारी संसद ने जो भूमि अधिग्रहण कानून पारित किया था उसमें सरकार और पूंजीपतियों से किसानों की जमीन बचाने के लिए कई क्रांतिकारी प्रावधान किए गए थे। सरकारी, गैर-सरकारी किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण में संबंधित क्षेत्र के भू-स्वामियों की कुल आबादी के 70 फीसदी लोगों की सहमति को अनिवार्य बनाया गया था, लेकिन इस अध्यादेश में इस महत्वपूर्ण प्रावधान को खत्म कर दिया है। उस कानून में सिंचित कृषि भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाई गई थी। अध्यादेश में संशोधन के जरिए यह पाबंदी भी हटा दी गई है।

महोदय, मौजूदा सरकार ने, जो दिसम्बर, 2014 को भूमि अधिग्रहण से जुड़ा अध्यादेश पारित किया, जिसे कानूनी अमलीजामा पहनाने के लिए उसे इस सदन में लेकर आई है, उसके विरुद्ध देश भर में किसान संगठनों, विभिन्न संघों से लेकर सामाजिक संगठनों तथा राजनीतिक दल आन्दोलन कर रहे हैं। मैंने पूरे बिल का अध्ययन किया है, वास्तव में इसमें कई खामियां हैं, इसलिए इस तरह के आन्दोलन हो रहे हैं। अधिकांश राज्य सरकारें इस अध्यादेश के खिलाफ हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने लोक सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब के दौरान संसद में पहली बार भूमि अधिग्रहण पर विपक्ष के सहयोग की अपील की थी और यह भी कहा था कि किसानों के खिलाफ यदि एक भी चीज़ होगी तो मैं उसे बदलने के लिए तैयार हूँ।

मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ के लोगों का एक मात्र जीविकोपार्जन का मुख्य साधन खेती है। जो भूमि अधिग्रहण बिल लोक सभा में पेश किया गया है, उसमें बहुत सारी खामियां हैं। सरकार किसानों की कीमती भूमि का अधिग्रहण कर उन्हें बेदखल करना चाहती है,

जो गैर-कानूनी और असंवैधानिक भी है। भारत सरकार जब भी किसी परियोजना जैसे-पावर प्लांट, रक्षा उपकरण, एन.एच., रेलवे या किसी उद्योग-धंधे के लिए किसानों से जमीन का अधिग्रहण करती है, तो उसका उचित मुआवजा दिए जाने की बात करती है, किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं हो पाता है और किसानों को उसके लिए कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना पड़ता है और बड़ी मुश्किल से उन्हें न्याय मिलता है। लेकिन इस बिल में किसानों से वह अधिकार भी छीन लिया गया है। इस बिल में भूमि अधिग्रहण से पहले उसके सामाजिक प्रभाव का आकलन करना जरूरी नहीं बताया गया है जबकि इसके पूर्व के बिल में यह प्रावधान था कि भूमि अधिग्रहण से पहले उसके सामाजिक प्रभाव का आकलन करना आवश्यक है।

महोदय, वर्तमान बिल में राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा और ग्रामीण क्षेत्र के प्रोजेक्ट के लिए उपजाऊ भूमि का भी अधिग्रहण किए जाने की बात कही गई है जबकि पुराने बिल में बहुफसली और उपजाऊ भूमि का किसी विशेष परिस्थिति में ही अधिग्रहण करने पर विचार किए जाने का प्रावधान किया गया था। पूर्व के बिल में यह प्रावधान था कि किसानों की अधिग्रहण की गई जमीन पर यदि पांच साल में प्रोजेक्ट शुरू नहीं हुए तो किसानों को जमीन वापस कर दी जाएगी। यह सरकार जो नया बिल ले कर आई है और उसे कानूनी अमलीजामा पहनाना चाहती है, उसमें अधिग्रहण की गई जमीन पर प्रोजेक्ट शुरू करने की कोई समय-सीमा तय नहीं की है। इससे प्राइवेट कंपनियों को अधिग्रहण की गई जमीन पर अपने प्लान के मुताबिक बड़े आराम से काम करने की सहूलियत होगी।

महोदय, सरकार ने तो सार्वजनिक उद्देश्य की परिभाषा को ही बदल दिया है जिसके तहत सरकार की ओर से ली गई जमीन के दायरे में प्राइवेट अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और प्राइवेट होटलों को शामिल किया गया है जबकि इस एक्ट के मूल प्रावधानों में प्राइवेट अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और प्राइवेट होटलों के लिए सरकार की तरफ से जमीन के अधिग्रहण पर रोक लगाई गई थी। इस बिल के मुताबिक सरकार सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के नाम पर प्राइवेट खिलाड़ियों के लिए जमीन का अधिग्रहण कर सकेगी। सरकार पूरी तरह से उद्योगपतियों के दबाव के आगे झुक गई है। अधिग्रहण की गई जमीन पर कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं किया जाना उद्योगपतियों को खुली छूट देना है।

इस बिल में भूमि अधिग्रहण के मामले से पीड़ित किसान, न्याय पाने हेतु बिना सरकार की अनुमति के कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकता, उस पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया गया है।

महोदय, हमारी पार्टी इस बिल का पुरजोर विरोध करती है और मांग करती है कि इस बिल को लोकसभा की ग्रामीण विकास मंत्रालय की स्थायी समिति के पास पुनर्विचार के लिए भेजा जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री ओम बिरला (कोटा) : सभापति महोदय, आज एक महत्वपूर्ण बिल पर सदन में चर्चा हो रही है। भूसम्पत्ति कानून 1894 के बाद अब 120 साल बाद देश के अंदर किसानों के हित के लिए कानून बनाने की चर्चा हो रही है। हिंदुस्तान की असली आजादी तब मानी जाएगी, जब संसद के अंदर हम ब्रिटिश हुकूमत के सारे कानून समाप्त करके अपने देश के हित के लिए कानून बनाएंगे, तब हिंदुस्तान आजाद होगा। इस कानून को वर्ष 2013 में लाया गया था। 13 अलग-अलग अध्यादेशों से देश के अंदर भूमि अधिग्रहण की जा रही थी। 13 अध्यादेशों को मिलाकर एक कानून लाया गया, कानून को चाहे कोई भी दल की सरकार लाई हो क्योंकि कोई भी सरकार हो वह देश के किसान के हित में कानून लाती है, देश के विकास के हित में कानून लाती है। मेरे कांग्रेस के साथी चर्चा कर रहे थे कि हम तो किसान के हित में कानून लाए थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी जो संशोधन कानून ला रही है, वह पूंजीपति और भूमाफियाओं के पक्ष में कानून ला रही है। हमारे एक सम्मानित सदस्य ने कई माननीय सदस्यों की चर्चा की है कि उन्होंने संसद में यह बात कही थी। हमारे संसदीय कार्य मंत्री जी ने भी बताया था कि आपके राज्य के मुख्यमंत्रियों ने, आपके वरिष्ठ नेताओं ने संसद में और संसद के बाहर इस कानून के बारे में कहा था कि इस कानून से देश का विकास अवरुद्ध हो जाएगा।

जो लोग किसान हित की बात कर रहे हैं, अगर किसान हित के असली रखवाले होते तो क्या आज इस देश के किसान की ऐसी हालत होती? आज देश में किसान बदतर स्थिति में है। जो लोग सड़कों पर बात कर रहे हैं, हमसे कह रहे हैं कि भूमि के दलाल हो गए हैं, वे लोग इस कानून को ध्यान से पढ़ लें। यह कानून देश के विकास का कानून है। आज देश विकास मांग रहा है, आज देश नरेन्द्र मोदी के सपनों का देश मांग रहा है, जिसमें हर गांव के किसान को बिजली मिले, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर देश का चहुंमुखी विकास हो, देश के नौजवानों को रोजगार मिले। क्या आज हमें परेशानी नहीं होती है? गांवों में बिजली हो, सड़क हो, रेल हो, आज भी इन बुनियादी सवालों के लिए हम तड़पते रहते हैं। आज किसान चाहता है कि मेरे खेत में पानी पहुंचे, नहरें पहुंचें, बांध बनें, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप हो, देश का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप होगा तो देश के विकास को आधार मिलेगा। इस कानून की चर्चा करते हुए माननीय सदस्यगण राजनीतिक दायरे में इसका विरोध जरूर कर लें, लेकिन इस कानून की एक-एक धारा और धारा के बाद इसमें लाए गए संशोधनों को देखें। हम देशहित में कानून बनाते हैं। यह कानून इस बात को साबित करता है कि जहां देश का किसान खुशहाल होगा, वहां इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर हम देश के विकास की नई राह बनाना चाहते हैं। इस कानून में कहां लिखा है कि हम किसी होटलवाले को जमीन देंगे या निजी अस्पताल

को जमीन देंगे, इस कानून में कहां लिखा है कि हम भूमाफिया को जमीन देकर उसकी मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग बनाएंगे। हमने जमीन की बात की है तो रेल के लिए की है, देश के अंदर आज भी मलिन बस्तियों में जो लोग रहते हैं, जिस तरह की वे जिन्दगी गुजार रहे हैं, उनके लिए अच्छे मकान बनाने के लिए जमीन की हमने बात की है। जिस गांव में सड़क नहीं पहुंची है, हमने वहां सड़क पहुंचाने की बात की है। जिस गांव के खेत में पानी नहीं पहुंचा, उस खेत में पानी पहुंचाने के लिए बांध बने, नहरें पहुंचें।

कई माननीय सदस्य सड़कों पर आन्दोलन करते हैं कि देश में बांध नहीं बनने चाहिए, नहरें नहीं बननी चाहिए। यहां बैठे लोग चाहते हैं कि अगर देश और किसान को खुशहाल बनाना है, खेत में पानी पहुंचाना है तो वह काम बांध और नहरों से ही किया जा सकता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब यह कानून संसद के अंदर है, सारा देश सुन रहा है तो कानून की परिभाषा होनी चाहिए, हर सरकार चाहती है कि कानून बेहतर बने, लोगों की जिन्दगी को बेहतर बनाए। हमारे प्रधानमंत्री जी पांच साल के अंदर गांव के उस अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को बेहतर बनाने के लिए यह कानून लाए हैं। यह कानून इसलिए नहीं लाया गया है कि चार-छः उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जाए। मेरा दूसरा तर्क यह है कि अगर कोई कारखाना या उद्योग देश में लगेगा तो हम इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर विकास की कल्पना करेंगे। हम चीन की चर्चा करते हैं। हम मेक इन इंडिया बनाना चाहते हैं। मेक इन इंडिया बनाने के लिए उद्योगों को लाना पड़ेगा, उद्योगों को सुविधा देनी पड़ेगी। अगर एक गांव में कोई इंडस्ट्री आती है तो उसके आस-पास के गांवों में लोगों की जिन्दगी बेहतर हो जाती है। क्या उद्योगों का विरोध करके हम गांवों और शहरों के विकास को रोकना चाहते हैं, हम देश के विकास को अवरूद्ध करना चाहते हैं? संसद को इस कानून को पूरा पढ़ना चाहिए।

कई सम्मानित सदस्यों ने यहां तक चर्चा कर डाली कि यह कानून काला कानून है। सभापति महोदय, यह कानून देशहित का कानून है, इस कानून के आधार पर जहां देश का किसान खुशहाल होगा, समृद्ध होगा, इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। इसलिए मेरा इतना ही कहना है कि पूरी संसद को इस बिल को सर्वसम्मति से पारित करना चाहिए जिससे इस देश का किसान कह सके कि सारी संसद किसानों के हित में काम कर रही है। इतना ही मैं निवेदन करना चाहता हूं। धन्यवाद।

SHRI P.V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET): Thank you, Sir. We, YSR Congress Party, would like to reiterate our stand on this Bill. First, we are opposed to multi-crop irrigable land being taken under the Land Acquisition Act. Second, we want the social impact assessment clause to be retained in the same condition.

Sir, apart from the concerns of food security, the farmers, who are losing their lands, will be affected the most. In addition to the farmers, even the labourers, who are dependent on this land, will also be affected very much.

In our State, Andhra Pradesh, it is justified to spend Rs. 3.5 lakh to Rs. 4 lakh per acre to irrigate dry lands through various lift irrigation schemes, including the Handri-Neeva scheme. One the one hand, the Government is spending lakhs and lakhs of rupees per acre to irrigate lands. At the same time, in our State, in the capital region, 50,000 acres of land is being acquired, of which 10,000 acres is multi-crop irrigated land. It is not justified that at one place, we are spending crores and crores of rupess to irrigate the lands and on the other side, we are acquiring rich fertilile lands. Every year in the Budget, we have the Central and State Governments putting in huge amounts of money to irrigate lands. This is a national waste.

Sir, the social impact assessment is very important. Without a proper social impact assessment clause, the whole Bill will be spineless and of no use, which it was intended to be.

Sir, we want to bring in one more issue. We want the whole country to come under a uniform land acquisition procedure. In our State, Andhra Pradesh, the Government is following land pooling scheme wherein the farmers' land is taken by the Government without even paying one rupee and they are given back 30 per cent of their land in the form of developed commercial land. There is a lot of ambiguity in this procedure because the farmers, whose land is worth Rs. 20 lakh and the farmers whose land is worth crores of rupees, are getting the same amount of compensation and they are not sure where they will be getting this piece of land from.

There is one more thing that the State is already in a financial crisis. There is a huge revenue deficit for the State and we are not sure where the money will come from to develop the capital. In the mean time, large tracts of fertile lands are being acquired by the Government without any clarity. To avoid ambiguity, all these things should be discussed further and there should be one Central Act on land acquisition.

If our concerns are not addressed properly, we will definitely oppose this Bill. Thank you.

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Sir, I stand to oppose the Bill and agree with, at the outset, the views expressed by the hon. Members of different parties who have put forward their views in opposing this Bill.

Sir, I would like to know one thing from the Treasury Benches. After the parent Act, which was passed, came into existence, the Supreme Court had given various judgements upholding it. The Supreme Court had embraced the parent Act. The Supreme Court did not find it *ultra vires* or going against the principle of natural justice. The Supreme Court in Pune Municipal Corporation case upheld Section 24(2). In Radicap Finance case also, the Supreme Court upheld Section 24((2) and said that it is a statutory right. In Balaji Nagar, Shivraj, Velasan Kumar cases, the Supreme Court has given landmark judgements. The Government has no reason or rhyme whatsoever to bring an amendment. This is nothing but the dictatorial attitude of the Government that it brings such a legislation without a reason. These are based on nauseatingly vague assertions of the need for development.

A mention was made over here that the hon. Finance Minister had stated in his Press Conference that if SIA is asked for, then this will lead to sabotage by a neighbouring country. I would like to know what kind of arrogance and ignorance is this that you allow FDI and PPP in defence sector and it is not a threat to the national security, but when it comes to social impact assessment, the Finance Minister says that this can be sabotaged by a neighbouring country.

Sir, the Government has asked for suggestions. My request to the Government is to show me one democracy in the whole world which has such a legislation; show me one Government in the world which takes land from farmers and people, and resources of fishermen and give them to private individuals. We cannot give any example in any democracy wherein such a law was enacted.

If you want land development, then who is stopping it? Further, as regards this talk that industrial development has not taken place, we would like to educate the hon. Prime Minister that in 66 years, yes, development has happened. The development that has not happened, which you wanted, is the issue, but to say that it has not happened and I have an *allaudin's* lamp, which I rub and everything will happen is not going to happen.

Let me also put why cannot we ask the Government to go for private purchase. Kochin Airport is the biggest example of acquisition through consultation. IIM, Ahmedabad has done a study on it. Why cannot lease be given? This amendment is against Article 14 of Equality. Why do I say that? It is because what kind of favouritism is this that when it comes to industrial corridors land can be acquired, but what if I want land to be acquired for preservation of wildlife? What about preservation of wildlife? So, that is why this goes against Article 14. Your amendments are extra-Constitutional and they will not stand the test of law as the parent Act has withstood the test of law.

The Government's argument is about eminent domain. I agree that eminent domain is there, but eminent domain cannot go against Kameshwar Singh, Supreme Court judgement. Justice Mahajan found that even if the Constitution did not explicitly provide that a public purpose was required for employing eminent domain, such a condition is employed and that is what the Supreme Court has said. So, this argument of eminent domain has to go along with right to equality and argument of eminent domain has to go with public purpose.

Lastly, before I conclude, I think that and I might be wrong that we did a mistake, as hindsight, that why did we amend and why did we bring Article 44? What was the purpose behind bringing Article 44 of the Constitution? Why did we amend Article 31? Did we bring in the 44^{th} Constitutional amendment and did we bring Article 31 so that our resources can be given to the rich people?

I can give an example. The Telugu Desam people have just now said about Hyderabad. In the tenure of Telugu Desam and other Governments, 88,419 acres

was given to private individuals. The CAG Report said that 88,000 was given to 1,000 people and the CAG Report said that no public purpose was served. Is this the exploitation that you want wherein our resources will be taken away? Let me give a classic example of Maharashtra where at the Varasgaon dam 161 hectares of land was acquired. Now, what we see after Lavasa has come is that houses have been constructed around the dam. So, where is the public purpose?

This amendment and this Bill is nothing but a tool to exploit the people of India and to ensure that in this farce of development you want to ensure that all these corporates can take away all our resources. Hence, I oppose this Bill, and I oppose all the amendments that the Government is moving as this is extra-Constitutional.

Lastly, this Government stands by the theory of integral humanism of Pandit Deendayal Upadhyaya. I strictly oppose Pandit Deendayal Upadhyaya's theory, but in his theory he has said about land and about forest. Where is your ideologue theory? Why are you not standing by the theory of your ideologues? Thank you, Sir.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : सभापति महोदय, मैं इस बिल का सपोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। किसानों की बात करते हुए यह कहा गया है कि यह बिल किसानों के खिलाफ है। यह कहा गया है कि जो वर्ष 2013 का एक्ट है, वह किसानों के पक्ष में है। अभी जैसा कि माननीय सदस्य ने बताया कि पूरे विश्व में इस तरह से प्रॉपर्टी राइट लेने का कहीं अधिकार नहीं है।

<u>16.44 hrs</u> (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि जब संविधान बना था, तब राइट टू प्रॉपर्टी एक फण्डामेंटल राइट था। इस फण्डामेंटल राइट को हटा कर और जगह आप लोगों ने ही रखा है। अभी खड़गे साहब भी विराज रहे हैं, जहां तक वर्ष 2013 के एक्ट की बात है आप यह कह रहे हैं कि जो सोशल इम्पैक्ट का मामला है चैप्टर-2 और चैप्टर-3 वह अप्लायी होगा। आपने सैक्शन 2 में पब्लिक परपज़ दर्शाए हैं। आपने यह भी कहा है कि कंसेंट की जरूरत है। आपने यह भी कहा कि कंसेन्ट की जरूरत है। लेकिन चैप्टर 2 और सैक्शन 2 में जो आपने इस एक्ट की एप्लीकेबिलिटी बताई है, वह आपने कहीं नहीं लिखा है कि चैप्टर 2 और चैप्टर 3 सैक्शन 2 के लिए लागू होगा। आपने बहुत ही स्पेसिफिक लिखा है, जो सैक्शन 2ए कहता है, "The provisions of this Act relating to land acquisition, compensation, rehabilitation and resettlement shall apply." इसका मतलब यह है कि सैक्शन 2 के लिए जो भी पब्लिक परपज दर्शाये गये हैं, उनके लिए चैप्टर दो और तीन का कहीं हवाला नहीं है कि चैप्टर दो और तीन सोशल इम्पैक्ट और डिटरमिनेशन ऑफ पब्लिक परपज लागू होंगे। आपने स्पेसिफिक यह दर्शाया है कि सिर्फ पब्लिक परपज के लिए अगर लैंड ली जायेगी, तो चैप्टर 4, 5, 6, 7 और 8 भी लागू होगा, लेकिन चैप्टर 2 और 3 की बात कहीं नहीं कही है। मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने सैक्शन 10ए लाकर इस पोजीशन को इस बिल के द्वारा क्लेरिफाई किया है। अगर यह होता तो इसका मतलब यह है कि जितने भी पब्लिक परपज सैक्शन दो में दर्शाये गये हैं, उन सभी के लिए चैप्टर 2 और चैप्टर 3 को इग्नोर किये बिना आप लैंड एक्वायर कर सकते हैं, यह आपने एक्ट बनाया है। यही नहीं आपने सैक्शन 7 जो लिखा है, सैक्शन 7 में सैक्शन 4,5,6 और 7 सारा का सारा सोशल इम्पैक्ट और डिटरमिनेशन ऑफ पब्लिक परपज के संबंध में हैं, उसके बारे में आपने एक प्रोवाइजो डालकर तीन लाइन में डाइल्यूट कर दिया, उसमें आपने प्रोवाइजो डाला कि अगर यह सारा होने के बाद में. सोशल इम्पैक्ट का डिटरमिनेशन होने के बाद में, पब्लिक परपज का डिटरमिनेशन होने के बाद में अगर एप्रोपरिएट गवर्नमैन्ट अगर यह चाहती हो कि यह जमीन हमें चाहिए

तो सारी रिपोर्ट को इग्नोर करके वह ले सकती हैं। यह आपने एक्ट बनाया है और आप कहते हैं कि यह हमने किसानों के फेवर में बनाया है।

सैक्शन 10 ए उन प्रोजैक्ट्स के लिए लाया गया है, जो प्रोजैक्ट्स नेशनल इम्पॉर्टेन्स के लिए हैं, जो प्रोजैक्ट्स किसानों के लिए हैं। आज किसान हमें कहता है कि नदियों से नदियों को जोड़ने का प्रोजैक्ट कब होगा, आज किसान कहता है कि मेरे खेत में पानी कब आयेगा, आज किसान कहता है कि मुझे 24 घंटे बिजली कब मिलेगी, आज किसान कहता है कि मेरे खेत के सामने रोड कब मिलेगी? ये सब कोई हवा में नहीं होता है, ये सब जमीन पर होता है। लेकिन इसके लिए आपने यह कहा कि अफैक्टिड फैमिलीज से पूछा जायेगा। चैप्टर 2 और 3 में आपने प्रावधान किया कि अगर हिमालय में बांध बनाना है और पानी राजस्थान, पंजाब, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली में पहुंचाना है तो उन फैमिलीज को पूछा जायेगा कि वहां पानी देने के लिए या बिजली देने के लिए आप सहमति देते हैं या नहीं देते हैं, कौन सहमति देगा तो इस तरह के आपने प्रोविजन बनाये हैं। फिर आप कहते हैं कि यह किसानों के पक्ष में हैं, लेकिन यह किसानों के पक्ष में नहीं है, क्योंकि आप उन्हें पूछ रहे हैं। पब्लिक परपज यह है कि अगर पूरे देश में आज किसान चाहता है कि बांध बनने से जो हमारे प्रधान मंत्री जी और पूर्व प्रधान मंत्री, श्री वाजपेयी जी ने भी यह बीड़ा उठाया कि नदियों से नदियां जुड़ें और हर किसान के खेत में पानी पहुंचे, उसके लिए नदियों से नदियों को जोड़ने के लिए जमीन लेनी पड़ती है। जहां तक मुआवजे की बात है, मुआवजा चार गुणा है। जहां तक सैटलमैन्ट और रीहैबिलिटेशन की बात है, उसे कोई टच नहीं किया गया है।

इसमें यह भी कहा गया है कि जहां तक कम्पैनेसेशन की बात है, कई बार यह मुद्दा आया था कि कम्पैनसेशन क्या होगा, सर्किल रेट होगा या क्या होगा। एक्ट में हमने कोई टच नहीं किया है, वह अनअफैक्टिड हैं। कम्पैनसेशन के बारे में सैक्शन 26 में साफ लिखा हुआ है कि मार्कट वैल्यू होगी और उस मार्कट वैल्यू का डिटरमिनेशन या तो सर्किल रेट होगा या उस एरिया की जो सेल डीड होगी या निगोशिएशन प्राइज होगा और उसके बाद जो भी हायर होगा, वही उसका कम्पैनसेशन होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity. Yesterday also, I had given a notice regarding a statement which is misleading the entire House. So, kindly give me two more minutes.

First of all, I rise to oppose this Bill. I was wondering and hearing the speech of learned advocate Shri P.P. Chaudhary. Shri Chaudhary has just concluded his speech by saying that this legislation is in favour of farmers. I would like to ask the learned Member of this House Shri P.P. Chaudhary whether he would show any of the provisions of this amended Bill which is giving any additional benefit to the farmers than the Act of 2013. I am coming to the Bill.

The land issue is the core issue. It is the prime core issue as far as the social development, economic development and even the cultural development of our country or the society as a whole is concerned. From the days of Mahabharat Yudha, the land conflict has been there. We know about the Naxalite movement, Left Extremism, Left Wing Extremism as well as the Maoist movement. We know about Nandigram, Singur and the POSCO land issue. We very well know about all these issues. Now, when we go to the statistics of 2013-14, it is seen that 250 land conflicts took place in 161 districts. Keeping this in mind, the UPA Government has legislated the 2013 Act. According to me, that is the historic legislation in the parliamentary experience of our country. It is benefiting the poor farmers in the country. If we go through the Act also, it is giving fair compensation; it is providing just compensation. Resettlement is there; rehabilitation is there and also transparency in the land acquisition is also there in the Act of 2013. It is a wonderful legislation as far as the legislative process is concerned. There is no doubt about it. Yesterday Shrimati Supriya Sule also raised the same issue. I would like to know from the Government as to what prompted them to deviate from the original stand which they had taken in the year 2013. The whole-hearted support was given to this Bill by the BJP. Shrimati Sushmaji, Shri Rajnath Singh

as well as the present Speaker who was heading the panel of the Parliamentary Standing Committee vehemently insisted for the amendment and for the 2013 Bill. What prompted and what is the pressure now by which this new amendment is being brought to this House by means of an Ordinance?

Coming to the amendment, this amendment rolls back all the basic features and positive features of the 2013 Act. The heart and soul of the 2013 Act is taken away by means of these amendments. Shri Arun Jaitley, the hon. Finance Minister has stated that this amendment is to strike a balance between the industry and the farmer. What is the balance between the industry and the farmers? It is a significant step on the part of the Government. They are back-tracking from the movement of the country to have the land justice in the country by means of the 2013 legislation. Definitely, this is taking away the whole spirit of 2013 legislation. I strongly oppose the Bill.

Coming to the amendment number 1 relating to the consent and the social impact assessment, what do they mean by the consent? What is the consequence of taking away the term 'consent' from the existing Act? If the requirement of consent is being taken away from the original Act, it will be helping the forcible acquisition of land and also acquisition of excess land. That is the impact of taking away the consent. This is the bargaining power of the land owners. So, the consent is the heart of the Bill and the social impact assessment is the soul of the Bill. What is the social impact assessment? What is the valuation of the property? What is the loss and injury caused to the farmers by means of land acquisition? That means, social impact assessment is having a direct bearing on the determination of the price of compensation. Shri Chaudhary was saying that the price of compensation was protected in this amendment. No, it is not. The social impact assessment is the criteria so as to determine the price of compensation for the land owners whose land is acquired. So, the determination of the compensation is lost or it is coming down. Impact assessment is lost and the bargaining power of the farmers is also lost.

Another amendment relates to the return of land after five years. What is the harm in it? The Government has to understand that it is unnecessarily supporting the corporate houses. Why should it? If the land is not utilised for five years after taking possession, it should be returned. Utilised here does not mean completion of the project. After complying and completing all the formalities and taking possession of the land, if you are not doing anything on the land, if you are not commencing the project for five years, then that land will be returned. This is an amendment brought by the UPA Government at the insistence of Madam Sushma Swarajji. What is the opinion of Madam Sushmaji now and what pressure has prompted you in taking away this provision of five years? Instead of five years, the Bill says 'a period specified for setting up of a project or five years or whatever it may be'.

Coming to the third amendment, I am thankful to the hon. Minister that private educational institutions and private hospitals are taken away. Thank you very much, Mr. Minister and the Government, for accepting this amendment of the opposition.

The fourth one is regarding the words private company and private entity. You go through the definition of private entity. All the organisations under the sun will come within the purview of private entity. What does it mean? Private company is changed to private entity. Partnership will come, NGO will come, every thing will come under the purview of private entity. This has been done just to please the corporate and big business houses.

My next point relates to what the hon. Minister said yesterday during his intervention. Hon. Minister of Parliament Affairs Venkaiahji, we have high regards for him, was trying to explain yesterday that this Bill is giving an additional benefit to the farmers. How? Hon. Prime Minister also said outside the House that this is giving additional benefit to the farmers. Let us examine Section 105. The argument of Shri Venkaiah Naidu, the hon. Minister, was that 13 new Acts have been incorporated in Schedule IV of the Act by means of the Ordinance.

It is absolutely false. It is misleading the House. This is Schedule IV of the 2013 Act. All the 13 Acts are incorporated in that Schedule IV. It is not being done by the NDA Government but it is as a consequent effect of Section 105. Also you are deleting Clause (iii) of Section 105, and incorporating a new Clause in Section 105. Let us analyse and compare the two provisions, amended provision and the original provision. Since there is not much time I am not able to read the entire Section. But because it is legislative process I would like to highlight this.

Clause (iii) of Section 105 says: "The Central Government by notification within one year from the date of commencement of this Act direct that any of the provisions of this Act relating to determination of compensation, First Schedule, Second Schedule … and finally with exceptions and modifications that do not reduce the compensation or dilute the provisions of this Act relating to compensation, rehabilitation and resettlement as may be specified in the notification as the case may be".

That means, as per the existing provision of Section 105, Clause (iii), you can only increase the compensation, you can only increase the benefits of resettlement and rehabilitation, you can never reduce the compensation. The hon. Minister yesterday was arguing the case of the Government that this is an additional benefit which is being provided to the farmers by incorporating 13 Acts under Schedule IV and giving a substituted provision of Clause (iii). It is absolutely misleading the House. No additional benefit is being provided by means of this amendment.

Once again I would like to say that the entire spirit of the 2013 Act is compromised. I would like to appreciate and congratulate the then UPA Government for enacting such a historic legislation after such a long time.

17.00 hrs

It was a colonial legislation of 1894. We have changed it. A sovereign legislation has come to the Parliament. After making a sovereign legislation, you are again going back to the colonial legislation. This is just to appease the corporate and business houses. I strongly oppose this Bill.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): उपाध्यक्ष महोदय, मैं भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्था में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के संशोधन विधेयक 2015 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

श्रीमन्, देखा जाए तो मुझे आश्चर्य होता है कि उधर से जो बात आ रही है, कई बार कहते हैं कि हज़ार असत्य बोलो तो वह भी सच में बदलने की कोशिश होती है। लगातार यह कहा जा रहा है कि यह विधेयक जैसे किसानों के विरोध में आ रहा है। केवल और केवल किसानों के विरोध की बात हो रही है। उसके सभी पक्षों पर विचार करके उसको ग्रहण करने की बात जहाँ होनी चाहिए थी, वह नहीं हो रही है। मैं कहता हूँ कि खंड 2 की उपधारा 3 जिसकी बड़ी चर्चा हो रही है कि सामाजिक प्रभाव का आकलन करने की बात होती है, राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। श्रीमन्, ढाँचागत विकास का है, रक्षा का है, विद्युतीकरण का है, गरीबों के लिए आवास का है। तो क्या आप यह कहना चाहते हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा, ढाँचागत विकास और गरीबों के लिए मकान और सड़क के पक्ष में आप नहीं हैं? आखिर भूमि का अधिग्रहण तो होगा। चर्चा हो रही थी कि पहले भी भूमि का अधिग्रहण होता था। अभी जब धारा में हमने पाँच वर्ष का प्रावधान किया कि पाँच वर्ष से बढ़कर हो, तो यह कहा जा रहा था कि पहले भी तो यह अधिग्रहण होता था। श्रीमन्, मैं कहना चाहता हूँ कि 2011-12 में देश में सबसे बड़ी 20 परियोजनाएँ आईं। उसमें आठ परियोजनाएँ आज तक भी अधिग्रहण के कारण लंबित पड़ी हुई हैं जिनकी लागत 1,65,000 करोड़ है। श्रीमन्, देश सफर कर रहा है। यह जो आर्थिक और सामाजिक विकास की बात की जाती है, मुझे अफसोस होता है कि केवल किसान की खेती जाएगी। मुझे लगता है कि मेरे एक सदस्य मित्र ने कहा कि शायद आप नहीं चाहते हैं कि किसान का बेटा भी पढ़े। यदि औद्योगिक क्षेत्र में हो तो वह गाड़ी ले, अपनी दुकान चलाए, अच्छा पढ़े। क्योंकि आज वे लोग किसानों के हितों की बात कर रहे हैं जिनके समय में किसान ने सबसे ज्यादा आत्महत्या की है। कब किसानों के बारे में चिन्ता की? एक विधेयक आया और वह भी सामूहिक रूप में विकास की दृष्टि से आया तो उसका ऐसा प्रचार करने की कोशिश हो रही है जैसे कि हम किसानों के विरोधी हों। श्रीमन्, मैं कहना चाहता हूँ कि यह सरकार ही किसानों की हितैषी है, उनके बच्चों की हितैषी है, उनके भविष्य की हितैषी है। यह एक्ट भी किसानों का परिवर्तन करने के लिए आया है। ये दोनों पक्ष जानने चाहिए। जहाँ बड़े औद्योगिक विकास हुए हैं, उसके इर्द-गिर्द देखिए 10-20 किलोमीटर तक वहाँ की आर्थिक स्थिति पहले क्या थी और अब क्या है, इसका आकलन और अध्ययन करें। यदि आप मुझे अनुमति देते तो मैं प्रमाणों के साथ आपको 50 ऐसे उदाहरण बता सकता हूँ जहाँ पहले औद्योगिक क्षेत्र

में विकास नहीं था, ऐसी भूमि थी जो बेकार भूमि थी और आज वह सोने की तरह लोगों को विकास की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

श्रीमन्, मैं कहना चाहता हूँ कि खाद्य सुरक्षा की बार-बार बात आ रही है। ज़मीनों की स्थिति यह है कि झारखंड में केवल 4.5 प्रतिशत सिंचित भूमि है, छत्तीसगढ़ में 27.6 प्रतिशत, राजस्थान में 26.4 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 44 प्रतिशत, कर्नाटक में 28.5 प्रतिशत, ओडिशा में 33.6 प्रतिशत और महाराष्ट्र में केवल 16.8 प्रतिशत सिंचित भूमि है। क्या हमने कभी यह विचार किया कि जो बहुत बड़ी मात्रा में असिंचित भूमि है, उसको हम सिंचित करें। आज सिंचाई के अभाव में किसान दम तोड़ रहा है। क्या जहाँ सिंचाई की बड़ी परियोजनाएँ होंगी, वहाँ ज़मीन का अधिग्रहण नहीं होगा? श्रीमन्, ज़मीन का अधिग्रहण होगा, इस कानून के लिए मैं सरकार को और माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि समयबद्ध तरीके से जो मुआवज़ा वर्षो में नहीं मिलता था, व्यक्ति भटकता रहता था लेकिन उसको मुआवज़ा नहीं मिलता था, इस अधिनियम के तहत एक समय-सीमा के अंदर उसको मुआवज़ा मिलेगा, उसको प्रतिकर मिलेगा और उचित मिलेगा, चार गुना ज़्यादा मिलेगा, यह इस अधिनियम में आया है। मैं कहना चाहता हूं कि बार-बार यह कहा जा रहा है कि सहमति नहीं ली जायेगी और केवल औद्योगिक क्षेत्र को लेकर बड़ी बहस शुरू हो गई। मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि औद्योगिक गलियारा भी बनेगा तो सरकारी गलियारा बनेगा, संयुक्त उपक्रम का बनेगा, वह उद्योगपतियों के लिए नहीं बनेगा। यदि वह संयुक्त रूप में बनेगा तो इस बात का क्यों विरोध हो रहा है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कोर्ट की बात बार-बार आ रही है। इस अधिनियम में साफ है कि किसान न्यायालय में जा सकते हैं तो कृपा करके देश की जनता को गुमराह मत करें। इसमें सहमति का भी प्रावधान है, मुआवजे का भी प्रावधान है और पुनर्स्थापना का प्रावधान है। जो अधिकारी, जो दलाल इसमें गड़बड़ करेंगे, उनके लिए ऐसा कानून लाया गया है कि वे जेल के शिकंजों में रहेंगे। ...(व्यवधान) आपको क्यों परेशानी हो रही है? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह जो नोएडा है, ये नोएडा का उदाहरण दे रहे हैं, ये पचासों उदाहरण दें, मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं, मैं नोएडा और अन्यों के उदाहरण में नहीं जाना चाहता हूं। वहां जिस तरीके से जमीनों का खुर्द-बुर्द हुआ है, उस खुर्द-बुर्द से किसानों को बचाने के लिए यह अध्यादेश लाया गया है और इसलिए मैं मंत्री जी को और सरकार को ढेर सारी बधाई देना चाहता हूं कि इससे सामाजिक उत्थान होगा, किसानों का हित होगा और देश प्रगति के शिखर पर जायेगा।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं दो दिन से बहस सुन रहा हूं। किसान जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं, विकास के नाम पर किसानों की जमीन अधिग्रहीत होनी चाहिए, इस तरह के विचार अनेक सदस्यों ने यहां रखे हैं।

मैं इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जब विनोबा जी ने भूमिहीन किसानों को जमीन दान करने के लिए किसानों से जमीन मांगी थी, तब इस देश के हजारों किसानों ने मुफ्त में उनको जमीन का दान दिया था। इस देश का यह इतिहास है। मैं महाराष्ट्र के कई समाज सुधारकों को जानता हूं, जिन्होंने गरीबों के बच्चों को स्कूल और अस्पताल बनवाने के लिए किसानों से मुफ्त में जमीन ले ली थी। किसान जमीन देने के लिए तैयार हैं, लेकिन किसान के पास से जमीन कौन मांग रहा है, यह सवाल है। अगर अपने निजी स्वार्थ के लिए कोई किसान की जमीन छीनना चाहेगा तो किसान हरगिज जमीन नहीं देगा।

मैं सदन से और सरकार से भी यह सवाल पूछना चाहता हूं कि आज तक जितनी भी जमीन किसानों से ली गई, उसका हिसाब कोई देगा? आप एक व्हाइट पेपर निकालिये कि किस मुद्दे पर, किस नाम पर आपने जमीन किसान से ले ली, उसका यूज़ चेंज हुआ कि नहीं, उस जमीन का क्या हुआ? होली के दिन मैं गांव गया था, तब कई किसान मेरे पास आये और उन्होंने कुछ सवाल मुझसे पूछे और उन्होंने कहा कि ये सवाल आप सदन में पूछो। सांगली जिले का सूर्यवंशी नाम का एक दलित किसान मेरे पास आया। उसने कहा कि 1994 में सिंचाई के नाम पर उसकी दो एकड़ जमीन सरकार ने अधिग्रहीत की और दस साल बाद वही जमीन सरकार ने नीलामी में बेच दी। उसको उस जमीन के 65 हजार रुपये दिये और दस साल के बाद वही जमीन सरकार ने 32 लाख रुपये में बेच दी। जिन छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम लेकर महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, शिवाजी महाराज ने पुणे में सोने का हल हाथ में लेकर जमीन में चलाया था। उसी चांकन खेड़ एरिया में सात साल पहले सेज़ के नाम पर भारत फोर्ज ने सत्रह लाख रुपये प्रति हेक्टेयर के दाम पर ज़मीन खरीदा और आज भारत सरकार को वहां एयरपोर्ट बनाना है। वहां सेज़ तो नहीं बना, लेकिन वही ज़मीन वह चार करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से बेचने को तैयार हो गया। वहां किसानों के लिए जो पैकेज का एलान किया गया था, उसमें कुछ भी नहीं हुआ। मेरे पास एन.डी.टी.वी. की एक रिपोर्ट है कि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में सेज़ के नाम पर जो 5,72,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हुआ है, उसमें से 2,55,000 हेक्टेयर भूमि का इस्तेमाल नहीं हुआ। इसका मतलब 45% ज़मीन वैसी की वैसी पड़ी है। किसानों की ज़मीन जब अधिग्रहित होती है तो उसे सालों-साल उसके मुआवज़े के लिए दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते हैं, अफसरों को रिश्वत

देनी पड़ती है। फिर भी उन्हें पैसा नहीं मिलता है। इसी तरह से, अगर उनके साथ विश्वासघात होता है तो किसान ज़मीन क्यों देगा? कोई सवाल पूछ रहा है कि अगर भूमि अधिग्रहण नहीं होगा तो सिंचाई के प्रोजेक्ट कैसे बनेंगे? मैं कहता हूं कि सिंचाई का प्रोजेक्ट करना है तो उसमें किसानों का हिस्सा रखें। बी.ओ.टी. के तहत आप सड़क बना रहे हैं। किसी निजी कंपनी को सड़क बनाने के लिए टेन्डर दे रहे हैं। उसे टॉल वसूलने के लिए परमिशन दे रहे हैं। उस टॉल में किसानों का हिस्सा रखिए। फिर किसान सड़क के लिए ज़मीन देगा। लेकिन, विकास के नाम पर हमारे किसानों की ज़मीनें छीनने की कोशिश की जा रही है। सरकार दलाल नहीं है, सरकार सब की है।

मैं सदन का और खासकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जब चुनाव लड़ रहे थे तो सरकार के नेता ने वादा किया था कि लागत मूल्य से 50% अधिक का मुआवज़ा देकर हम समर्थन मूल्य देंगे। वह तो आपने नहीं दिया। फिर अगर किसानों की ज़मीन छीनने की कोशिश होगी तो मैं चेतावनी देता हूं कि खून की नदियां बहेंगी, लेकिन हम एक इंच भी ज़मीन नहीं देंगे।

मैं इस बिल का विरोध करता हूं।

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : डिप्टी स्पीकर सर, मैं 'द राइट टू फेयर कम्पेनसेशन एण्ड ट्रांसपैरेंसी इन लैण्ड एक्वीजीशन, रिहैबिलिटेशन एण्ड रिसेटलमेन्ट (अमेंडमेंट) बिल, 2015' के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, जब से इन नौ महीनों के अंदर भारत की अर्थव्यवस्था ने चीन की अर्थव्यवस्था को भी पछाड़ा है और हम अग्रणी देश बनने की ओर अग्रसर हुए हैं तो ये जो हमारे कांग्रेस के मित्र हैं, इनके पेट में तब से मरोड़ें उठने शुरू हो गए कि यह जो सरकार है, यह तो नौ महीने में ही बहुत तेजी से विकास के पथ पर चल पड़ी है। इसलिए इस बिल के बहाने आज इन्हें ऐसा लगता है कि जैसे 'अलादीन का चिराग़' इनके हाथ लग गया है और हम इसका उपयोग करके सरकार को घेर लेंगे। यह इनका भ्रम है। ये दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि हमारी सरकार विकास के मामले में कोई भी साहसिक कदम नहीं उठा सकती।

मैं बताना चाहता हूं कि मैं हरियाणा प्रदेश से आता हूं। हरियाणा प्रदेश में किसानों से 80,000 एकड़ से भी ज्यादा की बेशकीमती ज़मीनें छीन ली गयीं और जिन्हें वे दी गयीं, उन्हें भी सारा देश जानता है। मैंने यू.पी.ए. सेकेंड के शासन काल में वेलेंटाइन डे को एक बड़ा ही व्यंगात्मक जोक अखबार में पड़ा कि इन हरियाणा सी.एल.यू. इज मोर इंपोर्टेंट दैन आई.एल.यू., चेंज ऑफ लैंड यूज एंड आई लव यू। हरियाणा प्रदेश के अन्दर जिस तरह से किसानों के ऊपर जुल्म ढाए गए, आज वे किस तरह की बातें कर रहे हैं। नन्दीग्राम में, सिंगूर में, उत्तर प्रदेश के अन्दर मायावती जी ने जो किया, आज वे हमारे ऊपर इस तरह के इल्जाम लगा रहे हैं। मैं बड़ा हैरान हूँ। " हम आह भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम, वे कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होता "। यू.पी.ए. शासनकाल में दस वर्षों के अन्दर 2.5 लाख किसानों ने आत्महत्याएं कीं, क्या वे इस बिल के कारण हुई थीं?

जब देश आजाद हुआ, हिन्दुस्तान की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान 65 प्रतिशत था, लेकिन आज यह घटते-घटते 15 परसेंट पर आ गया। क्या इसके लिए भी मोदी सरकार जिम्मेदार है? तब किसानों का शोषण किसने किया? आजादी के बाद 67 वर्ष तक जितना शोषण इन लोगों ने किसानों का किया, इतना शोषण आज तक नहीं हुआ। आज इस बिल के माध्यम से मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि आज जब मोदी जी ने वर्ष 2022 तक हिन्दुस्तान के पाँच करोड़ गरीबों, दलितों और आदिवासियों के लिए घर बनाने की बात कही है तो इनको लगने लगा है कि कुछ तो सिंहासन वर्ष 2014 में खिसक गया और कहीं ऐसा न हो कि वर्ष 2019 आते-आते इस देश के अन्दर तुम्हारा नाम लेने वाला न हो। ...(व्यवधान) तुम गरीबों की बात कर रहे हो, तुम्हारा चेहरा तो बेनकाब हो चुका है। ...(व्यवधान)

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूँ कि देश के रक्षा संस्थानों के लिए जो मेक इन इंडिया की बात हुई है, क्या यह आवश्यक नहीं है कि भारत अपने पैरों पर खड़ा हो, अपना जगुआर विमान बनाए, अपनी पनडुब्बियाँ बनाए? मैंने पहले भी सदन में कहा था कि हमें दूसरे देशों के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहिए। हमने अमेरिका से कम्प्यूटर चिप्स की बात कही थी, लेकिन उन्होंने हमारे हाथ में अंकल चिप्स पकड़ा दिया। आज जिन संस्थानों के लिए भूमि …(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Your time is over. We have to pass this Bill. The Minister is going to reply at 5.30 p.m. Please conclude now.

श्री रत्न लाल कटारिया: महोदय, मैं आदरणीय मंत्री जी को बधाई देना चाहूँगा। मैं इनको पिछले 40 साल से जानता हूँ। सर छोटू राम जी, जिन्होंने किसानों के लिए इतनी बड़ी लड़ाई इनके नाना जी ने लड़ी, यह कैसे हो सकता है कि इस महान सदन के अन्दर ये कोई किसान विरोधी बात करें। मैं इनका पूरा-पूरा समर्थन करता हूँ, धन्यवाद।

ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI): Thank you Mr. Deputy-Speaker, Sir. I rise to oppose this Bill.

The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, was enacted for the purpose of addressing the historical injustice meted out by the provisions of the Land Acquisition Act, 1894. As far as a farmer is concerned, the land is not a tool for earning his livelihood alone. It is an asset. In rural India, land is everything. Your social status depends on land. One's financial freedom depends on the land; everything is depending on the land. Every attempt is being made, through the provisions of the Bill, to grab the land from the hands of the farmers. It will affect their livelihood options. Earlier, there was article 31 in the Constitution to protect the right to property. It was enshrined as a Fundamental Right. But that right has been taken away by the 44th Constitutional amendment. Now, we have article 300A to guarantee the right to property. This is a constitutional right. We also have article 21, the right to livelihood. We have the Constitution. That is our Bible; that is our Gita; that is our Quran. As per our Constitution, the right to livelihood is protected.

As far as the farmers are concerned, the right to life has been enshrined as a Fundamental Right in our Constitution and by this amendment the Government proposes to take away that Right. As per Chapter II of the 2013 Act, there is provision for consultation and provision for social impact assessment. But now the Government proposes to take away these two provisions in the Act. By taking these two provisions, the very purpose and purport of the 2013 Act is sought to be nullified. So, the proposed amendment being brought forward by the Government has to be defeated by the House if our hearts are beating for the poor farmers.

This amendment seeks to dilute Section 101 of the Act which empowers the States to return the land to the owners in the event of the land remaining unutilised for a period of five years after the acquisition. Here, after issuing the preliminary notification we have experiences of the land being kept idle. Once the preliminary notification is issued the right over the land has been freezed for ever and the land cannot be used for any other purpose. One cannot pledge it for getting loan from the financial institutions; one cannot use it for any other purposes; one cannot even construct or reconstruct a house on that land. In my constituency there is a case where a notification was issued in the year 2000 for laying a Angamali-Sabri railway line. As per that notification, lands of thousands of people were frozen and they are not in a position to exercise their rights over their property.

The farmers are acquiring the land with desire; the farmers are possessing the land with great hopes and they are cultivating the land with dreams. Is the Government is willing to have more grains or is the Government is willing to maul over the dreams of the poor farmers? I would like to caution the Government that if this Bill is passed then the Government could have a nation of their choice only over the graves of the poor farmers.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Deepender Hooda – The Minister will be replying at 5.30 p.m. So, please be brief.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात को संक्षिप्त में बोलने का प्रयास करूंगा। आज मैं अपनी दल की ओर से सरकार द्वारा लाये गये इस बिल के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। दो दिनों से बहुत से टी.वी. चैनलों पर और मीडिया में अलग-अलग तरह की चर्चायें चल रही हैं, यह भी बात सामने आ रही है कि शायद बातचीत चल रही है। मैं आपके माध्यम से, इस सभा के माध्यम से पूरे देश के किसानों से अपनी दल की ओर से कहना चाहता हूं कि इस बिल के मामले में हम सरकार से कोई भी समझौता करने लिए तैयार नहीं है। हम किसानों के साथ खड़े हैं। ...(व्यवधान) इस बिल की क्या पृष्ठभूमि है? मैं दो दिनों से सदन में चर्चा सुन रहा हूं। क्या कारण है कि सारे दल, सारे विपक्षी पार्टियां, जो अभी तक एक नहीं हो पायीं, इस बिल ने उन सबको एक कर दिया। क्या कारण है कि सत्ता पक्ष के दल में भी एक दरार दिखायी दे रही है? अभी राजीव शेट्टी जी बोल रहे थे। वह सत्ता पक्ष के सहयोगी हैं। वह इस बिल के विरोध में बोल रहे थे। शिवसेना ने खुलकर इस बिल का विरोध किया है। क्या कारण है कि ये दरारें उत्पन्न हुईं और क्या कारण है कि पूरा विपक्ष एक हुआ? इसके पीछे एक राजनीतिक पृष्ठभूमि है और कानून कैसे बना, उसकी भी पृष्ठभूमि है। राजनीतिक पृष्ठभूमि यह है कि जब से यह सरकार आई है, इसकी एक छवि बनती जा रही है। पूरे देश में एक हवा बनी थी और उसके आधार पर लोग इस सरकार को यहां लेकर आए थे। उसके बाद एक छवि बनती जा रही है कि यह सरकार किसानों के विरोध में चल रही है और बड़े उद्योगपतियों, कारपोरेट घरानों के हक में चल रही है। एक के बाद एक किसानों के लिए जो फैसले आए, जब किसान की फसल मंडियों में आई तो फसल पिटी, धान पिटा, कपास पिटा, सरसों पिटा। उसके बाद जब किसान यूरिया लेने गया तो वह खुद पिटा। संशय है कि अब किसानों की भूमि के अधिकार को पीटने का काम भी यह सरकार इस बिल के माध्यम से करने जा रही है। दूसरी ओर एक वातावरण यह भी बनता जा रहा है कि सरकार बड़े उद्योगपतियों, कारपोरेट को बड़ा फायदा पहुंचाना चाहती है।...(व्यवधान) बजट आया तो उसमें कारपोरेट टैक्स में कटौती की बात आई। रेलवे को प्राइवेट-पब्लिक पार्टनरशिप के माध्यम से बढ़ाने की बात आई। वैल्थ टैक्स की बात आई। अब इस बिल के माध्यम से एक वातावरण बन रहा है। मैं समझता हूं कि देश सर्वोपरि है। नई सरकार है। देश में इनकी सरकार कम से कम चार साल तक रहेगी। मैं समझता हूं कि ऐसा माहौल बनाकर यह प्रभावी रूप से सरकार की गाड़ी खींच पाएंगे, ऐसा संभव नहीं है। दिल्ली में जो हुआ, उससे आपको सबक लेना चाहिए। ...(व्यवधान) मैं आपका शुभचिंतक नहीं हूं, देश का शुभचिंतक हूं। मैं चाहता हूं कि आप प्रभावी तरीके से सरकार चलाएं। आपको लोगों ने जनादेश दिया है। देश को आगे ले जाने के लिए आपको काम करने होंगे।

जहां तक कानून की पृष्ठभूमि की बात है, जैसे बहुत से सदस्यों ने बताया, 120 साल के बाद वर्ष 2013 में इस कानून को बदला गया।

17.27 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

120 साल पहले 1894 में ब्रितानिया सरकार इस कानून को लेकर आई थी। उसके बाद लगातार चाहे ब्रिटिश सरकार राज की बात हो, उसके बाद देश आजाद हुआ, प्रजातांत्रिक तरीके से विभिन्न सरकारें बनीं। इस कानून के आधार पर देश के विकास के नाम पर किसानों की जमीनें ली गईं। इसमें दो-तीन बार वर्ष 1962, 1967 और 1984 में अमैंडमेंट्स भी हुए, लेकिन हमेशा एक बात महसूस की गई कि यह किसानों के लिए बराबरी का कानून नहीं है।

आपके सदस्यों ने कई बार कहा कि 60 सालों से आपकी सरकार है। देश में 60 साल से हमारी सरकार नहीं है, इस देश के लोगों की सरकार है, लोकतंत्र की सरकार है। उसमें से 13 साल के करीब आपकी सरकार रही है और 49 साल हमारी सरकार रही है। हम 49 साल तक सत्ता में रहे हैं, लेकिन अपनी मर्जी से नहीं रहे, डंडे के जोर पर नहीं रहे, लोगों की मर्जी से रहे हैं, लोगों ने हमें यहां इतने साल तक रखा। आने वाले कुछ सालों के बाद आप भी यह कह पाएं, ऐसी शुभकामनाएं हैं, लेकिन उसके लिए आपको अच्छा काम करके दिखाना पड़ेगा, लोगों को विश्वास में रखना पड़ेगा। आपकी जो छवि बन रही है, उसके आधार पर आप इस देश में इतना लम्बा नहीं रह पाएंगे, मैं यह भी कहना चाहता हूं।

कानून एक बहुत लम्बी प्रक्रिया के बाद बदला गया। इस संसद में तकरीबन 15 घंटे उस पर बहस हुई। 65 सदस्यों ने उसमें हिस्सा लिया। तकरीबन साढ़े सात महीने तक स्थायी कमेटी ने इसका निरीक्षण किया। अध्यक्ष महोदया, आप स्वयं उसकी चेयरमैन थीं। स्टैंडिंग कमेटी के जितने सुझाव आए, उन्हें माना गया। आदरणीय राजनाथ सिंह जी, आदरणीय सुषमा जी भी यहां निराजमान हैं। इन्होंने भी उस बहस में हिस्सा लिया और उसका पूरा समर्थन किया। मैं उनको क्वोट नहीं करना चाहूंगा। 65 सदस्यों ने उस बहस में हिस्सा लिया था। अभी हमारा समय 10-15 मिनट बचा हुआ है। दूसरी बात, ये लोग अमेंडमेंट बहुत लेट लेकर आए हैं उस पर भी मुझे बोलना है। अमेंडमेंट पर बोलने का मौका नहीं मिला, इतनी जल्दबाजी में यह कानून बन रहा है। नौ अमेंडमेंट आज ही सुबह लेकर आए हैं। हमारे दल को उस पर विचार व्यक्त करने का मौका नहीं मिला है। मैं जल्दी से अपनी बात आगे बढ़ाता हूं। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि इतनी जल्दी इसको बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ी। पिछले 10 महीने से जो सरकार है क्या उसने कहीं इसे लागू करके देखा है? क्या देश में सोशल इम्पैक्ट की स्टडी हुई? क्या इस कानून के आधार पर आपने किसानों से उनकी स्वीकृति लेकर भूमि अधिग्रहण करने का प्रयास किया? एक जगह भी नही किया। जैसे ही इनकी सरकार बनी, 27 जून को दिल्ली में एक मीटिंग बुलाई गई कि इस कानून में क्या बदलाव होना चाहिए।

इनका से बदलाव करने का मन था, यह ठीक नहीं है। तीन मुख्य बात इस कानून में है। कन्सेंट को लेकर देश में एक कन्फ्यूजन क्रियट किया गया है। क्या किसान से यह पूछना की आपकी धरती ली जाए या नहीं ली जाए, क्या यह किसान के हक में है या नहीं है? सभी ने कहा कि यह किसान के हक में है। मगर सरकारी कामों के लिए जैसे सड़क बनाने के लिए, नहर बनाने के लिए, बाध्यकारी है। सेक्शन 2 का फर्स्ट क्लॉज और सेंकड क्लॉज की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए कन्सेंट की जरूरत नहीं है, अगर सरकार खुद इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टस बनाती है, सड़क बनाती है, नहर बनाती है, पोर्ट बनाती है और एयरपोर्ट बनाती है तो किसान से सहमति की जरूरत नहीं है, यह हमारे कानून में प्रावधान था। रक्षा में भी सहमति की जरूरत नहीं है। सहमति की जरूरत दो चीजों में है, अगर सरकार प्राइवेट कंपनी के लिए जमीन लेती है, वहां सहमति की जरूरत है, सरकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के लिए जमीन लेती है वहां सहमति की जरूरत है।

माननीय अध्यक्ष : दीपेन्द्र जी अब खत्म कीजिए। आपने अच्छे से बोला।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: यह कानून की आत्मा है, पहली बार इस देश में इस तरह का कानून बना। जिसमें किसान से पूछने का प्रावधान हुआ और सभी ने उसका समर्थन किया। आज आर्डिनेंस के माध्यम से बहुमत के घमंड में उसको बदलने की कोशिश कर रहे हैं। किसान से उसका अधिकार वापस लेने का प्रयास हो रहा है। देश देख रहा है, किसान को पहली बार 120 साल के बाद अपना विचार व्यक्त करने का मौका मिला था। उसे अपना अधिकार मिला था, उसे इस तरीके से खंडित किया गया और इसे खंडित किस चीज के लिए किया जा रहा है। प्राइवेट प्रोजेक्ट और पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप प्रोजेक्ट के लिए किए जा रहे हैं। आदरणीय मंत्री जी ने भी राज्य सभा में बहस में हिस्सा लिया था। उस बहस में यूपीए सरकार द्वारा लाए इस कानून की भूरी-भूरी प्रशंसा की थी। मगर मैं उनको क्वोट नहीं करना चाहता। एक चीज जरूर कहना चाहूंगा क्योंकि मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। आपने कहा था कि केवल 70 प्रतिशत कन्सेंट से काम नहीं चलेगा। I am quoting you verbatim. मंत्री जी ने राज्य सभा हिस्सा लेते हुए एक साल पहले कहा था So, what I want is, if those 80 per cent or 70 per cent families as well as those who have 70 per cent quantum of land agree for such thing, then it is all right. उन्होंने कहा था कि केवल परिवार के साथ काम नहीं चलेगा। जिनके पास 70-80 प्रतिशत भूमि है उनकी भी सहमति लेनी चाहिए, यह भी आपने एक सुझाव दिया था। ...(व्यवधान) आप हमारी बात को दबा नहीं पाएंगे, हमारा समय भी पूरा नहीं हुआ है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। ये आर्डिनेंस लेकर आए हैं, 120 साल के बाद सब की सहमति से कानून बदला था, संसद की पवित्रता होती है, संसद की सहमति से

कानून बना था। उस बारे में अब हमें अच्छी तरह से विचार भी व्यक्त नहीं करने दिया जा रहा है। मैडम, लोकतंत्र की रक्षा और सुरक्षा करना आपका दायित्व है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं, राव इन्द्रजीत सिंह जी बैठे हैं। अभी पीछे भावल में, दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कोरीडोर में एक लोजेस्टिक्स हब्स बन रहा है। उसके लिए 3 हजार एकड़ जमीन एक्वायर हो रही थी। वहां के किसान आये। ...(व्यवधान) उन्होंने कहा कि हमें जमीन एक्वायर नहीं करनी है। आपने सिफारिश की कि इसे एक्वायर नहीं करनी चाहिए। ...(व्यवधान) सरकार ने फैसला लिया कि उसे एक्वायर नहीं करनी चाहिए। उसके 20 किलोमीटर दूर के किसानों ने आकर कहा कि हमारी जमीन एक्वायर कीजिए। ...(व्यवधान) 20 किलोमीटर दूर के किसान इसके लिए तैयार हैं। ...(व्यवधान) इसमें किसान की सहमति से काम हो सकता है। ...(व्यवधान) किसान की सहमति से विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है। ...(व्यवधान) इस देश में किसान को विकास विरोधी बताया जा रहा है। यह इस देश का दुर्भाग्य है। ...(व्यवधान) इसका एक और सैक्शन 24 (बी) है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : दीपेन्द्र जी, आप कितना समय और लेंगे? आपको कितना समय चाहिए?

...(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: सैक्शन 24(2) में, अभी पूनम म्युनिसिपल कार्पोरेशन वर्सेज हरचंद लाल सोलंकी केस को कोट किया गया। यह सही कोट किया गया। सुप्रीम कोर्ट की सात जजमेंट आयी हैं, जिसमें इस कानून के आधार पर हजारों एकड़ जमीन उन किसानों को वापस दी गयी, जिसमें रेट्रोस्पेक्टिव एप्लीकेशन हुई है और पिछले पांच साल से जिस जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। हजारों एकड़ जमीन उन किसानों को वापस देने का काम सुप्रीम कोर्ट ने किया है। ...(व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को सही माना है, मगर उस क्लाज को आज यह खत्म कर रहे हैं। ...(व्यवधान) जिस देश में पांच सौ केसेज सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं। जहां किसान इस कानून के तहत अपनी जमीन वापस लेना चाहते हैं, आज इस कानून के बाद उन किसानों को जमीन वापस नहीं मिलेगी, मैं यह भी बताना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

इस कानून का दूसरा मूल सिद्धांत सोशल इम्पैक्ट स्टडी है। सोशल इम्पैक्ट स्टडी को पूरी तरह से ...(व्यवधान) मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। सोशल इम्पैक्ट स्टडी को पूरी तरह से नकारने का काम किया गया है। मैं समझता हूं कि सोशल इम्पैक्ट स्टडी इस कानून का एक मूल सिद्धांत है, इसलिए इस पर भी ध्यान दिया जाये। जहां तक कम्पेनसैशन की बात है, तो मैं समझता हूं कि पूरे सदन के दबाव में आकर जो चार गुना और दो गुना कम्पेनसैशन मार्केट रेट के आधार पर रखने का फैसला हुआ था, वह इन्होंने मान लिया है, मगर उसे प्रदेशों पर छोड़ने की बात हो रही है। यह बहुत खतरनाक बात है, क्योंकि प्रदेशों को यह अधिकार प्राप्त था, तभी हरियाणा में दिसम्बर में जो नोटीफिकेशन आया, उसमें चार

गुना और दो गुना के बजाय एक गुना मार्केट रेट जितना कम्पेनसैशन देने का फैसला सरकार ने किया। ...(व्यवधान) यह नोटीफिकेशन हरियाणा सरकार का है। यह प्रदेशों पर कतई न छोड़ा जाये, ऐसी हम मांग करते हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, अंत में, मैं दो सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। एक यह है कि जिन किसानों ने पिछले 60 सालों से विभिन्न सरकारों में, प्रदेश सरकारों में अपनी जमीन देकर इस देश का निर्माण करने का काम किया है, उनके लिए केन्द्र सरकार की नौकरियों में कम से कम दो प्रतिशत का आरक्षण होना चाहिए, ताकि उनके परिवार ...(व्यवधान) जिन्होंने इस देश को बनाने में अपनी धरती मां का बलिदान दिया, उनके लिए नौकरियों में दो प्रतिशत का आरक्षण होना चाहिए। ...(व्यवधान) जनता इसे देख रही है। हम आज जो बात कह रहे हैं, उसे लोग देख रहे हैं। ...(व्यवधान) आप किसान की बात को कितना सुन रहे हैं, यह भी लोग देख रहे हैं। उसके साथ-साथ मैं समझता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। ...(व्यवधान) मेहनतकश जग वालों से ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, आप अपनी बात कम्पलीट कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: मैं किसान की बात को कनक्लूड कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

हम मेहनतकश जगवालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे,
एक खेत नहीं, एक बाग नहीं, हम पूरी दुनिया मांगेंगे,
ये पर्वत-पर्वत हीरे हैं या सागर-सागर मोती हैं,
ये सारा माल हमारा है, हम पूरा खजाना मांगेंगे।

आप किसान का हक छीनने का काम न करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री नन्दकुमार सिंह चौहान (खंडवा) : अध्यक्ष महोदय, मैं उस क्षेत्र से आता हूं, जहां देश में सर्वाधिक भूमि अधिग्रहण हुआ है। इंदिरा सागर बांध, जिसमें 280 गांवों की जमीन, 280 डूबे हैं वहां सरकार ने जमीन अधिग्रहित की। ओंकारेश्वर बांध, जिसमें 37 गांव डूबे हैं, वहां के किसानों ने राष्ट्र, प्रदेश के हित में अपनी जमीनें दीं और सरकार ने जो मुआवजा दिया, वह मुआवजा लिया। आज मेरे खंडवा लोक सभा क्षेत्र की हालत बदल चुकी है। पहले हमारे यहां के किसानों के बच्चे शहरों में मजदूरी करने जाते थे, सिक्योरिटी गार्ड बनकर काम करते थे। आज लाखों एकड़ जमीन सिंचित हुई है और वे सब लौटकर आए हैं। वे सिंचित जमीन में अपने परिवार के साथ फसल पैदा करके राष्ट्र के लिए, अपने परिवार के लिए काम कर रहे हैं।

